RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 336
नई दिल्ली, सोमवार, 17 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जो भी भारत पर बुरी नजर डालेगा मुंहतोड़ जवाब देंगे

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए आज मतदान

## बुधवार को आएगा नतीजा, 137 साल के इतिहास में छठी बार अध्यक्ष पद के लिए होगा मुकाबला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए तैयारी करते कर्मचारी

- एआईसीसी मुख्यालय समेत देशभर के 65 से अधिक केंद्रों पर पड़ेंगे वोट
- 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर का कोई व्यक्ति बनेगा पार्टी अध्यक्ष

**कांग्रेस** के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित चुनाव में अंतिम क्षणों में दोनों उम्मीदवारों एम. मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही नेताओं ने अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को पक्ष में करने के लिए तरकश से एक से बढ़कर एक तीर निकाले। खड़गे ने जहां स्पष्ट कहा कि यदि वह अध्यक्ष बनते हैं तो गांधी परिवार से सलाह-मशविरा लेने में हिचक महसूस नहीं करेंगे। वहीं, थरूर ने अपने उन सहयोगियों पर हमला बोला जो कह रहे थे कि वे जानते हैं कि सोनिया गांधी किसे निर्वाचित करना चाहती हैं। ऐसे नेताओं को थरूर ने 'नेतागिरी' करने वाला बताया।

एआईसीसी मुख्यालय और देश भर के 65 से अधिक मतदान केंद्रों पर सोमवार को ही मतदान होगा। इसमें कुल 9,000 से अधिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के प्रतिनिधि गुप्त मतदान के जरिए पार्टी प्रमुख को चुनेंगे। विशेष बात यह कि इस चुनाव के साथ पार्टी एक इतिहास रचेगी। पार्टी के 137 साल पुराने इतिहास में ऐसा छठीं बार हो रहा है जब अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर का कोई व्यक्ति पार्टी की कमान संभालने जा रहा है।

पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा एआईसीसी मुख्यालय में मतदान कर सकती हैं, वहीं भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी कर्नाटक के संगनाकल्लू स्थित बेल्लारी में अपने विश्राम शिविर में लगभग 40 अन्य भारत यात्रियों के साथ मतदान करेंगे। ये भारत यात्री पीसीसी के प्रतिनिधि हैं। चुनाव से एक दिन पहले अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बात जोरदार तरीके से रखी। मल्लिकार्जुन खड़गे प्रतिनिधियों के साथ भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयास करते दिखे तो स्पष्टवादिता के लिए विख्यात शशि थरूर ने चुनाव से लेकर आगे अध्यक्ष की कार्यपद्धति में पारदर्शिता पर जोर दिया। हालांकि दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि गांधी परिवार का पार्टी में विशेष स्थान है।






खड़गे ने कहा कि यदि वह अध्यक्ष बनते हैं तो पार्टी मामलों को चलाने में गांधी परिवार से सलाह और समर्थन लेने में उन्हें कोई शर्म नहीं होगी। मीडिया से मुखातिब खड़गे ने कहा कि यदि उन्हें मीडिया की सलाह से भी कुछ फायदा होता है तो वह जरूर लेंगे। गांधी परिवार की ओर इशारा करते हुए वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्होंने इस पार्टी के लिए काम किया है और उनकी सलाह लेना मेरा कर्तव्य है। थरूर के लिए उनके संदेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता। थरूर अपने विचार कह रहे हैं, मैं अपने विचार साझा कर रहा हूं। मैं उनके विचारों पर बहस नहीं करना चाहता। यह मैत्रीपूर्ण मुकाबला है। खड़गे ने उन दावों को खारिज कर दिया कि इस चुनाव में किसी रह की धांधली होगी। उधर, थरूर ने संगठन में विकेंद्रीकरण पर जोर दिया, ताकि सभी फैसले दिल्ली में न लिए जाएं। उन्होंने एकपक्षीय बात करने के लिए खड़गे खेमे पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। (शेष पेज 8)

# चीनी सेना लड़ाकू क्षमता को और देगी धार: शी चिनफिंग

- चीनी राष्ट्रपति ने कहा-लड़ने और जीतने के लिए सैन्य प्रशिक्षण, लड़ाकू तैयारियां बढ़ाएंगे
- कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस का सप्ताह भर चलने वाला सत्र बीजिंग में हुआ आरंभ

**एजेंसी।** बीजिंग



बीजिंग में कम्युनिस्ट पार्टी की पांच साल में एक बार होने वाली कांग्रेस में कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करते चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को कहा कि उनकी अगुवाई में चीन की सेना रणनीतिक प्रतिरोध की मजबूत प्रणाली बनाने के साथ ही लड़ने और जीतने के लिए सैन्य प्रशिक्षण तथा लड़ाकू तैयारियों को तेज करेगी। शी ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की पांच साल में एक बार होने वाली कांग्रेस में अपनी कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। कांग्रेस का सप्ताह भर चलने वाला सत्र रविवार को यहां शुरू हुआ। उन्होंने कहा, हम सैन्य प्रशिक्षण तेज करेंगे और हर स्तर पर लड़ाकू तैयारियों को बढ़ाएंगे ताकि हमारे सशस्त्र बल लड़ें और जीतें। पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की सर्वोच्च कमान केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) की अगुवाई करने वाले शी ने अपनी 63 पन्नों की रिपोर्ट में एक विशेष हिस्सा सेना को समर्पित किया है। भारत-चीन सीमा पर, विशेषकर मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में टकराव की स्थिति को देखते हुए शी की योजना भारतीय सैन्य बलों के लिहाज से भी गौर करने वाली लगती हैं। चीन की पीएलए की हमले वाली कार्रवाइयों के कारण मई 2020 में टकराव पैदा हुआ था जिसके बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया था।

दोनों पक्षों ने 16 दौर की वार्ता के माध्यम से कुछ मुद्दों का हल निकाला है और लंबित विषयों के समाधान के लिए और अधिक बातचीत करने पर सहमत हुए हैं। शी ने स्थानीय जंग और सीमा मुद्दों का जिक्र करते हुए किसी देश विशेष का नाम नहीं लिया। हालांकि सीपीसी की कांग्रेस में चीन के सैन्य कमांडर की फबाओ पीएलए की ओर से शामिल 304 प्रतिनिधियों में शामिल थे। फबाओ जून 2020 में गल्वान घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ संघर्ष में घायल हो गए थे। शी और अन्य नेताओं के कार्यक्रम स्थल में ग्रेट हॉल ऑफ पीपल पहुंचने से पहले वहां बड़ी स्क्रीनों पर पीएलए के गलवान में हुए संघर्ष के वीडियो फुटेज के हिस्से चलाए गए जिसमें की फबाओ शामिल थे।अपनी रिपोर्ट में शी ने कहा कि 2027 में पीएलए के पूर्ण सत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करना तथा चीन के सशस्त्र बलों को और अधिक तेजी से विश्वस्तरीय मानकों तक पहुंचाना एक आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण के लिए रणनीतिक कार्य हैं। उन्होंने कहा, हम रणनीतिक प्रतिरोध की मजबूत प्रणाली स्थापित करेंगे, नई लड़ाकू क्षमताओं के साथ नए क्षेत्रीय बलों का अनुपात बढ़ाएंगे, मानवरहित एवं कुशाग्र लड़ाकू क्षमताओं के विकास को गति प्रदान करेंगे और नेटवर्क सूचना प्रणाली के समन्वित विकास और अनुप्रयोग को बढ़ावा देंगे। शी ने कहा, हम संयुक्त परिचालनों के लिए कमान प्रणाली को उन्नत करेंगे और निगरानी और त्वरित चेतावनी, संयुक्त हमलों, युद्ध क्षेत्रों में सहयोग एवं एकीकृत साजो-सामान समर्थन के लिए अपनी प्रणाली और क्षमता का विस्तार करेंगे। (शेष पेज 8)

# यूपी में सांड, नीलगाय के हमले में मौत पर परिजनों को मुआवजा

- चार लाख रुपये मिलेंगे, सरकार ने इसे आपदा की घटनाओं की सूची में किया शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** में सांड और नीलगाय के हमले में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजन को अब चार लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा क्योंकि राज्य सरकार ने ऐसी घटनाओं को आपदा की घटनाओं की सूची में शामिल किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के जरिए राज्य आपदा की सूची में यह नई प्रविष्टि की गई है। इस सप्ताह के अंत में जारी अधिसूचना में सांड और नीलगाय के हमले के कारण हुई मौतों को राज्य आपदा घोषित किया गया है। अब तक बेमौसमी अत्यधिक बारिश, आकाशीय बिजली गिरने, तूफान, लू, नौका दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर की सफाई के दौरान मौत, गैस के उत्सर्जन, बोरवेल में गिरने, मानव-पशु संघर्ष और कुएं में डूबने से हुई मौतों को इस सूची में शामिल किया गया था। नदी, झील, तालाब, नहर, खाई और झरने को पहले ही राज्य आपदा (राज्य आपदा) के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य आपदा घटना के मामले में मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जाता है। सरकार का यह निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस वर्ष हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में विपक्ष ने राज्य में भाजपा सरकार पर हमला करने के लिए आवारा मवेशियों की समस्याओं का उल्लेख किया था। (शेष पेज 8)

# हिंदी थोपने की कोशिश न की जाए : स्टालिन

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई




**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को संसदीय समिति की उस सिफारिश का कड़ा विरोध किया, जिसमें यह प्रस्ताव किया गया है कि कुछ खास नौकरियों के लिए उम्मीदवारों को हिंदी भाषा की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी को विभिन्न तरीकों से थोपने की कोशिशें आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में स्टालिन ने आधिकारिक भाषाओं पर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट के बारे में मीडिया में आई खबर का हवाला दिया है। स्टालिन ने कहा, खबर के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी है, जिसमें सिफारिश की गई है कि हिंदी को आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में निर्देश का अनिवार्य माध्यम बनाया जाना चाहिए तथा अंग्रेजी की जगह हिंदी को दी जाए। (शेष पेज 8)

# सीबीआई आज करेगी सिसोदिया से पूछताछ

**आबकारी नीति मामला**

- आम आदमी पार्टी का दावा- केंद्रीय जांच एजेंसी डिप्टी सीएम को आज कर लेगी गिरफ्तार
- केजरीवाल ने आजादी की दूसरी लड़ाई और सिसोदिया व सत्येंद्र जैन को भगत सिंह बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उपमुख्यमंत्री** मनीष सिसोदिया को सीबीआई के समन से राजधानी दिल्ली में राजनीति गर्मा गई है। एजेंसी ने दिल्ली की आबकारी नीति को बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में पूछताछ के लिए सिसोदिया को सोमवार को तलब किया है। आप नेताओं पर सीबीआई और ईडी के छापों व पूछताछ के सिलसिले को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से जोड़कर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे आजादी की दूसरी लड़ाई बताया और सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन को आज का भगत सिंह करार दिया।

आम आदमी पार्टी ने रविवार को दावा किया कि गुजरात में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है। इसीलिए सिसोदिया को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गुजरात और हिमाचल प्रदेश दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से चुनाव मैदान में डटी है और दिल्ली में जांच एजेंसियों की सक्रियता को गुजरात चुनाव से जोड़कर देख रही है। विवाद के बाद वापस ली जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति में भ्रष्टाचार को लेकर संघीय जांच एजेंसी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया को सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे सीबीआई मुख्यालय में पेश होने को कहा है। सिसोदिया ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि उनके घर 14 घंटे सीबीआई की छापेमारी की गई, कुछ नहीं निकला। उनके बैंक लॉकर की तलाशी ली गई, उसमें भी कुछ नहीं निकला। गांव गए, वहां भी इन्हें कुछ नहीं मिला। अब उन्होंने कल पूर्वाह्न 11 बजे सीबीआई मुख्यालय बुलाया गया है। सिसोदिया ने कहा कि वह जाएंगे और एजेंसी के साथ पूरा सहयोग करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में इंडो स्पिरिट्स के मालिक समीर महेंद्रू, गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा और इंडिया अहेड न्यूज़ के प्रबंधक निदेशक एम. गौतम सहित कई लोगों से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं ओनली मच लाउडर के (शेष पेज 8)

# चीन की निगरानी के लिए भारत ने तैनात की थी अपनी पनडुब्बी

- हिंद महासागर में नौ महीने के सफल मिशन के बाद मुंबई स्थित अपने बेस में लौटी आईएनएस वेला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**हिंद महासागर** में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में करीब नौ महीने तक अपनी पनडुब्बी को तैनात रखा था। पिछले शनिवार को मुंबई स्थित अपने बेस में लौटने से पहले भारतीय पनडुब्बी जनवरी से महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों पर गश्त करते हुए चीन पर करीबी नजर रख रही थी। पहली बार ऐसा हुआ जब नौसेना ने रविवार को अपने पनडुब्बी बेड़े के ऑपरेशन को सार्वजनिक किया। रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हिंद महासागर में अपनी पहुंच और क्षमता का प्रदर्शन कर नौसेना ने शत्रुओं को एक संदेश दिया है। पश्चिमी कमान नेवी ने रविवार को अपने एक ट्वीट संदेश में कहा कि देश में ही निर्मित और डीजल चालित पनडुब्बी वेला 8.5 माह की सक्रिय तैनाती के बाद अपने बेस में लौट आई है। ट्वीट में कहा गया है कि हिंद महासागर क्षेत्र में बेहद कामयाब मिशन के दौरान पनडुब्बी ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। भारतीय नौसेना की छह कलावरी क्लास की पहले बैच की पनडुब्बियों में आईएनएस वेला चौथी पनडुब्बी है। ये डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जो स्कॉर्पियन क्लास पर आधारित है। इसको फ्रेंच नेवल डिफेंस एंड एनर्जी ग्रुप डीसीएनएस ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक लिमिटेड में किया गया है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,919 | |
| निफ्टी | 17,185 | |
| सोना | 51,098 | /10g |
| चांदी | 57,477 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नए कोरोना टीके स्वास्थ्य मंत्रालय नहीं खरीदेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अब अपने अंतिम चरण में है और स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि वह अब से और कोविड-19 टीके नही खरीदेगी। इसी के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने 4,237 करोड़ रुपए (वर्ष 2022-23 में टीकाकरण के लिए आवंटित बजट का करीब 85 फीसदी) वित्त मंत्रालय को वापस कर दिए है। 1.8 करोड़ से अधिक टीके की खुराकें अब भी केंद्र और सरकार के भंडारण गृहों में मौजूद है, जो छह महीने तक टीकाकरण अभियान चलाने के लिहाज से पर्याप्त है। अधिकारियों ने कहाकि कोविड-19 के मामले घटने के कारण टीका लगवाने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है। यदि सरकार के पास टीका खत्म हो जाता है, तो भी यह बाजार में उपलब्ध होगा।

# उद्धव की शिवसेना प्रत्याशी के समर्थन में आएं राज ठाकरे

- भाजपा से लटके के खिलाफ उम्मीदवार न उतारने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** में होने वाले उप-चुनाव से ठीक पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से खास अनुरोध किया है। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर कहा है कि बीजेपी को चाहिए कि वो आगामी उपचुनाव में रुतुजा लटके जो अपने पति रमेश लटके के निधन के बाद इस सीट से शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं, के खिलाफ कोई उम्मीदवार ना उतारे, ताकि रुतुजा लटके जीत सकें। रमेश लटके अंधेरी पूर्व से विधायक थे, उनके निधन के बाद यह सीट खाली हुई है। राज ठाकरे ने आगे लिखा कि अगर हम ऐसा करते हैं तो यह रमेश लटके के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। (शेष पेज 8)

### शिंदे गुट के साथ आए बाल ठाकरे के पोते निहार

**मुंबई।** शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के पोते निहार ठाकरे ने कहा है कि वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट का समर्थन करते हैं और आगामी अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव के साथ-साथ बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए तैयार हैं। निहार ने चुनावी राजनीति में शामिल होने से भी इंकार नहीं किया। शिवसेना के विधायक रमेश लटके के निधन के कारण अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराना अनिवार्य हो गया है। (शेष पेज 8)

# टीवी अदाकारा वैशाली ठक्कर ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** इंदौर



**टेलीविजन** अदाकारा वैशाली ठक्कर (29) ने रविवार को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारी आर डी कनवा ने बताया कि आसपास के निवासियों की सूचना पर पुलिसकर्मियों ने साई बाग कॉलोनी में ठक्कर के घर का दरवाजा खोला जहां वह कमरे में पंखे से लटकी मिलीं। अभिनेत्री को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अभिनेत्री के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है लेकिन इसमें लिखी बातों का अभी खुलासा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह जांच का विषय है। (शेष पेज 8)

# प्रधानमंत्री ने 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों का किया उद्घाटन

- कहा, फोन बैंकिंग के बजाय डिजिटल बैंकिंग अपनाने से भारत सतत वृद्धि की राह पर बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डिजिटल बैंकिंग इकाइयों का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारत की सतत आर्थिक वृद्धि का श्रेय भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली अपनी सरकार के प्रयासों को देते हुए रविवार को कहा कि 2014 से पहले की फोन बैंकिंग से आगे बढ़कर डिजिटल बैंकिंग को अपनाने से यह संभव हो पाया है। पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि फोन बैंकिंग के दौर में बैंकों को फोन पर ये निर्देश दिए जाते थे कि उन्हें किसे और किन शर्तों पर कर्ज देना है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले की फोन बैंकिंग की जगह डिजिटल बैंकिंग का उपयोग करते हुए सतत वृद्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर की दो डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) समेत कुल 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि ए इकाइयां वित्तीय समावेश का विस्तार करेंगी और नागरिकों के बैंकिंग अनुभवों को बेहतर बनाएंगी। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति का सीधा संबंध इसकी बैंकिंग प्रणाली की मजबूती से है। मोदी ने कहा कि देश 2014 से पहले की फोन बैंकिंग प्रणाली से आगे बढ़कर बीते आठ वर्षों में डिजिटल बैंकिंग को अपना चुका है जिससे भारत लगातार आगे बढ़ा है। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार मई 2014 में सत्ता में आई थी। मोदी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने पारदर्शिता को केंद्र में रखते हुए बैंकिंग प्रणाली में बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा, गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) की पहचान में पारदर्शिता लाने से बैंकिंग प्रणाली में लाखों करोड़ रुपए वापस आए हैं। हमने बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया, जानबूझकर चूक करने वालों के खिलाफ कार्वाई की और भ्रष्टाचार-रोधी कानून में सुधार किए। उन्होंने कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) को अमल में लाने से बैंकिंग क्षेत्र के एनपीए के पारदर्शी एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान में मदद मिली। डिजिटल बैंकिंग इकाइयों और फिनटेक के नवोन्मेषी उपयोग को लाभकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे बैंकिंग प्रणाली में नई स्वचालित प्रणाली बनी है। मोदी ने कहा, हमने बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। (शेष पेज 8)

# यमुना फिल्म सिटीः एक बार फिर ग्लोबल टेंडर जारी

## बड़े पर्दे, टेलीविजन और ओटीपी को लेकर होगी अलग-अलग सुविधाएं विकसित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट यमुना फिल्म सिटी का एकबार फिर ग्लोबल टेंडर जारी कर दिया गया है। इस बार भारत समेत एशिया, यूरोप और अमेरिका के देशों में यह टेंडर जारी किया गया है।

आपको बता दें कि यह दुनिया की इकलौती फिल्म सिटी होगी, जहां ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अलग जगह दी जाएगी। यमुना फि ल्म सिटी में बड़े पर्दे, टेलीविजन और ओटीपी को लेकर अलग-अलग सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

राज्य सरकार ने ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे अपनी फि ल्म सिटी बनाने के लिए ग्लोबल टेंडर जारी कर दिया है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने बोली लगाने के लिए अपने दस्तावेजों में कई बदलाव किए हैं। आपको बता दें कि फि ल्म सिटी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बाद इस क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजना है। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में बनने वाली फि ल्म सिटी के लिए गुरुवार को राज्य मंत्रिपरिषद ने संशोधित निविदा एवं रियायत समझौता मसौदे को मंजूरी दी थी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को प्रमुख भारतीय शहरों के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में एक नया वैश्विक टेंडर जारी किया गया है। यह विज्ञापन तीनों देशों के सभी प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया गया है। अरुणवीर सिंह ने आगे कहा पिछली निविदा की प्रतिक्रिया में कमी थीं। अब बोली दस्तावेज में कई बदलाव किए गए हैं। कंसेशन पीरियड और निर्माण योजना में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म और वीएफ एक्स स्टूडियो जैसी नई संस्थाओं को अपने कार्यालय स्थापित करने की अनुमति दी गई है। यह दुनिया की इकलौती फि ल्म सिटी होगी, जहां ओटीटी और वीएफएक्स को जगह दी जा रही है। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर फि ल्म सिटी का निर्माण प्रस्तावित है। सरकार ने पिछले नवंबर में एक रियायतग्राही को चुनने के लिए निविदा जारी की थी। बोली प्रक्रिया शुरू करने से पहले एक बैठक आयोजित की थी। जिसमें लगभग 20 कंपनियों ने भाग लिया था। इस साल जनवरी में राज्य कैबिनेट ने डीबीटी डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट, ट्रांसफर, के आधार पर लागू होने वाले इस प्रोजेक्ट के टेंडर को मंजूरी दी थी। समय सीमा तीन बार बढ़ाई गई, लेकिन सिर्फ एक कंपनी ने आवेदन किया। आठ सदस्यीय सार्वजनिक.निजी भागीदारी पीपीपी बोली मूल्यांकन समिति ने जुलाई में इस बोली को रद्द कर दिया। क्योंकि वह एक कम्पनी भी कंपनी आवश्यक दस्तावेज जमा करने और निविदा फ ॉर्म के साथ बयाना राशि जमा करने में विफल रही थी।

### परियोजना में 5 व्यापक बदलाव

*निवेशकों, हितधारकों और भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई से सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर सरकार ने शर्तों में संशोधन करने का फैसला किया। कुल मिलाकर प्रोजेक्ट में पांच बड़े बदलाव किए गए हैं, जो इस प्रकार हैं।*



**1. निवेशकों द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लेने के मुख्य कारणों में से एक रियायत अवधि पर केवल 40 साल की सीमा थी। इसे बढ़ाकर 60 साल कर दिया गया है। इसे 30 साल और बढ़ाने का प्रावधान है। मतलब, फि ल्म सिटी डेवलप करने वाला प्राइवेट पार्टनर 90 वर्षों तक यहां कारोबार कर सकेगा।**

**2. एक और बड़ा बदलाव यह है कि राज्य सरकार परियोजना को डिजाइन करने से दूर हो रही है। अब छूटग्राही को अपने ढंग से पूरे प्रोजेक्ट को डिजाइन करने का अधिकार मिलेगा।**

**3. अनुमानित लागत को 10000 करोड़ रुपये से संशोधित करके 7210 करोड़ रुपये भूमि पर खर्च घटाकर कर दिया गया है।**

**4. परियोजना को सार्वजनिक.निजी.भागीदारी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। एक डेवलपर की तकनीकी, वित्तीय योग्यता और अनुभव आवश्यकताओं में भी संशोधन किए गए हैं।**

**5. परियोजना में ओटीटी और वीएफ एक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों व प्लेटफॉर्म्स को अलग जगह देने का निर्णय लिया गया है।**

## बेडरूम में मिली महिला की लाश, सुसराल वालों पर हत्या का आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिहानी गेट इलाके में एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और छानबीन शुरू कर दी है।

रूप से बुलंदशहर जिले में खानपुर थाना क्षेत्र के गांव जरिया आलमपुर निवासी संजय ने अपनी बहन पूजा की शादी डेढ़ साल पहले कस्बा जहांगीराबाद निवासी मदनलाल से की थी। वर्तमान में मदनलाल अपनी पत्नी पूजा और अन्य परिवारीजनों के साथ गाजियाबाद में सिहानी गेट थाना क्षेत्र की डीएम कॉलोनी ब्लॉक एक में रह रहा था। संजय ने बताया कि ससुरालवाले अक्सर दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। 15 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे पूजा ने संजय को फोन करके बताया कि भैया मेरे साथ ससुरालवाले मारपीट कर रहे है।

## ग्रेटर नोएडा का सीमेंट व्यापारी आबूधाबी से सकुशल लौटा, लगे मोदी की जय के नारें

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सीमेंट व्यापारी प्रवीण शर्मा की आबूधाबी से शनिवार देर रात भारत वापसी हो गई। एयरपोर्ट पर प्रवीण शर्मा को लेने के लिए उनके परिजन पहुंचे हुए थे।

प्रवीण शर्मा को देखते ही सभी के चेहरे खिल गए। एयरपोर्ट पर ही भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगे। परिजन खुशी.खुशी प्रवीण शर्मा को लेकर ग्रेटर नोएडा हबीबपुर अपने घर आ गए।दरअसल, प्रवीण शर्मा 11 अक्टूबर को अपनी पत्नी के साथ स्विजरलैंड घूमने निकले थे। उन्होंने दिल्ली से फ्लाइट ली। इसके आगे आबू धाबी में फ्लाइट बदलकर उन्हें स्विजरलैंड के लिए जाना था। लेकिन आबूधाबी पुलिस ने उन्हें शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि उनका चेहरा एक वांटेड अपराधी से मिलता है।

वहां उन्होंने और उनकी पत्नी ने कई तर्क दिए। लेकिन आबूधाबी पुलिस ने दोनों की एक न सुनी और उनकी पत्नी को भारत डिपोर्ट कर दिया गया। जबकि प्रवीण शर्मा को वहीं रोक लिया गया। जिसके बाद परिजनों ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर सुहास एलवाई से न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने पत्र लिखकर विदेश मंत्रालय से प्रवीण शर्मा को रिहा करने की मांग की थी। विदेश मंत्रालय की दखल के बाद प्रवीण को आबूधाबी पुलिस ने छोड़ दिया था। शनिवार रात को प्रवीण शर्मा दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे।

इसके बाद वहां से ग्रेटर नोएडा हबीबपुर अपने घर पहुंच गए है। आबूधाबी पुलिस के अनुसार प्रवीण शर्मा का चेहरा और जन्मतिथि भारत के किसी वांटेड अपराधी से मिलती है। जिसके आधार पर उन्हें रोका गया था। भारत सरकार के प्रयासों से प्रवीण शर्मा के सभी पेपरों की जांच करने के बाद आबूधाबी पुलिस को सौंपी गई।

## गाजियाबाद में सेप्टिक टैंक में उतरे दो सफाईकर्मियों की मौत

- जहरीली गैस से हुई मौत, नगर निगम की टीम ने टैंक से बाहर निकला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में रविवार सुबह सेप्टिक टैंक साफ करते समय दो सफाईकर्मियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई।

पुलिस और नगर निगम की टीम ने टैंक को तोड़कर दोनों के शव बाहर निकाले और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने बताया कि मरने वाले दोनों युवकों का नाम सुनील था और वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले में खुर्जा के रहने वाले थे। यह दोनों व्यक्ति गाजियाबाद में प्राइवेट रूप से सेप्टिक टैंक की सफाई का काम करते थे। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे दोनों व्यक्ति खोड़ा इलाके की इंदिरा गार्डन सोसाइटी में एक मकान का सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए गए थे। पहली बार उन्होंने टैंक को कुछ साफ किया और उसका कूड़ा कचरा फेंकने के बाद दोबारा से आ गए। दोबारा पहले एक मजदूर टैंक के अंदर घुसा। जहरीली गैस की चपेट में आने से वो बेहोश हो गया। काफी देर तक जब उसकी आवाज नहीं आई तो दूसरा मजदूर टैंक में नीचे उतरा और वह भी बेहोश हो गया। इसके बाद मकान मालिक ने लोकल पुलिस स्टेशन को फोन करके इस घटनाक्रम से अवगत कराया। फिर थाने की पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची।

किसी बड़े हादसे की आशंका के मद्देनजर टीम ने सेप्टिक टैंक को तोड़ना ही उचित समझा, ताकि जहरीली गैस की घुटन काम हो सके। इसके बाद दोनों सफाई कर्मियों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उनको मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों खुर्जा के रहने वाले थे। यहां खोड़ा में ही रह रहे थे। उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी।

### दो मुठभेड़ों में तीन बदमाशों को मारी गोली

**नोएडा।** नोएडा में त्योहारों के मौके पर मोबाइल और चेन स्नेचिंग के मामले बढ़े हैं, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में नोएडा पुलिस ने 3 घंटे के अंतराल में अलग.अलग दो थाना क्षेत्रों सेक्टर-58 और सेक्टर-39 में एनकाउंटर करते हुए तीन बदमाशों को गोली मारकर घायल करते हुए गिरफ्तार किया है। नोएडा पुलिस और बदमाशों के बीच पहली मुठभेड़ थाना सेक्टर-58 में हुई। नोएडा जोन के एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इनमें से एक बदमाश की पहचान राज पुत्र संजू और दूसरे की रितिक पुत्र विजेंदर के रूप में हुई है। दूसरी मुठभेड़ सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में हुई। बदमाश की पहचान सुथियाना गांव निवासी विपिन के रूप में हुई है। उसके खिलाफ 15 मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं।

### छात्र को पीटने वाला वांछित टीचर गिरफ्तार

**नोएडा।** बादलपुर पुलिस ने छात्र की मौत के मामले में फ रार चल रहे आरोपी अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया है। अध्यापक ने स्कूल में छात्र की पिटाई की थी। जिससे छात्र चोटिल हो गया था और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने एक सप्ताह से फ रार चल रहो आरोपी अध्यापक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 8 अक्टूबर को बादलपुर के कैप्टन सांवलिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 के छात्र प्रिंस कुमार की अध्यापक शोवरण द्वारा पीटने से मौत हो गयी थी। अध्यापक ने छात्र की पिटाई की थी और उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उसको लेकर अस्पताल में गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और पुलिस ने 9 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

### सौर ऊर्जा से संचालित होंगे परिषदीय स्कूल

**नोएडा।** नोएडा में संचालित होने वाले स्कूलों को मॉडल बनाने के लिए प्राधिकरण ने कदम बढ़ा दिया है। शहर में संचालित 100 परिषदीय स्कूल में स्थायी रूप से बिजली की व्यवस्था की जा रही है। इन स्कूलों को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। प्रत्येक स्कूल पर पांच किलोवॉट का सोलर कनेक्शन किया जाएगा। इसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका बजट तैयार करने का निर्देश विद्युत यांत्रिकी विभाग को नोएडा प्राधिकरण की रितु माहेश्वरी ने दे दिया है। प्रत्येक स्कूल पर करीब पांच लाख रुपए से अधिक का खर्च सौर ऊर्जा कनेक्शन के रूप में आएगा। इस योजना से नोएडा प्राधिकरण का आर्थिक भार कम होगा। वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण ही परिषदीय स्कूलों की बिजली का बिल भरती है। रितु माहेश्वरी ने बताया कि इससे शहर में लगातार बढ़ रही बिजली की डिमांड को कम किया जा सकेगा।

### मामूली बात पर युवक पर जानलेवा हमला

गाजियाबाद। भोजपुर थाना क्षेत्र के नंगलाबेर गांव में मामूली कहासुनी के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की मांग की। नंगलाबेर गांव में सोनू परिवार के साथ रहते हैं। सोनू के अनुसार शनिवार शाम को वह अपने खेतों की ओर जा रहे थे। इस दौरान सोनू की गांव के युवक के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि झगड़े के दौरान आरोपी ने युवक पर भारी वस्तु से वार कर घायल कर दिया। हमले में युवक के सिर और आंख में गंभीर चोट आई है।

## 25 हजार से अधिक ने छोड़ी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा

- सख्त निगरानी के बीच पीईटी की परीक्षा संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



सख्त निगरानी के बीच प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया।

सुबह 10 से 12 बजे के बीच पहली पाली में 20754 में से 14755 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 5999 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच के बीच कराई गई, जिसमें 20952 में से 6068 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि जनपद में 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दो दिन की परीक्षा के लिए 83 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत थे। दोनों दिन की बात करें तो कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में से करीब 25 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी पहले दिन की तरह शहर में जाम की स्थिति रही। परीक्षा के चलते दिल्ली.मेरठ मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था और नकलविहीन परीक्षा के लिए 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 40 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा 40 केंद्र व्यवस्थापक तैनात किये गये थे। बडी संख्या में पुलिस के जवान भी तैनात रहे। परीक्षा पर नजर रखने व यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने दौरा भी किया।

## बैंक्वेट हाल व शराब की दुकान का ट्रेड लाइसेंस शुल्क बढ़ाए

- निगम की बोर्ड बैठक में 13 प्रस्ताव पास हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद





गाजियाबाद नगर निगम सीमा में संचालित बैंक्वेट हाल, अस्पताल और शराब की दुकान के ट्रेड लाइसेंस शुल्क में तीन गुना तक बढ़ोतरी कर दी गई है। इसके साथ ही साथ ही अवैध डेयरी संचालकों पर 50 हजार रुपये तक के जुर्माने और पशु जब्त कर नीलामी तक का प्रविधान बन गया है। शनिवार को नगर निगम सभागार में हुई बोर्ड बैठक में इन समेत 24 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से 13 प्रस्ताव पास हुए बाकी को रद कर दिया गया या चर्चा नहीं की गई। बोर्ड बैठक हंगामे के साथ शुरू हुई।

पार्षद आसिफ चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के नाम पर एलिवेटेड रोड, डंपिंग ग्राउंड की जगह प्रताप विहार में बन रहे पार्क और मिर्जापुर के एक सामुदायिक केंद्र का नामकरण करने का प्रस्ताव दिया, जिसको लेकर हंगामा हुआ और पार्षदों में तीखी बहस हुई। इस पर आसिफ व मौहम्मद कल्लन महापौर की सीट के सामने धरने पर बैठ गए। महापौर आशा शर्मा ने लोगों को शांत करा प्रस्ताव नामकरण समिति को भेज दिया। पार्षदों ने सामूहिक रूप से रुके हुए विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। शहर में प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त न होने और जर्जर सड़कों पर काफी बहस के बाद आश्वासन दिया गया कि दोनों कार्य दीवाली से पहले कर लिए जाएंगे।

महापौर आशा शर्मा ने हर वार्ड में 100 स्ट्रीट लाइट लगवाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन नगर आयुक्त डा नितिन गौड़ ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि अधिक से अधिक कार्य कराने की कोशिश करेंगे। नगर निगम कोल्ड्रिंक व पानी आदि बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं से भी हर साल 1500 रुपये वार्षिक ट्रेड लाइसेंस शुल्क के रूप में वसूलेगा, जबकि अभी तक इनसे कोई पैसा नहीं लिया जाता था। इसके अलावा कई का शुल्क बढ़ाया गया है।

## पटाखे जब्त करने गई पुलिस पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला गाजियाबाद में अवैध पटाखा भंडारण की सूचना पर पहुंची पुलिस पर शनिवार रात हमला हो गया। लोगों ने पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी और पुलिसकर्मियों से मारपीट कर दी। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला सहित 14 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है।

इस मामले में 50से ज्यादा लोगों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा डालना और अवैध तरीके से पटाखा भंडारण करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। टीला मोड़ थाने के इंस्पेक्टर भुवनेश कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर की रात 8 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला फरुखनगर में एक मकान में अवैध तरीके से पटाखे बनाए व बेचे जा रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो आरोपियों ने टीम पर हमला कर दिया। इस मामले में आजाद, दिलशाद, शाहिद, इस्माइल, आरिफ, जमशेद, परवेज, शेर खान, मोहम्मद साजिद, इरफान, मुस्तकीम, अरमान, शमीम, शमा को गिरफ्तार किया है।

मौके से करीब 18 बोरी पटाखे बरामद किए हैं। बता दें कि गाजियाबाद के फरुखनगर इलाके में बड़े पैमाने पर पटाखे बनाने और बेचने का काम होता है। यहां हर साल अवैध पटाखे पकड़े जाते हैं। साल 2017 में यहां एक पटाखा गोदाम में धमाका हो गया था, जिसमें करीब 5 लोगों की मौत हो गई थी।

## पुलिस ने गिरफ्तार किए दो चीनी नागरिक

**नोएडा।** नोएडा में एसटीएफ और नालेज पार्क कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने चिट फंड कंपनी बना फ्राड करने वाले दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि चीनी नागरिक क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से अपने देश को ठगी की रकम भेजते थे।

गैंग में सात चीनी नागरिक और रवि कुमार नटवरलाल समेत 5 भारतीय भी शामिल थे। रवि कुमार नटवरलाल और पांच चीनी नागरिकों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

## ऑक्सीजन मैन ने ली गरीब गर्भवती महिलाओं की जिम्मेदारी



गुरप्रीत सिंह रम्मी, श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा के प्रधान एवं खालसा हेल्प इंटरनेशनल के प्रमुख।

**पवनेश कौशिक।** गाजियाबाद

कोरोना महामारी की डेल्टा लहर के दौरान गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के इंदिरापुरम स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में ऑक्सीजन लंगर से सैंकड़ों मरीजों के जीवन की डोर को बांधे रखने वाला खालसा हेल्प इंटरनेशनल अब गरीब गर्भवती महिलाओं का संकटमोचक बन गया है।

संगठन के अध्यक्ष और ऑक्सीजन मैन के नाम से विख्यात गुरुद्वारा प्रमुख गुरप्रीत सिंह रम्मी ने प्रेग्नो-केयर अभियान के जरिए गर्भवती महिलाओं को संपूर्ण जांच, पोषण और सुरक्षित प्रसव की सुविधाएं प्रदान करने की पहल की है।

रम्मी ने बताया कि गुरुद्वारा में संचालित डिस्पेंसरी में गरीब महिलाओं में गर्भावस्था और खुद की सेहत से जुड़ी जानकारियों के अभाव को देखकर प्रेग्नो-केयर को शुरु करने का फैसला लिया। करीब सात महीने पहले एक गर्भवती महिला को गोद लेने के साथ प्रेग्नो-केयर की शुरुआत की गई और फिलहाल 30 गर्भवती महिलाओं के इलाज, जांच और प्रसव की व्यवस्था हम कर रहे हैं। अब तक सरकारी और निजी अस्पतालों की मदद से चार महिलाओं का प्रसव भी कराया गया है। चार महिलाओं आरिफा (23) पत्नी रियाजुद्दीन निवासी गाजियाबाद, मीनाक्षी (24) पत्नी अमित कुमार, निवासी नंदग्राम (गाजियाबाद), काजल कुमारी (21) पत्नी पंकज कुमार निवासी दादरी और आलो (24) पत्नी फैजल निवासी मकनपुर (गाजियाबाद) सभी महिलाओं ने दूसरे बच्चे के रूप में बेटी को जन्म दिया है।



गर्भवती महिलाओं के लिए चलाए जा रहे प्रेग्नो-केयर अभियान से लाभान्वित महिला और नवजात को उपहार प्रदान करते महिंदर सिंह सोढी और गौरव कुमार।

### जब घर पर कराना पड़ा प्रसव

रम्मी ने कहा कि तमाम परामर्श और सहयोग के बावजूद परिजनों की अज्ञानता के कारण ऐसी परिस्थितियां बनी कि काजल का प्रसव दादरी में उसके घर पर ही कराना पड़ा। 29 सितंबर को तड़के चार बजे प्रसव पीड़ा होने पर प्रेग्नो-केयर की सहायक दीपा को फोन किया, जिसने तुरंत स्वास्थ्य सेवा प्रमुख गौरव कुमार को जानकारी दी। कुमार ने डॉक्टर के साथ एक स्वास्थ्य टीम दादरी भेजी। टीम ने पाया कि नवजात के गले में गर्भ नाल फंस गई है। स्वास्थ्य टीम ने ऐसी विषम परिस्थितियों में वहीं प्रसव कराया और जच्चा-बच्चा को गाजियाबाद स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### हेपेटाइटिस-सी पीड़िता के प्रसव में हुई परेशानी

खालसा हेल्प इंटरनेशनल के तहत स्वास्थ्य सेवा का जिम्मा संभाल रहे गौरव ने बताया कि आलो को प्रसव के लिए गाजियाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इस दौरान उसके काला पीलिया (हेपेटाइटिस-सी) से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई। प्रसव के बाद उसे उपचार के लिए लेडी हार्डिंग में भर्ती कराया गया।

### मरीजों को गोद लेने की पहल

*खालसा हेल्प इंटरनेशनल के वरिष्ठ निदेशक हरजोत सिंह चड्ढा ने कहा कि गुरुद्वारा से प्रेग्नो-केयर पहल के तहत खालसा हेल्प गर्भवती महिलाओं की मदद तो कर ही रहा है साथ ही वह संपन्न लोगों और समूहों को भी इसमें योगदान के लिए प्रेरित कर रहा है। इस प्रयास के तहत 10 गर्भवती महिलाओं के खर्च से जुड़ी जिम्मेदारियों को उठाने का कई महिलाओं ने संकल्प लिया है। जो आर्थिक मदद के साथ मानसिक संबल प्रदान कर रही हैं। गाजियाबाद निवासी मेनका सचदेवा ने कहा कि खालसा हेल्प की मदद से मैंने दो गर्भवती महिलाओं की जिम्मेदारी ली है। गौरव कुमार ने बताया कि प्रेग्नो-केयर सिर्फ गर्भवती महिलाओँ के गर्भावस्था और प्रसव तक के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत नवजात के टीकाकरण और अन्य जरूरतों का भी ध्यान रखा जाता है।*

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप सरकार ने तोड़े भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड : नड्डा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामलीला मैदान में आयोजित पंच परमेश्वर सम्मेलन में कांग्रेस व आप पर साधा निशाना

● निगम चुनाव का बिगुल फूंका, विधानसभा के लिए दिल्ली के नेताओं में भरा जोश


पंचपरमेश्वर सम्मेलन में दिल्ली नगर निगम चुनाव का शंखनाद करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य नेता। फोटो रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को रामलीला मैदान से पंचपरमेश्वर सम्मेलन में दिल्ली नगर निगम चुनाव का शंखनाद करते हुए आप सरकार को जमकर घेरा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार घोटालों का पर्याय बन गई है और उसने कांग्रेस द्वारा बनाए गए भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड भी तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव तथा इसके बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप को बुरी तरह हरा देगी।

नड्डा ने एमसीडी चुनावों के मद्देनजर रामलीला मैदान में हुए पंच परमेश्वर सम्मेलन में कहा, आप घोटालों की पार्टी बन गई है। उसने कांग्रेस द्वारा बनाए भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उसे सत्ता से बाहर करने की जरूरत है।

एमसीडी चुनाव इस साल दिसंबर में होने की संभावना है। भाजपा प्रमुख ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने दिल्ली में एक साफ-सुथरी सरकार देने का वादा किया था लेकिन उसने आबकारी विभाग, डीटीसी बसों की खरीद, शौचालयों के निर्माण और दिल्ली जल बोर्ड में घोटाले किए। उन्होंने कहा कि उनके पांच विधायक जमानत पर बाहर हैं। नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली की सत्ता में आई तो वह शराबबंदी लागू करेंगे, लेकिन दिल्ली में आप की सरकार बनने के बाद उन्होंने हर मोहल्ले में शराब के ठेके खोल दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के 745 स्कूलों में कोई प्राचार्य नहीं है, जबकि 70 प्रतिशत स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होती है।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का लक्ष्य पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अन्य राजनीतिक दल रामलीला मैदान के विशाल आकार के कारण यहां रैलियां करने से घबराते हैं। लेकिन भाजपा का महज कार्यकर्ता सम्मेलन ही मैदान भरने के लिए पर्याप्त है। देश में भाजपा इकलौती पार्टी है, जिसका व्यापक आधार है।

उन्होंने कहा कि एमसीडी के तीन भागों में बंटे होने से निधि की कमी हो गई थी, लेकिन भाजपा की दिल्ली इकाई अथक रूप से काम करती रही।

गौरतलब है कि भाजपा ने दिल्ली में पिछले 45 दिन में प्रत्येक मतदान बूथ में पंच परमेश्वर या पांच कार्यकर्ता नियुक्त किए हैं। राजधानी में करीब 13,800 मतदान केंद्र हैं।

### अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

भाजपा प्रमुख ने कहा कि हमें यह समझ नहीं आता कि आप गरीब बच्चों को डॉक्टर कैसे बनाएंगे। लोगों के सामने झूठ फैलाने और झूठे आंकड़े रखना केजरीवाल स्वभाव बन गया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा एमसीडी चुनाव तथा उसके बाद विधानसभा चुनाव में आप को बुरी तरह हराएगी।

दिल्ली के लोगों को आप के भ्रष्टाचार के बारे में बताइए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जो शंखनाद विजय संकल्प के रूप में किया गया है, उसकी आवाज यहां उपस्थित एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से पूरे दिल्ली के दो करोड़ लोगों तक पहुंचने वाली है।

### कोविड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की सेवा

नड्डा ने कहा कि जब अन्य राजनीतिक दलों ने कोविड-19 के दौरान अपने आप को वीडियो सम्मेलनों तक सीमित कर लिया था, तो कार्यकर्ताओं ने अपने आप को देश के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

### आयुष्मान योजना लागू नहीं होने पर घेरा

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर के 10.74 करोड़ गरीब परिवारों एक साल में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया है, लेकिन आप सरकार ने दिल्ली में इसे लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि साथ ही केजरीवाल सरकार अभी तक राष्ट्रीय राजधानी में एक अस्पताल तक नहीं बना पाई है।

### सभी वर्ग को किया मजबूत

नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार की कोई भी योजना ले लीजिए चाहे गरीब कल्याण अन्न योजना, उजाला योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया हो, इन सभी का उद्देश्य दलितों, गरीब लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के वंचित वर्गों को मजबूत करना है।

# सिसोदिया कर रहे एजेंसियों पर दबाव बनाने की राजनीति : भाजपा

● डिप्टी सीएम से पूछताछ को लेकर केजरीवाल की प्रतिक्रिया पर विपक्षी दल ने किया पलटवार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मनीष सिसोदिया को सीबीआई का समन मिलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि वह दिल्ली के उपमुख्यमंत्री होने से ज्यादा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक भ्रष्ट वसूली एजेंट हैं।

केजरीवाल ने रविवार को सिसोदिया और एक अन्य मंत्री सत्येंद्र जैन की तुलना भगत सिंह से करते हुए कहा था कि उनके साथ वही किया गया, जो अंग्रेजों ने भगत सिंह के साथ किया था। इस पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जिन घोटालों में उनके मंत्री आरोपी हैं, उन घोटालों के वह सरगना हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि इन दिनों अरविंद केजरीवाल अपनी तुलना भगवान से और अपने मंत्रियों की तुलना स्वतंत्रता सेनानियों से कर रहे हैं। केजरीवाल को ऐसा करने पर शर्म आनी चाहिए, क्योंकि उनके भ्रष्ट मंत्री उनके खजाने भरने में लगे हैं जबकि भगत सिंह ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित आबकारी घोटाला मामले में सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया है, जिस पर आप ने दावा किया है कि सिसोदिया को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाटिया ने कहा कि पार्टी को जांच एजेंसियों पर दबाव बनाने की राजनीति से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दूसरों को प्रमाण पत्र देना बंद करना चाहिए। भाटिया ने आरोप लगाया कि यदि आपको जांच एजेंसियों का इतना ही डर है, तो आपको भ्रष्टाचार नहीं करना चाहिए था। सिसोदिया उपमुख्यमंत्री से ज्यादा केजरीवाल के भ्रष्ट वसूली एजेंट हैं।

### एम्स में कर्मियों की लगेगी बायोमीट्रिक हाजिरी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में अब बायोमीट्रिक तरीके से कर्मचारियों की हाजिरी दर्ज होगी।

दरअसल, कोरोना काल में संक्रमण के खतरे को देखते हुए बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने की व्यवस्था को बंद कर दिया था। एम्स के निदेशक डॉक्टर एम श्रीनिवास ने नया आदेश जारी किया है, जिसमें फिर से इस व्यवस्था को लागू करने की बात कही गई है।

इसकी शुरुआत निदेशक ने सबसे पहले अपने दफ्तर में बायोमीट्रिक सिस्टम शुरू कर की है। इससे कर्मचारी फर्जी तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सकेंगे।

## नशे में धुत युवकों का दो सगे भाइयों पर हमला, एक की मौत

● चाकू से वार करने के वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिंदापुर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में सगे भाई पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान रोबिन व वरुण के रूप में हुई। घटना में घायल लोहित की मौत हो गई वहीं हमले घायल भाई अनिल का इलाज चल रहा है। दोनों आरोपित वारदात के समय नशे में धुत थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू व आरोपितों के खून से सने कपड़े बरामद कर लिए हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि 15 अक्टूबर की देर रात जेजे कालोनी बिंदापुर स्थित मछली बाजार में दो शख्स पर चाकू से हमला करने की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि दो शख्स घायल अवस्था में सड़क पर बेसुध पड़े हैं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जिसमें लोहित को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# राजधानी की हवा में घुलने लगा प्रदूषण का जहर

● खराब श्रेणी में पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक, अगले तीन दिनों तक नहीं होगा सुधार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पिछले सप्ताह तेज बारिश के बाद स्वच्छ वायु एक बार फिर से जहरीली हो गई है। रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंक के पार कर खराब श्रेणी में पहुंच गया। अगले तीन दिनों के दौरान भी हवा के खराब श्रेणी में ही रहने के आसार हैं। दिल्ली में बीते साढ़े तीन माह से लोगों को साफ सुथरी हवा सांस लेने के लिए मिल रही थी।

मानसून के कारण राजधानी की हवा आमतौर पर मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में रही। पिछले तीन दिन ऐसे भी आए जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 से भी कम यानी अच्छी श्रेणी में भी पहुंच गई। लेकिन, बारिश समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर हवा प्रदूषित श्रेणी में आ गई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 232 के अंक पर यानी खराब श्रेणी में रहा। एक दिन पहले शनिवार को यह सूचकांक 186 के अंक पर रहा था। यानी 24 घंटों के भीतर ही इसमें 46 अंकों की बढ़ोतरी हुई है।

सीपीसीबी के मुताबिक, शाम को चार बजे हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 246 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 105 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम 10 की मात्रा 100 से कम और पीएम 2.5 की मात्रा 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है।

दिल्ली की हवा में अभी प्रदूषण की मात्रा दोगुना से ज्यादा हो गई है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। राजधानी दिल्ली की हवा 25 जून के बाद दूसरी बार खराब हुई है। 25 जून को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 230 के अंक पर रहा था। इसके बाद 05 अक्तूबर के दिन सूचकांक 211 के अंक पर रहा था। बाद में हुई बारिश के चलते हवा में घुले प्रदूषक कण साफ हो गए थे। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच हवा की दिशा मुख्यत: उत्तरी पश्चिमी रहने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति चार से 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रह सकती है। इन कारणों से अगले तीन दिनों के दौरान वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में ही रहने की संभावना है।

### प्रदूषण से निपटने को तेज करें अभियान : आयोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर की सभी संबद्ध संस्थाओं से अभियान तेज करने को कहा है। मालूम हो कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर पांच अक्तूबर को ही ग्रैप का पहला चरण लागू कर दिया गया था।

आयोग ने ग्रैप के पहले चरण को लागू करने के साथ ही 24 सूत्रीय निर्देश जारी किए थे। आयोग ने इन बिन्दुओं पर कार्रवाई तेज करने को कहा है। ताकि, प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके। अगले कुछ दिनों के बीच वायु गुणवत्ता के खराब रहने के ही आसार हैं।

# रंजीत नगर में तीन युवकों ने बेरहमी से पीटा, दम तोड़ा

● स्थानीय लोगों ने सड़क पर शव रख किया हंगामा, न्याय की मांग



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के रंजीत नगर में दो गुटों में हुए झगड़े में कथित तौर पर तीन लोगों द्वारा एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान नीतेश के रूप में हुई है। वहीं, हत्या के आरोपी दूसरे समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

हत्या के बाद से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस हत्या के पीछे कोई साम्प्रदायिक एंगल होने से इनकार किया है।जानकारी के अनुसार रंजीत नगर थानाक्षेत्र में गत 12 अक्टूबर की रात कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में तीन युवकों ने लाठी-डंडे से दूसरे तीन युवकों पर ताबड़तोड़ व बेरहमी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल नितेश व आलोक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार तड़के नितेश की मौत हो गई। घटना के बाद से नितेश के पैतृक गांव शादीपुर समेत इसके आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों में पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों ने पटेल नगर चौराहा जाम करने की कोशिश की किंतु भारी पुलिस बल के कारण जाम नहीं लगाया जा सका।

डीसीपी मध्य जिला श्वेता चौहान के मुताबिक 12 अक्टूबर की रात नितेश, आलोक और मोंटी की उफीजा, अदनान और अब्बास से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। दोनों तरफ तीन-तीन युवक शामिल थे। मुस्लिम युवकों ने लाठी डंडे से बेरहमी से वार करना शुरू कर दिया। घटना में नितेश और आलोक गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। चूंकि, उस समय किसी ने कोई बयान दर्ज नहीं कराया था। हालांकि, रंजीत नगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। रविवार तड़के तीन बजे नितेश ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद प्राथमिकी में हत्या की धारा जोड़ दी गई। घटना के फुटेज से पुलिस को पता चला है कि झगड़े की शुरुआत नितेश और आलोक ने की थी। हालांकि, अंत में दूसरे पक्ष ने उनपर काबू पा लिया और उनके साथ मारपीट की। नितेश और आलोक दोनों का पुराना आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस का कहना है कि लड़ाई में कोई सांप्रदायिक मुद्दा शामिल नहीं है। यह संयोग है कि दोनों पार्टियां अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखती हैं।

श्वेता चौहान का कहना है कि आरोपित उफीजा, अदनान और अब्बास को दबोचने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई है। घटना के बाद से तीनों अपने-अपने घरों से फरार है। पुलिस इनकी हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री ने रंग सूत्र प्रदर्शनी का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने राष्ट्रिय शिल्प संग्राहलय और हस्तकला अकादमी प्रगति मैदान में रंग सूत्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 30 अक्तूबर तक चलेगी। गोयल ने सबकी कला की सराहना करते हुए कहा की कला बहुत अमूल्य चीज़ है यह एक ऐसी चीज़ है जो दिल से निकलती है , एक आर्टिस्ट का जूनून उनकी रंगों के माध्यम से परिलक्षित होता है।प्रदर्शनी में वेद नायर, जितिन दास, नरेश कपूरिया असित कुमार पटनायक, सुवजीत सामंत अनूप कुमार और अर्चना सिंह इत्यादि कलाकार अपनी कला कृतियों को प्रदर्शित कर रहे है।

### वैश्विक स्वास्थ्य के लिए यज्ञ का आयोजन




नई दिल्ली। राष्ट्रीय धनवंतरी सप्ताह के अंतर्गत रविवार को रोहिणी में मानव जाति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरपी पाराशर ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार से आयुर्वेद के विभिन्न पक्षों पर शोध करने की मांग की ताकि संक्रामक और जीवन शैली से जुड़े रोगों पर लगाम लगाई जा सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. युवराज त्यागी, दिल्ली शाखा के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ. एके सिंह, डॉ. वीके जैन, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. मुकेश त्यागी, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र कौशिक ने विभिन्न रोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा की सफलता पर चर्चा की।

### द्वारका में म्यूजिक्ल शाम 'जज्बा-ऐ-दिल' आयोजित



नई दिल्ली। वरिष्ठ नागरिकों की संस्था-सीनियर हब द्वारका एवं संजीवनी आयूर्वेदा के संयुक्त तत्वावधान में पुराने गीतों-गजलों भरी म्यूजिक्ल शाम जज्बा-ऐ-दिल का आयोजन किया गया। इस गीत-संगीत से ओत-प्रोत कार्यक्रम में अनेक गायक-कलाकारों ने अपनी दिलकश आवाज से उपस्थित जनसमूह को पैरों पर थिरकने को मजबूर कर दिया तथा वाहवाही में खूब तालियां बंटौरी। मंच संचालन शशि जैन ने अपने चिर-परिचित अंदाज में किया।

# डीयू में पढ़ाई छोड़ने वालों के लिए परीक्षाएं शुरू

● शताब्दी समारोह जश्न के तहत डिग्री पूरी करने का मिला मौका



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कॉलेजों से बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले लोगों के लिए परीक्षाएं रविवार से शुरू हो गईं। डीयू ने अपने शताब्दी समारोह जश्न के तहत पूर्व विद्यार्थियों को परीक्षा देकर डिग्री पूरी करने का मौका दिया है। डीयू के परीक्षा डीन डी एस रावत ने कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है और अबतक उपस्थिति अच्छी रही है।

डीयू के शताब्दी वर्ष स्थापना के 100 वर्षें में प्रवेश कर गया है। विश्वविद्यालय ने इसके तहत पूर्व विद्यार्थियों को अपनी डिग्री पूरी करने की सौगात दी है। रावत ने कहा कि शताब्दी समारोह जश्न के तहत परीक्षा के लिए यह मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत परीक्षा शुरू हो गई हैं और सभी व्यवस्थाएं की गई हैं तथा परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की जा रही है।

परीक्षा के पहले दिन 1,850 से अधिक छात्रों बैठने वाले हैं। परीक्षा देने के लिए 8560 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है। यह परीक्षा दो केंद्रों-कला संकाय और विज्ञान संकाय में आयोजित की जा रही है।

रावत ने कहा कि हर पाली में 18 विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। यह परीक्षा 16 अक्टूबर से नौ नवंबर तक आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय अगले साल मार्च में इस तरह की परीक्षाएं फिर से आयोजित करेगा।

# जैव विविधता पार्कों में 76 किस्म की तितलियां

## सात दिन तक चले गणना कार्यक्रम में मिलीं तितलियों की कई प्रजातियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सात जैव विविधता पार्कों में 76 किस्म की तितलियों का पता लगाया है। यह खुलासा इन पार्कों में सात दिन तक चले गणना कार्यक्रम के बाद किया गया है। पिछले साल की तुलना में इस बार तितलियों की पांच प्रजातियां ज्यादा रिकार्ड की गई हैं।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा सात अलग-अलग जगहों पर निर्मित जैव विविधता पार्कों में पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास के परिणाम सामने आने लगे हैं। जहां एक तरफ इन पार्कों में हरियाली बढ़ी है, वहीं वन्यजीव भी पहले से ज्यादा दिखने लगे हैं। सातों पार्कों में 10 से 16 अक्तूबर तक तितली गणना का कार्यक्रम संचालित किया गया।

इस दौरान सुबह दस बजे से बारह बजे के बीच अलग-अलग टीमों द्वारा तितलियों का रिकार्ड दर्ज किया गया। पिछले साल सातों पार्कों में कुल 71 प्रजाति की तितलियां देखी गई थीं। इस बार कुल 76 प्रजाति की तितलियां देखी गई हैं। अरावली जैव विविधता पार्क में सबसे ज्यादा 68 प्रजातियों का रिकार्ड दर्ज किया गया है। जैव विविधता पार्क कार्यक्रम के प्रमुख वैज्ञानिक फैयाज ए. खुदसर ने बताया कि डीडीए संचालित जैव विविधता पार्कों में पुराने पर्यावास को फिर से स्थापित करने का काम किया जा रहा है। यहां पर एक ऐसे पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण हो रहा है, जो जलवायु परिवर्तन के खतरों के दौरान भी जीव-जंतुओं को बेहतर पर्यावास मुहैया कराता है।

### कहां पर कितनी

| | |
|---|---|
| ■यमुना पार्क | 47 |
| ■अरावली पार्क | 68 |
| ■नीला हौज | 28 |
| ■नार्दर्न रिज | 59 |
| ■तिलपथ वैली पार्क | 41 |
| ■तुगलकाबाद पार्क | 37 |
| ■कालिंदी पार्क | 12 |

### तितलियों की प्रजातियां



तितली गणना कार्यक्रम के दौरान मोटल्ड ईमीग्रेंट, कॉमन ईमीग्रेंट, प्लेन टाइगर, येलो ओरेंज टिप, कॉमन ग्रास येलो, स्ट्राइप्ड टाइगर, स्माल ग्रास येलो, लेमन पैंजी, लाइम बटरफ्लाई और कॉमन गल प्रजाति की तितलियां सबसे ज्यादा दिखीं।

### क्यों महत्वपूर्ण है गणना

तितलियां बहुत सारे पेड़-पौधों का परागण करती हैं। इसलिए इन पेड़-पौधों का जीवन चक्र इनके ऊपर निर्भर रहता है। इसलिए तितलियों की संख्या को अच्छे पर्यावरण का संकेतक माना जाता है। इसके अलावा, तितलियों के लार्वे और तितलियां भी कई पक्षी का भोजन होते हैं। किसी पारिस्थितिक तंत्र में उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण हो जाती है।

**कौन-कौन से हैं पार्क**

**यमुना जैव विविधता पार्क, अरावली जैव विविधता पार्क, नीला हौज, नार्दर्न रिज, तिलपथ वैली तुलगलकाबाद और कालिंदी जैव विविधता पार्क में तितली गणना की गई।**

# 1947 की विभीषिका पलायन की सबसे बड़ी त्रासदी : ओमप्रकाश धनखड़

## भावी पीढ़ी को शहीदों के बलिदान से परिचित कराना हमारी जिम्मेदारी : सीकरी

## बोधराज की अगुवाई में विभाजन विभीषिका पर आधारित नाटक से दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में विभाजन विभीषिका पर आधारित नाटक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट करते वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी।

**सेक्टर-44** के अपैरल हॉउस में रविवार को हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी द्वारा विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस आयोजन समिति के संयोजक मनीष कुमार ग्रोवर, समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्रांत अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेरणा से विभाजन विभीषिका पर आधारित नाटक गुमनाम शहीद का आयोजन किया गया। नाटक प्रस्तुति के माध्यम से उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, जिनके नाम इतिहास के पन्नों में कहीं दबकर रह गए।

नाटक प्रस्तुति के माध्यम से मंच के कलाकारों ने विभाजन विभीषिका के दर्द को बखूबी बयां किया। कार्यक्रम में अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बोधराज सीकरी ने बताया कि यह नाटक फिल्म एकेडमी मेगा स्टार के माध्यम से तैयार किया गया, जो कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अक्टूबर 2021 में विमोचन की गई पुस्तक पर आधारित था। इससे पूर्व श्री सनातन धर्म सभा गुरुग्राम ने एक ऐसी ही पुस्तक बनायी थी, जिसका सहारा लेकर बुजुर्गों के आर्टिकल अखबार में छाप कर उनका संकलन पुस्तक रूप में बनाया गया है। नाटक की रूप रेखा अरुण मरवाहा द्वारा की गई। जिसमें 1947 में भारत-पाक विभाजन के दौरान हुई त्रासदी के मंजर को बयां करने के साथ-साथ उन शहीदों के बारे में आज की पीढ़ी को जागरूक करने का प्रयास किया गया, जिनके नाम इतिहास के पन्नों पर कहीं दबकर रह गए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि 1947 में हुआ पलायन व नरसंहार एक बहुत बड़ी त्रासदी थी। इस तरह के नाटक शहीदों की पीड़ा से आज की जनरेशन को रूबरू कराने के साथ-साथ इतिहास के उन पन्नों को भी खोलता है जिससे आज भी लोग अनभिज्ञ हैं। इस दौरान उन्होंने नितिन गडकरी के साथ 2010 में अपनी एक यात्रा का जिक्र करते हुए देशप्रेम के प्रति उनके भावना को सराहा और कहा कि देशप्रेम की भावना ही देश को एकसूत्र में पिरोती है। हमें अपना इतिहास याद रखना चाहिए। बिना इतिहास की जानकारी समाज अवनति की ओर जाता है।

कार्यक्रम में गुरुग्राम की उन तीन बेटियों (प्रिया, गीता और रितु) को सम्मानित किया गया, जिन्होंने ताइक्कांडो में विदेशी धरती पर देश का परचम लहराकर मेडल जीते। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर बोधराज सीकरी ने उन्हें स्पॉन्सर करवाया था। महज साढ़े तीन साल की छोटी सी उम्र में माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प में कीर्तिमान स्थापित करने वाले हेयांश को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा हरियाणा करनाल के सांसद संजय भाटिया, सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल, कुरुक्षेत्र विधायक सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, हांसी विधायक विनोद भ्याणा, जींद विधायक कृष्ण मिढ़ा, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, यमुनानगर विधायक घनश्याम अरोड़ा, महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया, मधु आजाद महापौर, अशोक आजाद, करणी सेना अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, पंजाबी बिरादरी के वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश कथूरिया, उप प्रधान धर्मेंद्र बजाज, महासचिव रामलाल ग्रोवर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# दीपावली से पहले शहर जाम और अतिक्रमण मुक्त होगा: एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



> नगर परिषद को भारी पुलिस बल के साथ शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश जारी किएंगे। जिससे त्योहार के अवसर पर शहर जाम और अतिक्रमण से मुक्त हो सके।
>
> **जितेन्द्र गर्ग (एसडीएम)**

**शहर** के मुख्य बाजार को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस के एक और नाके में बढोत्तरी की गई है। जिससे सुबह 8 से रात 8 बजे तक बाजारों में वाहनों की नो इन्ट्री रहेगी। केवल ई-रिक्शा और थ्री व्हीलर ही बाजारों में प्रवेश कर सकेंगे। दशहरा के बाद से त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। जिससे स्थानीय बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। वहीं दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकान से बाहर सामान रखना शुरू कर दिया है। ऐसे में शहर के पुराना अलवर मार्ग, खेल चौक, पुराना अलवर मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अग्रसैन मार्ग, नेहरु बाजार में वाहनों के आवागमन से आए दिन जाम का माहौल बनने लगा था। जिसके कारण शहर में लगने वाले जाम से पैदल चलने वाले आम नागरिकों को परेशानियां हो रही थी।

**एक और नाका बढ़ाया** : पुलिस ने शहर के मुख्य बाजारों को जाम से मुक्त करने के उद्देश्य से एक और नाका बढ़ा दिया है। अभी तक शहर पुलिस चौकी के सामने ही बैरिकेंटिंग की गई थी। ताकि वाहन मुख्य बाजार में न जाए, लेकिन अब शहर के पुराना लेबर चौक पर भी बैरिंगेटिंग लगा दी है। यह बैरिकेटिंग सुबह 8 से रात 8 बजे तक रहेगी। इस दौरान चार पहिया से लेकर 6 और 8 या इससे अधिक टायर वाला वाहन प्रवेश नहीं करेगा।

**पुराना तहसील परिसर में पार्किंग शुरू** : शहर के मुख्य बाजार में वाहन प्रवेश न करें। इसके लिए शहर पुलिस चौकी के साथ लगता पुराना तहसील परिसर में फ्री पार्किंग की सुविधा मुहैया कराई गई है। इस पार्किंग में एक साथ 60 से 80 वाहन खड़े हो सकते हैं। इसके अलावा शहरवासियों ने इस पार्किंग को 24 घंटा उपयोग करना भी शुरू कर दिया है।

**अतिक्रमण पर चलेगा अभियान** : दीपावली के अवसर शहर को जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। आने वाले सप्ताह में नगर परिषद अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाएगी। त्योहारी सामान बेचने की आड़ में सड़क व आम रास्ता में सामान रखकर बेचने वालों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## निजी स्कूल संचालक को पारिवारिक विवाद में डंडों से पीटा

**सोहना।** निजी स्कूल के कार्यालय में बैठा संचालक चाचा को भतीजे ने डंडों से वार करते हुए बुरी तरह से पीटा। पीड़ित स्कूल संचालक ने भतीजे पर सीसीटीवी कैमरा तोड़ने का प्रयास, पत्नी के साथ भी बदतमीजी से बोलने और 30 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। शहर के निजी स्कूल संचालक ने अपने भतीजे समेत भाई और भाभी के खिलाफ पुलिस को शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया है। स्कूल संचालक ने पुलिस को बताया कि शनिवार को दोपहर 12 बजे वह स्कूल कार्यालय में बैठकर स्टाफ का वेतन देने की तैयारी कर रहा था। उसी समय उसका भतीजा वहा आया और उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगा। आरोपी को गालियां देने से रोकने पर बाहर पड़ा डंडा से चाचा पर तावड़तोड़ हमले कर दिए। अपनी वारदात को छूपाने के इरादे से कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने का प्रयास किया। स्कूल संचालक ने बताया कि झगड़े के दौरान भतीजे ने टेबल की दराज में रखे 30 हजार रुपये भी छीन लिए। उसके बचाव में आई पत्नी को भी आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए अभद्र शब्दों में गालियां दी। स्कूल संचालक ने बताया कि आरोपी को उसके माता-पिता का पूरा सहयोग मिला हुआ है। जिसके कारण भतीजा बार-बार स्कूल में आकर परेशान करता रहता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंचायत चुनावः गांवों में पंचायतों का दौर हुआ शुरू



**सोहना।** ग्राम पंचायतों में धीरे-धीरे चुनाव गरमाने लगा है। मतदाताओं का समर्थन प्राप्ति के लिए चुनाव में अपना माहौल बनाने वाले प्रत्याशियों ने पंचायतें करनी शुरू कर दी है। दशहरा के बाद जहां सर्दी ने धीरे-धीरे अपना रंग दिखाना शुरु कर दिया है। वैसे ही पंचायती चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव प्रचार-प्रसार भी गरमाने लगा है। गांवों में सुबह-शाम पंचायतों का दौर शुरू हो गया है। सरपंच और जिला पार्षद पद का चुनाव को लेकर गांवों में पंचायतों के माध्यम से एक सहमति बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विशेषकर जिला पार्षद पद पर उतरने वाले प्रत्याशियों के परिजन अपने-अपने गांव में पंचायती प्रत्याशी बनाने की जुंगत में लग गए है। जिससे जिला पार्षद पद के लिए मैदान में एक गांव से एक ही प्रत्याशी बन सके। जिससे गांव में सर्वसमाज का एक ही प्रत्याशी उतारा जा सके। क्योकि एक जिला पार्षद वार्ड में गांवों की संख्या 15 से 25 के लगभग है। इसी प्रकार गांवों में सरपंच पद के लिए पंचायतों का दौर शुरु हो गया है। सरपंच पद प्रत्याशी जाति गत से लेकर अपने आपसी भाईचार के संबंधों को अपनी जीत का आंकड़ा लगा रहे हैं। जिला परिषद के वार्ड एक और दो में गूर्जर बाहुल्य मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा हैं। जबकि वार्ड तीन में अहीर मतदाताओं का बोलबाला है। वार्ड एक और दो में दूसरे नंबर पर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति मतदाता, तीसरे नंबर पर राजपूत और चौथे नंबर पर मुश्लिम मतदाता का दबदबा है। पांचवें नंबर पर जाट और अहीर मतदाता आता है। जिसके कारण वार्ड एक और दो में गुर्जर प्रत्याशियों की संख्या जिला पार्षद पर के लिए सबसे ज्यादा होगी।

## जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम ने किया दीवाली मिलन समारोह



**गुरुग्राम।** जर्नेलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से रविवार को दीवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। शीतला माता रोड स्थित मार्बल मार्केट के साथ शुभ बैंक्वेट एवं कन्वेंशन सेंटर में यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मेयर मधु आजाद, सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, अशोक आजाद, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उप निदेशक आरएस सांगवान, पार्षद ब्रह्म यादव, सुधीर कलसन, रमेश कालरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत, सम्मान किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय यादव ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसोसिएशन का पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनके साथ अपने तीज-त्योहार मनाने का यह प्रयास है। गुरुग्राम के इतिहास में पहली बार इस से पत्रकार संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भविष्य में समय-समय पर पत्रकार साथियों के साथ इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने एसोसिएशन के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में कहा कि गुरुग्राम के विकास को दिशा देने और जन जागरूकता के क्षेत्र में सभी पत्रकार बेहतर कार्य कर रहे हैं। इस दौरान कई ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वायु प्रदूषण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी ने अपने विचार रखे। शहर के बुद्धिजीवी लोगों का कहना कि समाज में बदलाव के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। जन-जन को इन पहल से जोड़ना होगा तभी हम सभी एकत्र होकर बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सरस मेले में बच्चों को लुभा रहे सस्ते-अच्छे खिलौने



**गुरुग्राम।** सरस आजीविका मेला 2022 हरियाणा के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में कायज़रत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए अपनी संस्कृति व हस्तकलां दिखाने का एक बेहतरीन मंच है। गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली पार्क में पहली बार आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में हर उम्र के पर्यटकों के लिए कई आकर्षक चीजों के स्टाल लगाए गए हैं, जिसमें मेले में आए पर्यटक खासी रुचि दिखा रहे हैं। खासकर पर्यटकों के साथ आए बच्चे खिलौनों की स्टाल पर जाकर अपने अभिभावकों के साथ जमकर खरीदारी कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा है मेले के स्टाल नंबर-156 पर जहां गुरुग्राम के गांव बढ़ा से आए बाला स्वयं सहायता समूह द्वारा बाजार भाव से कम दामों पर सॉफ्ट टॉयज यानी हाथों से निर्मित सॉफ्ट खिलौनों ग्राहकों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। स्टॉल पर मौजूद समूह की प्रमुख राजबाला व उनके पति मेहरचंद ने बताया कि हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चे कोई खिलौना मांगे तो वे उसे उपलब्ध करवाए। कई बार आपकी पॉकेट खिलौनों के महंगे दामों के कारण इसकी इजाजत नहीं देती। ऐसे में वे दोनों पति-पत्नी पिछले 25 सालों से स्वयं सहायता समूहों की मदद से लोगों को कम दाम पर सॉफ्ट टॉयज उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भले ही खिलौनों पर मुनाफा थोड़ा कम हो, लेकिन जब भी कोई बच्चा अपने माता-पिता के साथ कोई आइटम खरीदता है तो उस समय उसकेचेहरे पर जो मुस्कान होती है, वो बड़ा सुकून देती है। मेहरचंद ने बताया कि उन्होंने स्वयं वर्षों पहले गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से खिलौनों के निर्माण की ट्रेनिंग ली थी। आज वे विभिन्न जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इसके निर्माण के गुर सीखा रहे हैं।

# समाज को विघटित होने से बचाने को पुजारी संघ चलाएगा अभियान


गुरुग्राम में अर्चक पुरोहित सेवा संघ के बैनर तले बैठक में मौजूद सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समग्र** हिन्दू सेवा संघ के आह्वान पर गठित अर्चक पुरोहित सेवा संघ के बैनर तले रविवार को विभिन्न मन्दिरों से जुड़े पण्डितों, शास्त्रियों, कथा वाचक और ज्योतिष के सैंकड़ों वेद मर्मज्ञ लोगों ने संगठित होकर मन्दिरों के माध्यम से सेवा के आयामों को शुरू करने का संकल्प लिया। त्योहारों को लेकर दिनों की भ्रान्तियों को लेकर भी एक सन्देश एक दिन पर भी योजना निर्धारण किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि कार्टरपुरी से प्रसिद्ध समाजसेवी धर्मपाल यादव रहे। अध्यक्षता 36 बिरादरी के मुखिया नत्थू सिंह सरपंच ने की। संचालन महामंत्री राजीव मित्तल ने किया।

शीतला माता मन्दिर परिसर में रविवार को समग्र हिन्दू सेवा संघ के द्वारा दीपावली मिलन समारोह के आयोजन में नगर के सेंकड़ों मंदिरों के पण्डित और ब्राह्मण एकत्रित हुए। अर्चक पुरोहित सेवा संघ के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि त्योहारों के दिनों की भ्रान्तियों को अलग-अलग बताए जाने को लेकर जिले के हजारों मन्दिरों में एक दिन एक सन्देश की योजना को लेकर कार्य जारी है। तिथि-मिति को लेकर सही दिन, सही समय शास्त्र सम्वत सभी त्योहार मनाए जाए ऐसा संघ का प्रयास है। समग्र हिन्दू सेवा संघ के अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश कौशिक ने बताया कि सेवा के विभिन्न आयामो को लेकर संघ के कार्यकर्ता हर मन्दिर की कमैटी और उनके पुजारियों को अपने साथ लेकर तीन माह में अनुमानित 2100 सदस्यों का परिवार बना लेंगे। संगठित होकर एक सन्देश को 25 समूह निर्मातक आगे 25 और वह और आगे 25 को सूचना प्रसारित कर कुछ घंटों में एक निर्णायक सूचना, जानकारी हजारों लोगों तक पहुंचा देंगे। बैठक में चेतन शर्मा, प्रदीप गौतम, अमरजीत कटारिया, बीएल अग्रवाल, मनोज गर्ग, लक्ष्मीकान्त व्यास, मीनाक्षी सक्सेना, नीलम कटारिया, अनीता गुप्ता, महेन्द्र शर्मा, कृष्ण भारद्वाज, जितेन्द्र कुमार, प्रमोद गुप्ता, निरंजन गोयल, सतीश गौतम, सरयू विश्वकर्मा, मुकेश प्रजापति, मोहित अग्रवाल, विवेक गुप्ता, आचार्य विष्णु शास्त्री समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# 50 लाख रुपये से बनेंगी राजेंद्रा पार्क क्षेत्र की सड़कें: सुधीर सिंगला

## टाइलों से बनाई जाएंगी राजेंद्रा पार्क की सड़कें

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ


गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार की सुबह राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में सड़कों पर टाइल लगाने के कार्य का रिबन काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि राजेंद्रा पार्क में टाइलों से बनने वाली सड़कों पर 50 लाख रुपये खर्च होंगे। क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलें, इसी प्रयास में यहां सड़कों का भी निर्माण किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि बेमौसमी बरसात में भी काफी सड़कें टूटी हैं, जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है। इन सड़कों को भी जल्द से जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा। अधिकांश सड़कों पर दीवाली से पहले पैच वर्क करके उन्हें ठीक कर दिया जाएगा। नगर निगम, जीएमडीए की ओर से सड़कों को सही करने की शुरुआत कर दी गई है। उन्होंने गुरुग्राम समेत हरियाणा की जनता को इस बात के लिए बधाई दी कि सुशासन में हरियाणा प्रदेश देशभर में पहले नंबर पर आया है। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बेहतरीन नीतियों का परिणाम है। हर काम को बारीकी से सोच-समझकर वे कदम बढ़ाते हैं। सभी गुण-अवगुणों को वे एक जौहरी की तरह तराशते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पूरी तरह से अलग है। सुधीर सिंगला ने कहा कि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हरियाणा में गरीबों को ढूंढ-ढूंढकर उन तक सरकार की योजनाएं का लाभ पहुंचाया गया है। उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया गया है। जिस भ्रष्टाचार के लिए हरियाणा का नकारात्मक तरीके नाम लिया जाता था, उसी भ्रष्टाचार पर चोट करके मुख्यमंत्री ने सुशासन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि लोगों से लूट कर अपने आलीशान महल बनाने वाले बदमाशों, गैंगस्टर पर भी सरकार का हथौड़ा चला है। उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करके उनकी कमर तोड़ी जा रही है।

गुरुग्राम जिला में एक हजार में गलोबल सिटी बनाकर यहां की सिंगापुर और दुबई से बराबरी का जो सपना मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देखा है, उस पर टिप्पणी में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री हर विदेश दौरे पर हरियाणा के लिए कोई ना कोई सौगात लेकर आते हैं। उनका मिशन और विजन साफ है अपने प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी लाकर खड़ा करना। इस अवसर पर पार्षद योगेंद्र सारवान, सत्य शर्मा, अशोक कुमार, आकाश यादव, रमेश जैन, नरेंद्र गौड़, अमित शर्मा, महेश एडवोकेट, धीर सिंह, राधे पाठक, अशोक शर्मा, विरेंद्र कौशिक, श्रवण अग्रवाल समेत काफी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# सिलेंडर ब्लास्ट हादसे में झुलसे पिता व बेटा-बेटी की मौत

**गुरुग्राम।** जिले के गांव नखड़ौला में बीते बुधवार को सिलेंडर में ब्लास्ट होने से गंभीर रूप से घायल हुए परिवार के छह सदस्यों में से रविवार को तीन की दिल्ली एम्स में मौत हो गई। इसमें मकान मालिक भगवान दास के अलावा उनका एक बेटा व एक बेटी शामिल है। हादसे में बुरी तरह से घायल हुए तीन सदस्य अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। भगवान दास अपने घर में पटाखे बनाते थे। सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद उनका तीन कमरों का घर भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

बता दें कि बीते बुधवार को गांव नखड़ौला स्थित भगवान दास के घर में विस्फोट हो गया था। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि घर के तीन कमरों की छत उड़ गई। उनके मकान के साथ पड़ोस के भी मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

भगवान दास अपने घर में पटाखे बनाने का काम करते थे। उसी दिन उनके घर पर एक रिश्तेदार भी आए हुए थे। इस हादसे का वे भी शिकायत हुए। धमाका इतना जबरदस्त था कि गांव के लोगों में दहशत फैल गई थी।

# नागरिक अस्पताल में सीवर टैंक बना सफेद हाथी

## सीवर टैंक में कनेक्शन जोड़ने को एसएमओ ने विभाग को लिखे कई बार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल परिसर में बना सीवर टैंक दो सरकारी विभागों की आपसी खींचातानी के चलते सफेद हाथी बना हुआ है। सीवर टैंक में कनेक्शन जोड़ने को लेकर एसएमओ द्वारा जनस्वास्थ्य और बीएण्डआर विभाग को कई बार पत्र लिखे गए है।

वर्ष 2021 की शुरूआत में नागरिक अस्पताल परिसर में नये सिरे से पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन को डालने के लिए करीब 77 लाख रुपये का कार्य शुरू किया था। जिसमें अस्पताल परिसर में ही सीवर टैंक का निर्माण करना भी था। ताकि नई सीवर लाइन से टैंक को जोड़ा जाए सके। अस्पताल परिसर में सीवर टैंक बने भी लगभग 6 माह का समय हो गया है, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग और बीएण्डआर विभाग के अधिकारी अस्पताल परिसर में बिछाई गई नई सीवर लाइन का कनेक्शन करने को तैयार नहीं हो रहे थे। जिसको लेकर नागरिक अस्पताल के एसएमओ द्वारा बीते छह माह में दर्जनभर बार पत्र लिखकर सीवर कनेक्शन करने की मांग की गई थी। जिसको लेकर दोनों ही विभाग अधिकारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी न होने की कहते हुए कनेक्शन को जोड़ा नहीं गया।

> **अस्पताल** भवन या क्वाटरों में उनका कार्य सीवर लाइन बिछाने का था। कनेक्शन करने का कार्य बीएण्डआर विभाग का होता है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिखे गए पत्रों का जबाव हर बार दिया जाता रहा है।
>
> **ओमप्रकाश सिंह (एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)**
>
> **अस्पताल** में सीवर का कनेक्शन नई लाइन में न होने से स्टाफ क्वाटरों से लेकर अस्पताल भवन परिसर में गंदा पानी रुकने की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही थी। दो दिन पहले तीनों विभागों के अधिकारियों ने मिलकर समस्या का समाधान निकाल लिया है।
>
> **दशरथ राव (एसएमओ नागरिक अस्पताल)**
>
> **सीवर** लाइन के कनेक्शन जल्द ही जोड़े जाएंगे। जिसके लिए बजट की तैयारी की जा रही है। ठेकेदार को कार्य सौंप दिया है। दीपावली से पहले सीवर के कनेक्शन का कार्य पूरा हो जाएगा।
>
> **अजीत सिंह (एसडीओ बीएण्डआर विभाग)**

# नशा बढ़ना देश के खिलाफ अघोषित युद्ध जैसा: राम रहीम

## रविवार को बागपत डेरा सच्चा सौदा आश्रम से ऑनलाइन दिए प्रवचन

पायनियर समाचार सेवा। बरनावा/सिरसा


डेरा सच्चा सौदा सिरसा में संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के बरनावा से लाइव प्रवचन सुनने पहुंचे लाखों श्रद्धालु।

**गुरु संत** डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां ने कहा कि आज देश में नशा बहुत बढ़ चुका है, जोकि देश को अंदर-अंदर खोखला कर रहा है। देश में नशा बढ़ना एक प्रकार से यह देश के खिलाफ अघोषित युद्ध जैसा है। जिसके खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा। नशे रूपी दानव व बुराइयों को खत्म करना ही हमारे जीवन का मुख्य मकसद है। गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने यह बात रविवार को उत्तर प्रदेश के बरनावा (बागपत) स्थित डेरा सच्चा सौदा शाह सतनामजी आश्रम से ऑनलाइन देश-विदेश की साध-संगत से रूबरू होते हुए कहीं।

इस दौरान हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों में स्थित डेरा सच्चा सौदा के आश्रमों व नामचर्चा घरों में बैठी साध-संगत ने गुरुजी के लाइव दर्शन किए। गुरुजी ने आगे कहा कि हमारे देश की संस्कृति महान है। इस पर हमें गर्व होना चाहिए। हमें विदेशी संस्कृति को न अपनाकर अपने देश की संस्कृति को अपनाना चाहिए। इस दौरान गुरु जी ने व्रत रखने के सही तरीके के बारे में साध-संगत को जानकारी दी। बरनावा आश्रम से ऑनलाइन साध-संगत से रूबरू होते हुए गुरुजी ने पाप छुपाके, पुण्य दिखाके करे बंदा तेरा शैतान...भजन भी बोला। जिस पर व्याख्या करते हुए गुरुजी ने फरमाया कि आज के वक्त में लोग भगवान को भी खिलौना समझते हैं और करते कुछ हैं व दिखाते कुछ हैं। आज का समय ऐसा है कि अगर कोई इन्सान कोई पुण्य का कार्य करता है तो उसे उसकी पब्लिसिटी चाहिए। लेकिन पाप वह छुपाके करना चाहता है।

इन्सान समझता है कि जब वह पाप करता है तो उसे कोई देखता नहीं, लेकिन भगवान कण-कण में विद्यमान है। उससे कोई जगह खाली नहीं है। इस अवसर पर शाह सतनामजी धाम सिरसा, कैथल स्थित राम-ए-खुशबू आश्रम, शाह सतनामजी रूहानी धाम राजगढ़ सलाबतपुरा, शाह सतनामजी नूरानी धाम पटियाला, दिल्ली के कन्झावला नाचचर्चा घर व सहारनपुर में पूज्य गुरु जी ने लाखों लोगों की बुराईयां व नशा छुड़वाते हुए उन्हें गुरुमंत्र दिया।

# दीपावली को लेकर सज गए बाजार, खरीदारी शुरू

कविता। फरीदाबाद

दीपावली की खरीदारी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों बाजार सज गए हैं। बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घरेलू उपकरण (फ्रिज, टेलीविजन, वॉशिंग मशीन) से लेकर कार, मोटरसाइकिल पर भारी छूट दे रही हैं। वहीं दूसरी ओर बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं, कार और घर के लोन पर आकर्षक ऑफर के साथ सस्ती ब्याज दर पर लोन मुहैया करा रही हैं। दुकानदारों ने दीपावली को खास बनाने के लिए सजावटी सामान के साथ ही गिफ्ट पैक भी सजा दिए हैं। बाजारों में त्योहारों की खरीद के लिए भीड़ उमड़ रही है। त्योहार पर इस बार महंगाई की मार तो है, लेकिन खरीदारी के लिए लोग बाजारों का रुख कर रहे हैं। ग्राहकों के लिए बाजार व दुकानों को झालर, फूल मालाओं से सजाया गया है।



एनएच वन मार्केट में दीपावली के लिए खरीददारी करते लोग।

**खास है मोमबत्ती :** दिवाली के लिए घरों को रोशन करने के लिए दीयों के अलावा बाजार में मोमबत्तियों की भी भरमार है। आकर्षक डिजाइन में मोमबत्तियां बाजारों में सुंदर पैकिंग और रंगों में मिल रही हैं। एक पैक में एक से लेकर तीन या पांच मोमबत्तियों की पैकिंग बाजारों में मिल रही है। एक सिंगल मोमबत्ती की कीमत भी 30 रुपए से शुरू हो कर पैकिंग में 150 रुपए तक की है।

**आर्टिफिशियल फूल :** दीवाली को लेकर सजावटी सामान में घरों के दरवाजों, दीवारों को सजाने के लिए आर्टिफिशियल फूलों की लड़ियां, फूलदान और कई तरह के सजावटी आइटम बाजारों में उपलब्ध हैं। इस बार रोशनी के लिए लोग लाइट की लड़ियों के बजाय इन फूलों की लड़ियों की खरीदारी कर रहे हैं।



दीपावली के शुभ अवसर पर घर को सजाने के लिए झालर खरीदती गृहणि।

**ऑनलाइन खरीदारी:** ऑनलाइन खरीदारी में लोगों का रुझान दिख रहा है। घर बैठे मोबाइल फोन या इंटरनेट से सामान की खरीदारी कर रहे हैं। ऑनलाइन सामान आने में दो-तीन और आठ दिन का समय लगने के कारण लोग पहले से सामान की बुकिंग करा रहे हैं। दूसरी ओर कई लोग मोलभाव कर अब भी बाजार जाकर ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं।

**रविवार को लगा जाम:** धनतेरस और दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार है, रविवार को अवकाश होने के कारण शहर के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। बाजार की गलियों में इलेक्ट्रानिक आईटम, खील-खिलौनों, बर्तन आदी से रौनक दिखी।

**दीपावली पर पायनियर सुझाव:** ऑनलाइन से लेकर बाजारों में फेस्टिवल सेल चल रही है। इनमें सस्ते दामों पर चीजों की बिक्री का दावा किया जा रहा है। कभी भी खरीदारी इसलिए न करें कि सेल लगी है। हमेशा अपनी जरूरत के हिसाब से खरीदारी करें। त्योहार की शॉपिंग के दौरान मनी बैक, एक्सचेंज या रिटर्न पॉलिसीज के बारे में जानकारी हासिल कर ही खरीदारी करें।

# अधिकारियों की कामचोरी या लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी : मुख्यमंत्री





सेक्टर-12 कंवेशन हाल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनते सीएम मनोहर लाल खट्टर व कृष्णपाल गुर्जर ने विकलांग जन से भी की बात।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को फरीदाबाद में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में एक्शन मोड में दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम में शिकायत देने वाले सोताई गांव निवासियों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने वाले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर सतनारायण को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश भी दिए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कोई भी अधिकारी अगर समय पर काम नहीं करता अथवा कामचोरी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर काम करे और आमजन को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराएं। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर मनोहर लाल ने बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में 600 से ज्यादा शिकायतें पहुंची हैं। यह शिकायतें संबंधित विभागों को भेजकर समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतों का समाधान स्तर पर समाधान किया गया है और बाकी का मुख्यालय स्तर पर अध्ययन कर समाधान किया जाएगा। दिव्यांगों व बुजुर्गों की पेंशन की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सभी का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही लोगों को पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने मौके पर ही एक दिव्यांगजन राजेंद्र सिंह व एक बुजुर्ग रतन सिंह को 2500-2500 रुपये नकद पेंशन भी दी। मुख्यमंत्री ने एक दिव्यांगजन की शिकायत पर सीएमओ को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप डाक्टर हैं। आपको ज्यादा सेवाभाव से काम करने की जरूरत है। अपने पोता-पोती व नाती-नातिन की पेंशन बनवाने के लिए फरियाद लेकर पहुंचे बुजुर्ग राम सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने अनाथ बच्चों को पेंशन के साथ-साथ एक लाख रुपये की सहायता राशि भी यथाशीघ्र देने के निर्देश दिए। नागेंद्र राय द्वारा एक निजी स्कूल के खिलाफ दी गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्कूल के खिलाफ 134ए के तहत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर निगम में जनगणना में गड़बड़ी के मामले में कहा कि जनगणना में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की गई है। इसलिए सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र बनाया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी सरकार के पास हो। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल रावत, विधायक राजेश नागर, मुख्यमंत्री की राजनैतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जेजेपी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग डा. अमित अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक डीके बेहरा, मुख्यमंत्री के एडवाईजर पब्लिक सिक्योरिटी, ग्रीवांस एंड गुड गवर्नेंस अनिल राव, मंडल आयुक्त पंकज यादव, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया, एचएसवीपी प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, स्मार्ट सिटी के सीईओ कृष्ण कुमार, एडीसी अपराजिता, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# अपहरण के बाद छात्र की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार





सोनू और अभिषेक हत्या के आरोपी गिरफ्तार।



मृतक अभिषेक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## अपहरण के बाद आरोपी मांग रहे थे पांच लाख रुपये की फिरौती

क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में पल्ला निवासी अभिषेक तथा सोनू का नाम शामिल है। दोनों ने तीसरे साथी मिथिलेश के साथ धीरज नगर के रहने वाले 14 वर्षीय छात्र अभिषेक की हत्या कर दी थी। शनिवार को थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज मामले में मृतक अभिषेक के पिता विरेश ने बताया कि अभिषेक नौवीं कक्षा में धीरज नगर के स्कूल में पढ़ता है। शुक्रवार शाम 7.30 बजे उसे राजा नाम के लड़के का फोन कर कुछ किताबें मंगवाई थी। जिसे देने के लिए अभिषेक शाम को गया था परंतु वापस नहीं आया। आरोपियों ने अभिषेक के पिता को फोन किया और धमकी देकर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। वीरेश ने यह बात पुलिस को बताई। क्राइम ब्रांच 30 ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अभिषेक हत्या का मास्टरमाइंड है। वह मृतक के पिता की दुकान से कबाड़ लेकर दिल्ली सप्लाई करता है। सोनू की भी कबाड़ की दुकान है। मिथिलेश एक फैक्ट्री में काम करता है। अपहरण और फिरौती मांगने की योजना अभिषेक ने बनाई थी। आरोपियों ने एक चोरी के मोबाइल से अभिषेक को उसके सहपाठी राजा बनकर फोन किया और किताबों के बहाने से अभिषेक को गली के कोने पर बुलाया। वहां से उसका अपहरण करके गाड़ी में डालकर सेक्टर 31 एरिया में एक निर्माणाधीन इमारत में ले गए। वहां पर उन्होंने उसके हाथ-पैर बांधकर कर अपने तीसरे साथी मिथिलेश को उसकी निगरानी करने के लिए छोड़ दिया। दोनों आरोपी खुद अभिषेक के पिता के साथ अभिषेक को ढूंढने का ड्रामा करने लगे। शनिवार की रात जब तलाश के बाद वापिस गए तो उन्हें लगा कि अभिषेक के पिता पैसा नहीं देंगे तो उन्होंने अभिषेक के सिर में ईंट मारकर उसे इमारत में बनी लिफ्ट की बेसमेंट में फेंक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा की बेटी दीपिका ने कुवैत में लहराया तिरंगा



फरीदाबाद। एथलेटिक हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चौथी यूथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक कुवैत में किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा की बेटी दीपिका ने कुवैत में आयोजित हो रही यूथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 50 मीटर 15 सैंटीमीटर की बेहतरीन जेवेलिन थ्रो कर रजत पदक जीतकर भारत देश और हरियाणा राज्य को दिया। पहले स्थान पर ताइपे की पिनहंसु चू ने 52 मीटर 70 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर कब्जा किया। तीसरे स्थान पर कोरिया की यंग श्योकंग ने 48 मीटर 61 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक विजेता बनी। यूथ एशियन रजत पदक दीपिका के गुरु हनुमान सिंह ने बताया कि दीपिका ने यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 17 सितम्बर से 19 सितम्बर तक आयोजित हुई भोपाल मध्यप्रदेश में 51 मीटर 84 सैंटीमीटर की बहुत अच्छी जेवेलिन थ्रो कर नया नेशनल रिकार्ड बनाकर भारतीय यूथ एशिया टीम में स्थान पक्का किया था। हनुमान सिंह के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरोही माडल स्कूल बनगांव फतेहाबाद में खेल प्रशिक्षक के पद पर नियुक्त हैं और दिन रात एक करके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी तैयार करने का कार्य कर रहे हैं और बताया कि दीपिका आरोही मॉडल स्कूल बनगांव में 12वीं कक्षा की छात्रा है। रजत पदक विजेता दीपिका ने कहा कि पिता सुशील कुमार साधारण किसान हैं और माता राजबाला गृहणी है। परिवार में हम तीन बहने हैं, सबसे बड़ी ऊषा है और एक बहन छोटी है जिसे प्यार से सब मुस्ती कहते हैं। दीपिका और गुरु हनुमान ने एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान जी को पदक जीतने का श्रेय दिया है और बताया कि राजकुमार मिटान सभी खिलाड़ियों को समयानुसार सभी खेल जानकारियां प्रदान करते रहते हैं और सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करते रहते हैं। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के कुशल मार्गदर्शन में बेटी दीपिका ने अपने गुरु हनुमान सिंह से मिले खेल ज्ञान के कौशल प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक जीतकर हरियाणा राज्य का नाम एशिया महाद्वीप के नक्शे में स्वर्ण अक्षरों में लिख दिया है। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और वर्तमान विधायक ऐलानाबाद चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने यूथ एशिया रजत पदक विजेता दीपिका और गुरु हनुमान सिंह को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की और उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी के भ्रष्टाचार की शिकायत को सुना, लेकिन कार्रवाई नहीं की। जिससे शिकायतकर्ता जसवंत नाराज हैं। चूंकि उन्हें मुख्यमंत्री से इस जनता दरबार से बेहद उम्मीद थी। इस बारे में जानकारी देते हुए, जसवंत ने बताया कि उन्होंने जनता दरबार में भ्रष्टाचार के मामले में फंसी शिक्षा अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत नंबर 62 है। मुख्यमंत्री के इस दरबार से उन्हें ये उम्मीद थी कि शिक्षा अधिकारी का यहां से तबादला होगा या फिर सस्पेंड किया जा सकता है, क्योंकि सितंबर में कोर्ट के आदेश पर मुनेश चौधरी के खिलाफ लाखों रुपये गबन का मामला दर्ज हुआ, लेकिन मुख्यमंत्री ने उनकी शिकायत को सुना तो जरूर, पर शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और अगले शिकायतकर्ता को बुला लिया। इस मामले में सरकार की उदासीनता के चलते जसवंत अपने साथियों के साथ धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं और इस बारे में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करा चुके हैं। यहां तक की प्रधानमंत्री के नाम खून से लिखा लेटर भी भेजा है, बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जसवंत का कहना है कि जब तक शिक्षा अधिकारी अपने पद पर बनी रहेंगी, तब तक निष्पक्ष जांच कैसे हो सकती है, लेकिन वे भी अपनी इस आवाज को उठाते रहेंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से की मुलाकात



फरीदाबाद। हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता नीरज शर्मा ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान नीरज गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा का फूलों का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से अजय सिंगला, मनीष सिंगला, गिरीश मित्तल, विपिन गोयल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नीरज गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसजनों से पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए और कहा कि वह आमजन की आवाज को शासन-प्रशासन के समक्ष बुलंद करने का काम करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है और कांग्रेस का कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ काम कर रहा है, जिसके आगे सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य जोरशोर से चल रहा है और कार्यकर्ता पुरजोर तरीके से लोगों के बीच जाकर कांग्रेस शासनकाल की जनकल्याणकारी नीतियों और मौजूदा भाजपा सरकार की जनविरोधी का जोरशोर से प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं।

### त्योहार उत्सवों से बढ़ता है आपसी सदभाव और प्रेम: दलाल



फरीदाबाद। त्योहार और सामूहिक कार्यक्रमों से समाज में आपसी सदभाव और प्रेम की भावना को बल मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों से आपसी मेलजोल तथा भाईचारा बढ़ता है। इससे समाज एकजुट और सशक्त होता है। यह बात शिक्षाविद् टीएस दलाल ने ग्रेटर फरीदाबाद, सेक्टर 88 स्थित दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित रौनक महोत्सव मेले की शुरुआत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर हम को ढूंढने पड़ेंगे, जिनमें आज के युग में हम लोगों को एक परिसर में एकत्र कर मिलने जुलने और अपनी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाने का मकसद पूरा कर सकें। दलाल ने कहा कि त्योहारों के उपलक्ष्य में ऐसे कार्यक्रम अति आवश्यक हो जाते हैं। स्कूल के मैनेजर प्रयास दलाल ने बताया कि इस महोत्सव में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, जादूगर के शो, बंजारी कि नगाड़ा पार्टी, विभिन्न प्रकार के स्टॉल, ऊंट सवारी तथा हमारा पारंपरिक मनोरंजन कठपुतली का खेल जैसे कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। स्कूल के बच्चे, युवाओं अभिभावकों सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने इस रौनक महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाते हुए इसको और आनंदित कर दिया है। कार्यक्रम में शहर के शिक्षाविद् बीडी शर्मा, नरेंद्र परमार, भारत भूषण, नारायण डागर, विजयलक्ष्मी सहित अनेक शिक्षाविदों ने भी कार्यक्रम का अवलोकन कर भूरी भूरी प्रशंसा की।

# मंदिर में चित्रांकन और रंगाई की लगाई कक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

यह सत्य है की प्राकृतिक जन्मजात प्रतिभा जैसी कोई चीज नहीं होती है परन्तु कुछ कौशल सिखाने योग्य होते हैं और हमारे कौशल को बढ़ावा देने के लिए बस एक अच्छे शिक्षक की आवश्यकता होती है।



आजकल जहां हम महंगे ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षाओं जैसी महंगी ऑनलाइन सेवाओं से शैक्षिक, चित्रकारी, कला, संगीत, नृत्य इत्यादि पाठ्यक्रमों एवं सिखाने की बढ़ती प्रवृत्ति देख रहे हैं। वहीं फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 पिछले दस वर्षो से कालीबाड़ी प्रांगण में स्वनामधन्य, लोकोपकारक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित दीपक घोष के मार्गदर्शन में प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से सम्पूर्ण निशुल्क चित्रांकन और रंगाई की कक्षाएं आयोजित करती आ रही है। इन कक्षाओं में चित्रकला के लिए आवश्यक पेंसिल, रंग, पेंटिंग ब्रश, ड्राइंग शीट और ड्राइंग बोर्ड भी कालीबाड़ी मंदिर के सौजन्य से प्रत्येक शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है।

## सवा किलोग्राम गांजे सहित गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम में गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप गुरुग्राम के गांव बाईखेड़ा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव धौज के बस स्टैंड से गांजा पत्ती सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ गांजा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दूध का काम करता है।

# रेल मंत्री ने पहले एल्युमीनियम फ्रेट रेक को किया रवाना

फरीदाबाद। हिंडाल्को ने भारत के पहले ऑल-एल्यूमीनियम फ्रेट रेल रेक को लॉन्च किया। इससे फ्रेट परिवहन के आधुनिकीकरण की भारत की महत्वाकांक्षी योजना को गति देने और भारतीय रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने में मदद मिलेगी। ये चमचमाते रेक स्टील के मौजूदा रेक से 180 टन तक हल्के हैं और 5-10 प्रतिशत ज्यादा सामानों की ढुलाई में सक्षम हैं। ये कम ऊर्जा की खपत करते हैं और इनसे रोलिंग स्टॉक एवं रेल अपेक्षाकृत रूप से लगभग नगण्य रूप से घिसता है।



ओडिशा के लपंगा स्थित हिंडाल्को के आदित्य स्मेल्टर के लिए कोयले की ढुलाई करने वाले 61 डिब्बों की नई रेक को हरी झंडी दिखाते हुए केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'यह देश और स्वदेशीकरण से जुड़े हमारे अभियान के लिए गौरव का पल है।' उन्होंने कहा कि 2026 तक 2,528 मिलियन टन माल ढुलाई के लिए करीब 70,000 अतिरिक्त वैगन की आवश्यकता होगी। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) सतीश पई ने कहा, 'भारत के पहले एल्युमीनियम फ्रेट रेक का लॉन्च राष्ट्र निर्माण के लिए स्मार्ट और टिकाऊ समाधान पेश करने की हमारी क्षमताओं एवं प्रतिबद्धता को दिखाता है। हिंडाल्को भारतीय रेलवे के लॉजिस्टिक्स को अधिक दक्ष बनाने और आत्मनिर्भर भारत के विजन में अधिक योगदान करने को लेकर सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं स्थानीय संसाधनों को एकसाथ लाने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'

# एनआईटी की समस्या की अनदेखी ठीक नहीं : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

26 सितंबर को फरीदाबाद की ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में विधायक नीरज शर्मा ने अपनी विधानसभा के वार्ड 5 बालकल्याण स्कूल पॉकेट, वेद रोड, जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की नारकीय स्थिति को लेकर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष रखा। जिस पर दुष्यंत चौटाला ने विधायक नीरज शर्मा की प्रशंसा भी की ऐसे मुद्दे लेकर आते हैं।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि कैसे बालकल्याण स्कूल पॉकिट को लेकर उनके द्वारा विधानसभा में प्रश्न लगाए गए लेकिन कोई उचित कार्य नहीं हुआ। इसी पॉकेट से एक बहन बेटी को मुख्यमंत्री को ट्वीट करके यह कहना पड़ा था कि मेरी शादी है बारात कैसे आएगी जिस पर



एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र में भरे पानी में बैठ कर लोगों की समस्या सुनते विधायक नीरज शर्मा।

संज्ञान लेने उपरांत नगर निगम द्वारा सिर्फ टेंपरेरी सफाई कराई गई और आज इस बात को लगभग 2 वर्ष हो गए आज तक पूर्ण समाधान नहीं हुआ है। ऐसी ही स्थिति वार्ड 5 के वैध रोड की है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की स्थिति नारकीय है। जलभराव की इतनी अधिक समस्या है कि करोना कार्यकाल में पानी खड़ा खड़ा हरा हो गया इसमें से खुद विधायक जी को गुजरना पड़ा, उसके बावजूद आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई जगह-जगह गलियां टूटी पड़ी हैं। मैन रास्ते गंदे हैं। ग्रीवेंस कमेटी में नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि फंड की कमी के कारण से कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिस पर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधायक नीरज शर्मा को विश्वास दिलाया कि नगर निगम आयुक्त खुद मौके पर जाकर इसका जायजा लेंगे और इसके एस्टीमेट तैयार करवाएंगे विकास कार्य करवाने की जिम्मेदारी सरकार की है। इसी कड़ी में विधायक नीरज शर्मा ने 14 अक्टूबर 2022 को नगर निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों को लेकर एनआईटी विधानसभा वार्ड-5 के बाल कल्याण स्कूल पाकेट एवं जीवन नगर भाग-1 एवं 2 का दौरा किया। नरकीय स्थिति देख आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद ने अधिकारियों को दिशा निदेश दिए है कि जल्द से जल्द इनके एस्टीमेट बनाकर तैयार करे ताकि लोगो को नरकीय जीवन से निजात दिलाएं।

# एचपी गैस सिलेंडर की ब्लैक मेलिंग करने वाला आरोपी पकड़ा

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने गैस सिलेंडर की ब्लैक मेलिंग करने वाले फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रविंद्र उर्फ भोला बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी मुजडी में स्थित एचपी गैस एजेंसी पर पिछले करीब दो साल से काम कर रहा है। गैस सिलेंडर ब्लैक मेलिंग कर बेचने के मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी ललित से 62 सिलेंडर बरामद किए गए थे। आरोपी ललित पिछले 5 वर्ष से गैस एजेंसी पर काम कर रहा था। दोनों आरोपी गैस सिलेंडरों को ब्लैक में सेल कर पैसों का बटवारा करते थे। आरोपियों के खिलाफ खाद्य पूर्ति विभाग के द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर एचपी गैस एजेंसी मुजेडी से रेड कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने गैस सिलेंडरों को ब्लैक में बेचने का काम अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई है।

# साईबाबा प्रकरण

## प्रक्रिया पर सवाल

**प्रोफेसर** जी.एन. साईबाबा 90 प्रतिशत विकलांग तथा व्हील चेयर प्रयोग के लिए मजबूर दोषी हैं। उच्च न्यायालय द्वारा उनकी रिहाई से पुलिसिंग, न्याय प्रणाली तथा अपराध जांच में राजनीतिक हस्तक्षेप पर अनेक सवाल उठते हैं। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 14 अक्टूबर, 2022 को उनके व पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला रद्द कर उनको रिहा करने के आदेश दिए, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने रविवार को विशेष सुनवाई कर यह आदेश रद्द कर दिया। एक दोषी की अगस्त में स्वाइन फ्लू से मौत हो गई थी। गढ़चिरौली के सत्र न्यायालय ने साईबाबा को प्रतिबंधित कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया-माओवादी से कथित संबंध रखने के आरोप में अवैध गतिविधियां निवारण कानून-यूएपीए के अंतर्गत आजन्म कारावास की सजा दी थी। उच्च न्यायालय की टिप्पणी इस मामले से आगे तक जाती है जिसमें अधकचरी जांच तथा न्याय ठीक से न होने के कारण लोगों के एक समूह को सालों तक पीड़ा झेलनी पड़ी। अदालती फैसले में कहा गया है, 'कहा जाता है कि साध्य पाने के लिए कोई भी साधन उचित है तथा आरोपी को अभियोजित व दंडित करने की आवश्यकता के लिए प्रक्रियागत सुरक्षा उपायों का महत्व कम है और कानून के शासन हेतु इस पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नहीं है। कोई विकृति नकारात्मक होगी क्योंकि प्रमाणों से संकेत मिलता हे कि समुचित कानूनी प्रक्रिया एक ऐसा परिस्थिति तंत्र बनाती है जिसमें आंतकवाद फलता-फूलता है तथा उन निहित स्वार्थों को लाभ मिलता है जिनका एकमात्र एजेंडा झूठे विमर्श फैलाना है।' आरोपी को



सुनिश्चित रूप से अभियोजित व दंडित करने की आवश्यकता उन लोगों पर भारी पड़ती है जो आरोपी को पकड़ने के जिम्मेदार होते हैं। वे न्याय की सेवा करने के बजाय अपने वरिष्ठों को खुश रखना ज्यादा अच्छा मानते हैं।

जब ऐसा होता है तो कानून के शासन के स्थान पर पुरुषों व महिलाओं का शासन लागू हो जाता है। इसका अर्थ उच्च पदों पर बैठे पुरुष व महिलायें हैं। यह मध्ययुगीन भयावहताओं में खिसकने का निश्चित संकेत है, जब कानून अपने सामंती आकाओं को खुश करने का काम करता था। यह काम व्यक्तिगत होता था और शपथ लेने वाला अपने मालिक के आदेशों का आंख बंद कर पालन करता था। आज का समय कम से कम हमारे देश में काफी अलग है। हमारे यहां लिखित संविधान, पुलिस, मंत्री, आदि हैं जो किसी व्यक्ति की सुरक्षा या उसे हितों को आगे बढ़ाने के बजाय संविधान के पालन की शपथ लेते हैं, भले ही ऐसे लोग चाहे जितने शक्तिशाली ही क्यों न हों। यदि इस शपथ का पूरी भावना के साथ सम्मान नहीं किया जाता है, जैसा संभवत: इस मामले में हुआ है तो उच्च न्यायालय के शब्दों में यह समुचित कानूनी प्रक्रिया से विचलन हो सकता है। इसके अन्य नतीजे भी होते हैं। सभी जानते हैं कि माओवादी आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं तथा उनका हिंसक विचारधारा में विश्वास है। उनके वैचारिक गुरु माओ त्से तुंग का विश्वास था कि 'राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से निकलती है।' उन्होंने दशकों में हजारों सुरक्षा कर्मियों व नागरिकों की हत्यायें कीं। लेकिन जब माओवाद से संघर्ष के नाम पर निरपराध लोगों का उत्पीड़न हो तो वामपंथी अतिवाद के खिलाफ युद्ध को नुकसान पहुंचता है। वर्तमान समय में असली माओवादियों के खिलाफ भी कार्रवाई संदिग्ध हो सकती है। यह प्रवर्तन निदेशालय के राजनीतिक दुरुपयोग से असली मनी लांड्रिंग अपराधी व राजनीतिक निशानों के बीच अंतर समाप्त होने की तरह है। समय आ गया है कि राजनेता वर्ग देश में कानून के शासन को मजबूत करने पर काम करे।

# तेल मूल्यों में तेजी के कारण

**पिछले 6 महीने से पेट्रोल व डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं जिसके परिणामस्वरूप रिफाइनरियों को भारी नुकसान हुआ है। उपभोक्ताओं तक सस्ता तेल पहुंचाने के लिए सरकार को साहसी कदम उठाने चाहिए।**

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



फरवरी, 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में तेज बढ़ोत्तरी हुई है। भारत अपनी तेल आवश्यकता का 85 प्रतिशत आयात करता है, इसलिए इसका असर पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू कीमतों पर पड़ना चाहिए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पिछले रिकार्ड 6 महीने से पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

देश के लगभग 90 प्रतिशत घरेलू नेटवर्क पर तीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू का नियंत्रण है। ये इंडियन आयल कार्पोरेशन-आईओसीएल, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एपीसीएल हैं। इनमें बहुसंख्य शेयर तथा उद्यमों का नियंत्रण भारत सरकार का है। ये तीनों अपनी पेट्रोल व डीजल आवश्यकताओं की पूर्ति अधिकांशत: अपनी रिफाइनरियों या आयात से पूरी करते हैं। पेट्रोल व डीजल समेत अंतिम उत्पाद तैयार करने के लिए कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया जाता है। अधिकांश कच्चा तेल आयात किया जाता है। इसका लगभग 15 प्रतिशत ही घरेलू स्रोतों से प्राप्त होता है। इनमें ओएनजीसी व आयल इंडिया लिमिटेड जैसी गैस कंपनियां शामिल हैं। वे रिफाइनरी गेट पर खुदरा कीमतें या आरजीपी तय करते हैं। इसमें भाड़ा, मार्केटिंग खर्च, व्यापरियों को मुनाफा, डीलरों का कमीशन, टैक्स तथा ड्यूटी जोड़े जाते हैं। आरजीपी का निर्धारण इंधन की इंपोर्ट पालिसी प्राइस-आईपीपी तथा एक्पोर्ट पैरिटी प्राइस-ईपीपी पर निर्भर करता है जिसे 80:20 के अनुपात में रखा जाता है।

जब तेल के अंतरराष्ट्रीय दाम बढ़ते हैं तो ईआरपी बढ़ता है तथा घटने पर घटता है। यदि कंपनियां कठोरता से इस सिद्धान्त का पालन करें तो पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतें वैश्विक तेल परिदृश्य में तेजी आने के साथ बढ़नी चाहिए। लेकिन ऐसा विरले ही होता है। 2002-03 के पहले




एक प्रशासनिक मूल्य व्यवस्था-एपीआर के अंतर्गत तीनों कंपनियों को पेट्रोल, डीजल तथा कैरोसीन व एलपीजी सप्लाई की कीमत से कम पर बेचना होता था। इन उत्पादों की बिक्री से होने वाले नुकसान की पूर्ति सब्सिडी तथा नेफ्था, फ्यूल आयल, एलएसएचएस व एवियेशन टरबाइन फ्यूल-एटीएफ अन्य उद्योगों को लागत से बहुत अधिक दाम पर बेचने से होती थी।

2002-03 में विजय केलकर कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर तत्कालीन राजग सरकार ने एपीआर समाप्त कर दिया। हालांकि, उत्पादों को उनकी लागत से कम कीमत पर बेचा जाता रहा, पर इसके लिए केन्द्र सरकार के बजट से सब्सिडी दी जाती थी। इसके बजाय 2004 में सत्ता संभालने पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंन-संप्रग सरकार ने ओएनजीसी व ओआईएल को निर्देश दिए कि वे रिफाइनरियों को कच्चे तेल की सप्लाई में छूट दें ताकि वे पेट्रोल पंपों को बजट समर्थन से कम कीमत पर तेल बेच सकें। इसके बावजूद उनको होने वाले घाटे की पूर्ति 2005-2010 के बीच तेल बांडों के माध्यम से की गई।

2016-17 से मोदी सरकार ने छूट पर घरेलू कच्चा तेल बेचने की नीति छोड़ दी। इस बीच जून, 2010 में पेट्रोल तथा नवंबर, 2014 को डीजल को नियंत्रण से बाहर कर दिया गया। इसका अर्थ था कि भारत सरकार तीन रिफाइनरियों को लागत से कम कीमत पर तेल बेचने के कारण होने वाले घाटे के लिए सब्सिडी नहीं देगी। यदि तेल पीएसयू को लागत से कम पर तेल बेचने के लिए सब्सिडी नहीं मिलती तो वे लागत के आधार पर कीमत पर उसे क्यों न बेचते? आखिरकार पेट्रोल व डीजल को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था और कंपनियां उनकी कीमत तय करने के लिए स्वतंत्र थीं। लेकिन समस्या उनके सार्वजनिक चरित्र को लेकर थी। इसके कारण उनको मंत्रालय में बैठे मालिकों के आदेश मानने थे, भले ही वे मौखिक ही क्यों न हों। इस पृष्ठभूमि में इस परिदृश्य पर विचार करें।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले भारत औसतन 90 डालर प्रति बैरल पर तेल आयात करता था जो अप्रैल 2022 में 103 डालर प्रति बैरल, मई 2022 में 109.5 डालर प्रति बैरल, जून 2022 में 116 डालर प्रति बैरल, जुलाई 2022 में 105.5 डालर प्रति बैरल, अगस्त 2022 में 97.4 डालर प्रति बैरल तथा सितंबर 2022 में 90.7 डालर प्रति बैरल था। अप्रैल-सितंबर 2022 में यह औसत 103.7 डालर प्रति बैरल था। इसके बावजूद राजनेताओं के निर्देश पर पेट्रोल व डीजल के लिए कच्चे तेल का आधारभूत मूल्य 90 डालर प्रति बैरल रखा गया है। इस आधार मूल्य के कारण दिल्ली में 97 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल कच्चे तेल की बहुत अधिक कीमतों को देखते हुए काफी कम है। उदाहरणार्थ, कच्चा तेल 116 डालर प्रति बैरल होने पर प्रति लीटर 15 रुपये घाटा होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन रिफाइनरियों को वर्तमान वित्त वर्ष की पहले छमाही में लगभग 40,000 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है।


सीपीएसयू को उम्मीद थी कि अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम होने से वे उपरोक्त घाटे की भरपाई करने में सफल होंगी, लेकिन उनकी उम्मीदें 5 अक्टूबर को आर्गेनाइजेशन आफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज़-ओपेक के निर्णय से मिट्टी में मिल गईं। तेल उत्पादकों के इस कार्टेल ने सदस्य देशों के सप्लाई कोटे में प्रति दिन दो मिलियन बैरल कटौती करने का निर्णय किया। भारत में कच्चे तेल का औसत मूल्य पहले ही सितंबर में 84 डालर प्रति बैरल से बढ़ कर वर्तमान समय में 92 डालर प्रति बैरल पहुंच गया है और इसमें तेजी जारी रहेगी। इसके कारण होने वाले घाटे से रिफाइनरियों पर बोझ बढ़ेगा और उनकी निवेश योजनायें प्रभावित होंगी। इससे बीपीसीएल के लिए संभावित खरीदार तलाशने की संभावना भी धूमिल होगी। इसका निजीकरण उपयुक्त खरीदार की अनुपस्थिति में लटका है। शुरुआत में इसकी योजना 2019-20 में निजीकरण की थी, पर अब इसे अंतत: वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान करने का विचार है।

तेल कंपनियों को पेट्रोल व डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर तय करने की स्वतंत्रता के बाद सरकार को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जहां तक उपभोक्ताओं के लिए कीमतों पर लगाम लगाने की बात है, इसके लिए चार चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। पहला, उसे सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने के लिए खरीद रणनीति बनानी चाहिए। यूक्रेन संकट पर स्वतंत्र रणनीति बना कर मोदी सरकार ने कम कीमतों पर कच्चा तेल खरीदने का निर्णय किया है। हालांकि, छूट पर मिलने वाले रूसी तेल का हिस्सा 2 प्रतिशत से बढ़ कर 20 प्रतिशत पहुंच गया है। इन प्रयासों को जारी रखना चाहिए।

दूसरा, भारत सरकार ने पिछले एक साल में सेंट्रल एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी पेट्रोल पर घटा कर 13 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 16 रुपये प्रति लीटर कर दी है। आज इन ईंधनों पर सीईडी क्रमश: 20 व 16 रुपये प्रति लीटर है। इसे 2014 की घटाने की काफी गुंजाइश है जब पेट्रोल पर 9.5 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 3.6 रुपये प्रति लीटर सीईडी थी। राज्यों को भी इनसे वैल्यू एडेड टैक्स-वैट घटाना चाहिए। तीसरा, रिफाइनरियों को आरजीपी तय करने में एक अंतर्निहित व्यवस्था विकसित करनी होगी। वर्तमान समय में पेट्रोल व डीजल के आयात पर 2.5 प्रतिशत अधिक कस्टम ड्यूटी लगती है जबकि यह कच्चे तेल के आयात पर 'शून्य' है। इसके परिणामस्वरूप यदि वे कच्चा तेल आयात कर अपनी रिफाइनरियों से उसे अंतिम उत्पादों में बदलें तो उनको काफी लाभ होगा। रुपये की कीमत गिरने से यह लाभ कई गुना बढ़ सकता है। इसके साथ ही समुद्री माल भाड़े, बीमा व बंदरगाह चार्ज के रूप में भी काफी बचत हो सकती है जो आईपीपी में शामिल है, पर उसका प्रयोग नहीं होता है। इन सभी तरीको से होने वाला लाभ उपभोक्ताओं को हस्तांतरित किया जा सकता है। चौथा, कच्चे तेल का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के रास्ते में आने वाली सभी बाधायें दूर की जानी चाहिए ताकि उसमें अगले तीन साल में कम से कम 25 प्रतिशत तथा 2030 तक 50 प्रतिशत वृद्धि हो सके।

# मानवता के लिए शाकाहार जरूरी

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



जानवरों का मांस खाने वाले इंसानों की शुरुआत उस समय से हुई, जब मनुष्य ने यह नहीं सीखा था कि वह अपनी इच्छानुसार अनाज, सब्जी या फल कैसे उगा सकता है। कई स्थानों पर जानवर आस-पास रहते होंगे और इसलिए उन्हें पकड़ना और मारना आसान होता होगा। अपने भोजन को स्वादिष्ट व सहज सुलभ बनाने के लिए उसने मांसाहार का सहारा लिया। मेरी धारणा है कि महिलाओं में पुरुषों की तुलना में मांस की कम लालसा होती है। भारत में ऐसा ही है और यूरोप में भी यही छवियां एकत्र की गयी हैं। यह उन परंपराओं के कारण हो सकता है जो शिकार के लिए बाहर जाने वाले पुरुष के साथ शुरू हुई, जबकि महिला घर पर रह गयीं।

प्रकृति इंसानों को शाकाहारी बनाने की लिए थी, अन्यथा, उनके दांत-मांसाहारियों के विपरीत, जिनके कि लंबे, नुकीले दांत होते हैं जोकि अन्य जानवरों के मांस को फाड़ने में बहुत काम आते हैं-सपाट या चपटे नहीं होते। हाथी, गैंडा, गाय, घोड़ा और भैंस सभी के दांत, अनेक इंसानों के विपरीत, चपटे होते हैं और शाकाहारी बने रहे। यह पोषण, प्रोटीन या मांसपेशियों का सवाल नहीं था। सबसे मजबूत शाकाहारी जानवर घास, पत्तों पर जीवित रहते हैं लेकिन वे सभी वांछित सीमा तक मजबूत, मांसल और स्वस्थ होते हैं। शायद प्राकृतिक शाकाहारी के पाचन तंत्र को प्रोटीन या कुछ मिलते-जुलते पोषक तत्व मिलते होंगे जो हाथी और गैंडे को उनमें मौजूद ताकत और मांसपेशियां प्रदान करते हैं। मानव जगत में भी ऐसे चैंपियन पहलवान होते हैं, जिनमें कि खिलाड़ी या खिलाड़िनें दोनों होते हैं, जो शाकाहारी होते हैं, फिर भी, यह एक आम धारणा है कि मांस खाने वाले अपने शाकाहारी समकक्षों की तुलना में स्वाभाविक रूप से अधिक मजबूत और अधिक मांसल होते हैं। तर्क यह है कि मसूर या दाल की तुलना में मानव शरीर को मांस से प्रोटीन वास्तव में अधिक स्थानांतरित होता है।

मेरे विचार में, मांस खाने के क्रूरतम पक्ष की कल्पना की जा सकती है यदि कोई कल्पना करे या महसूस करे कि किसी ने अपने बच्चे को केवल मांस खाने के लिए मार डाला है। मांस आपूर्ति का आधुनिक तरीका इसे सूअर से पैदा



करना है, इसके लिए सूअरों को पाला जाता है, उन्हें हष्ट-पुष्ट किया जाता है और फिर बाजार में आपूर्ति के लिए उन्हें मार डाला जाता है। मेरी प्रतिक्रिया यह रही है कि जीवन एक जीवन है, चाहे वह कैसे भी पैदा होता हो और पैदा हुआ हो। भोजन की दृष्टि से यह याद रखना चाहिए कि एक जानवर मार दिए जाने से पहले, सौ किलोग्राम मांस आपूर्ति से पहले 900 किलो वनस्पति और अनाज का सेवन करता है। ये आंकड़े केवल यह दर्शाने के लिए हैं कि मांस और अनाज का अनुपात 9:1 है। अगले साल संभावित खाद्यान्न कमी के डर से, भारत सरकार ने गेहूं के किसी भी निर्यात पर रोक लगा दी है। यह सावधानी अत्यधिक जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होती है, जिससे ऋतुओं के क्रम में अप्रत्याशित परिवर्तन होते हैं। विश्व के कुछ क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई है, शहरों और उनके आसपास के इलाकों में बाढ़ आ गई है। दुनिया के अन्य क्षेत्रों में व्यापक सूखा पड़ा है। बाढ़ और सूखा सामान्य खाद्यान्न उत्पादन में बाधा होंगी। यह मांस खाने से परहेज को महत्वपूर्ण बनाता है। व्यक्ति या तो मांस से परहेज करके नौ किलो गेहूं बचाता है या केवल एक किलो मांस प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक मात्रा में खाद्यान्न का उपभोग करता है। स्वेच्छा से शाकाहारी भोजन का चयन करके, मनुष्य अपने द्वारा उपभोग की जाने वाली भूमि, पानी व तेल की मात्रा और ग्रह पर होने वाली आबादी की मात्रा को काफी कम कर सकते हैं। शाकाहारी भोजन का मतलब मांस आहार की तुलना में 2.5 गुना कम कार्बन उत्सर्जन है। एक साल के लिए शाकाहार से हम लगभग उतना उत्सर्जन बचा सकते हैं जितना कि छह महीने के लिए एक छोटी कार को सड़क से दूर रखकर हो सकता है। विश्व की जनसंख्या वर्ष 2050 तक 9 अरब से ऊपर जाने वाली है। मांसहारी जीवन का अर्थ यह है कि हम पृथ्वी के संसाधनों को, उनकी आपूर्ति के मुकाबले, अधिक तेजी से हजम कर रहे हैं। अपने उपभोग की वर्तमान दर पर मांसाहारी भोजन के साथ हमें अपने वर्तमान जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए तीन ग्रहों की आवश्यकता होगी।

एक हिंदू के लिए, उसकी सृष्टि में सभी जीवित प्राणी शामिल होते हैं। किसी जानवर को मारना हत्या है, चाहे वो बड़ा हो या छोटा। केवल एक शानदार भोजन का आनंद लेने के लिए जीव हत्या करना जघन्य माना जाता है। ऐसे कर्म की परिणामी नीयति (भाग्य) कठोर होगी। साधारण व्यक्ति चीजों के बारे में नहीं सोचता है। इसलिए अपराध साधारण व्यक्ति की कल्पना से परे होता है। हिंदू लोकाचार में, आत्मा एक इकाई है जो जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के अंतहीन चक्र के माध्यम से एक जीवित प्राणी से दूसरे जीवित प्राणी में स्थानांतरित होती रहती है। यही कारण है कि एक हिंदू आसानी से दूसरे प्राणी, यहां तक कि पक्षियों और जानवरों को मारने के लिए प्रेरित नहीं होता है। हिंदू धर्म यकीनन जीवन का एकमात्र तरीका है जो जानवरों और पौधों की पूजा करता है। पश्चिमी आस्थाएं जो कम शाकाहार के साथ रेगिस्तान में पैदा हुई थीं, उनमें पशु जीवन के प्रति कम सम्मान है। लेकिन पाश्चात्य जगत भी धीरे-धीरे कर्म के अंतर्संबंध को महसूस कर रहा है। विश्व स्तर पर भी, यह अहसास बढ़ रहा है कि वास्तविक शांति और मानव संघर्ष की समाप्ति सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा के बिना संभव नहीं है। इसलिए शाकाहारी जीवन शैली की ओर मुड़ना इस लक्ष्य को प्राप्त करने का सबसे सरल, लेकिन सबसे प्रभावी तरीका है।

## आप की बात

### पर्यावरण संरक्षण

**प्रकृति** और मानव एक दूसरे के पूरक है एक के बिना दूसरे अधूरे हैं। पर्यावरण के बिना इस पृथ्वी पर जीवन जीने की कल्पना नहीं की जा सकती है। हम अपनी सुख सुविधाओं और आधुनिक चीजों का शिकार होते जा रहे हैं। आज प्रकृति कमजोर पड़ती जा रही और इंसान अत्याधुनिक सुविधाओं में लैस होते जा रहा है।इंसान की करतूत से यदि प्रकृति रुठ जाए तो उसका अस्तित्व खत्म हो जाता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, ओजोन परत में छेद, जैव विविधता, पराबैंगनी किरणों का मानव शरीर तक सीधा पहुंचना और तरह.तरह की बीमारियों से ग्रसित होना, मौसम चक्र परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन यह सब प्रकृति के प्रति लापरवाही करने का ही परिणाम है । इसे बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना, पेड़ पौधे की कटाई पर रोक लगाना, एक पेड़ की कटाई पर 3 पौधे लगाना जल जीवन मिशन को बढ़ावा देना सकारात्मक कदम होगा। हर इंसान को जागरूक होना होगा और अपने पर्यावरण के बारे में सोचना होगा। इंसानों और प्रकृति के बीच गहरे संबंधों को यदि कायम रखना है तो पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति संवर्धन में सरकार, समाज व व्यक्ति सबको पूरी तरह से सहयोग देना होगा।

-**एस कुमार,** वैशाली

### तकनीक का दुरुपयोग

**आजकल** छोटी बच्चियों के साथ ज्यादती व महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं काफी ज्यादा बढ़ गई है। शर्म की बात है 10 साल से छोटी बच्चियों के साथ ज्यादती की घटनाएं देश में बढ़ने लगी हैं। जबसे मोबाइल पर गंदगी परोसी जाने लगी है तब से ही छोटी बच्चियों के साथ ज्यादती की घटनाएं काफी अधिक मात्रा में बढ़ी हैं। फिर ऐसी घटनाओं के पीछे बच्चियों के करीबी रिश्तेदार या आस पड़ोस वाले ही अधिक होते हैं। मोबाइल पर किसी की भी, कभी भी कहीं भी, किसी भी तरह की फिल्म बनाई जा सकती है एवं फिर उसे दिखाकर ब्लैकमेल भी किया जाता है। अत: हमारे देश में बढ़ती हुई बलात्कार की घटनाओं के लिए मोबाइल को सर्वाधिक दोषी माना जा सकता है इसमें जो कैमरा लगा होता है वही सबसे बड़ा दोषी है। तकनीक पर नियंत्रण व उसका दुरुपयोग रोकने के लिए समाज में व्यापक जागरूकता के साथ ही माता-पिता को अपने बच्चों को मोबाइल फोन के दुरुपयोग के बारे में सतर्क करना होगा। वैसे भी बहुत छोटे बच्चों द्वारा मोबाइल का प्रयोग हानिकारक हो सकता है।

-**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### मोदी की भूमिका

**हमारा** देश तेजी से "सुपर पॉवर" की ओर बढ़ रहा है। कतिपय देशों को छोड़कर दुनिया के हर छोटे-बड़े देश भारत के मुरीद बनते जा रहे हैं। इसी तारतम्य में हाल ही में "रूस-यूक्रेन" युद्ध के चलते भारत की सलाह रूस ने मानी है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सुझाई गई बात "यह युद्ध करने का वक्त नहीं है और समस्या का समाधान बातचीत से ही संभव है" को काफी तवज्जो दी है, साथ ही उसे रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने कजाखस्तान मीडिया में कहकर चर्चित भी बना दिया। हालांकि इस मामले में यूक्रेन की स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। बावजूद इसके हमारा देश आरम्भ से ही शान्ति का सन्देश देता रहा है। संभव है रूस-यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहे युद्ध में अमन की राह अवश्य निकलेगी। रूस-यूक्रेन युद्ध के गंभीर होने व लंबा खिंचने से तीसरे विश्व युद्ध का खतरा भी पैदा हो सकता है। ऐसे में भारत सरकार, विदेश मंत्रालय व खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण बन जाती है कि वे दुनिया भर के देशों में विश्व शांति का माहौल बनाएं।

**शकुंतला महेश,** इंदौर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**सरदार** साहब ने सभी देशी रियासतों को भारत में विलय के लिए मना लिया, पर कश्मीर का मामला एक और सज्जन हल कर रहे थे।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**प्रधानमंत्री** ने असली इतिहास पर लीपापोती की है। जम्मू कश्मीर पर नेहरू की निन्दा करने के लिए हम तथ्यों की अनदेखी कर रहे हैं।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**महाराजा** जुलाई, 1947 में भारत में विलय कर लेना चाहते थे, पर नेहरू ने उनकी प्रार्थना नहीं मानी।

- **किरन रिजिजू**
केन्द्रीय मंत्री

# माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ कठोरता से निपटें: योगी

**● हर्ष उल्लास के साथ मने पर्व-त्योहार, नागरिक सुविधाओं में न हो कमी: मुख्यमंत्री**

**● मुख्यमंत्री का निर्देश, खान-पान की चीजों में मिलावटखोरी स्वीकार नहीं, होगी कार्रवाई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी त्योहारों** को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दुर्गापूजा, दशहरा और श्रावणी मेले हों या फिर ईद, बकरीद, बरावफात, मुहर्रम आदि पर्व प्रदेश में सुखद माहौल रहा। बेहतर टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, अयोध्या दीपोत्सव, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे विशेष त्योहार हैं। इसके अलावा बलिया का ददरी मेला, अयोध्या में पंचकोसी, 84 कोसी परिक्रमा, प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा स्नान, हापुड़ का गढ़मुक्तेश्वर मेला आदि मेलों का आयोजन भी इसी अवधि में है। लगभग ढाई साल के बाद सामान्य हुई स्थितियों के बाद इस बार त्योहारों में लोगों में अधिक उल्लास होना स्वाभाविक है। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। अत: हमें सतत सतर्क-सावधान रहना होगा। सीएम ने कहा कि हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने



वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना की भी परंपरा है। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें। प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के स्थान पर तालाबों के प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक करें। दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों, गोदामों का आबादी से दूर होना सुनिश्चित कराएं। जहां पटाखों का क्रय, विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इंतज़ाम किए जाएं। पुलिस बल की सक्रियता भी बनी रहे। पटाखों की दुकान खुले स्थान पर हो। इन्हें लाइसेंस, एनओसी समय से जारी कर दिया जाए। पर्यावरण और हम सभी के स्वास्थ्य की दृष्टि से अति संवेदनशील पटाखों के क्रय-विक्रय को हतोत्साहित किया जाए। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में समाज के प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं। उन्होंने कहा कि छोटी सी घटना लपरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। त्वरित कार्यवाही और संवाद-संपर्क अप्रिय घटनाओं को संभालने में सहायक होती है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर बिना विलंब किए, डीएम, एसएसपी जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे। संवेदनशील प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारी लीड करें। पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। ऐसे मामलों पर नजर रखें। हर नगर की जरूरत के अनुसार ट्रैफिक प्लान तैयार करें। यह सुनिश्चित करें कि बाजार आने वाले लोग ट्रैफिक जाम में न फंसें। बलिया में ददरी मेले के दौरान पारंपरिक पशु मेले का भी आयोजन होता रहा है। इस वर्ष दुधारु पशुओं में लंपी वायरस के संक्रमण की स्थिति है। ऐसे में इस समय पशु मेले को स्थगित रखा जाना उचित होगा। इस संबंध में पशुपालकों को समय से जानकारी दे दी जाए। पशु मेला स्थगन के साथ-साथ उन्हें लंपी वायरस से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया जाना चाहिए। मिलावटखोरी आम जन के जीवन से खिलवाड़ है। किसी भी सूरत में मिलावटखोरी को सहन नहीं किया जाएगा। पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए।

**अपरिहार्य स्थिति को छोड़ कोई भी मेडिकल इमरजेंसी केस रेफर न किया जाए:** सीएम ने कहा कि प्रदेश के हर सीएचसी, पीएचसी का सर्वेक्षण कराते हुए वहां उपलब्ध चिकित्सकों और दवाओं की उपलब्धता की रिपोर्ट तैयार करें। जहां डॉक्टर की जरूरी हो, वहां बिना विलंब चिकित्सक तैनात करें। ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ एटीएम और टेलीकन्सल्टेशन को और प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। लगातार प्रयासों से प्रदेश के हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस बीच कुछ जिलों से इमरजेंसी केस को लखनऊ रेफर करने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। यह उचित नहीं है। यह सुनिश्चित कराएं कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़ कोई भी मेडिकल इमरजेंसी केस रेफर न किया जाए। हर मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का विवरण भी तैयार कराएं। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइज़ेशन और फॉगिंग का कार्य मिशन मोड में किया जाए। अतिरिक्त मानव शक्ति की जरूरत हो तो समय से प्रबंध करें। स्वच्छता कार्य की शासन स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। पर्व और त्योहारों के इस उल्लासपूर्ण माहौल में लोगों के आवागमन में बढ़ोतरी स्वाभाविक है। बड़ी संख्या में लोग अपने घर जाते हैं। ऐसे में परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण रुट पर बसों की संख्या बढ़ाई जाए। खराब हालत वाली बसों को सड़क पर कतई न चलने दें।

## मुख्यमंत्री देवरिया को देंगे ढाई सौ करोड़ की योजनाओं की सौगात

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि जनसंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री रविंद्र किशोर शाही की पुण्यतिथि पर पथरदेवा के आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया गया है। 18 अक्टूबर को कृषि मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री लगभग 150 करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे एवं लगभग 100 करोड़ रूपये की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कृषि मेले के दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे। 20 अक्टूबर को केंद्रीय कृषि एवं पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 3 दिवसीय कार्यक्रम में देश के जाने माने कृषि संस्थानों के वैज्ञानिक और निदेशक आएंगे। कृषि मेले में किसानों को सरकार की योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों से परिचित कराया जाएगा। किसानों को कुछ बीज मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।

# कांग्रेस अध्यक्ष बना तो पार्टी में विकेंद्रीकरण करूंगा: थरूर




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस अध्यक्ष** पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने कहा कि देश के लोकतंत्र के लिए कांग्रेस जरूरी है। यह चुनाव पार्टी के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। हम कांग्रेस को भविष्य के लिए तैयार करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने यह बात रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 22 साल से चुनाव नहीं हुआ। राहुल गांधी ने जब तय किया कि वो चुनाव नहीं लड़ेंगे तो मैंने फैसला लिया। पार्टी मुश्किल में है। कई वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़कर चले गए। वरिष्ठ नेताओं का भी भरोसा कुछ कमजोर हुआ है। देश के लिए मजबूत कांग्रेस जरूरी है। हम दिखाना चाहते हैं कि पार्टी भविष्य के लिए बदलाव आत्मसात कर सकती है। राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की हत्या के बावजूद कांग्रेस ने दिखाया कि वह देश चला सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज उठाना जरूरी है। मैं नामांकन से पहले पार्टी की वर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने गया था, उन्होंने सहमति दी। उन्होंने मुझे लड़ने को कहा और ये बताया कि हमारा कोई आधिकारिक प्रत्याशी नहीं होगा। गांधी परिवार चाहता है कि लोग अपनी इच्छा से अपना अध्यक्ष चुनें। यह चुनाव कांग्रेस के लिए भी अच्छा है। अगर गांधी परिवार चाहता है कि लोग चुनें तो यह ठीक ही है। शशि थरूर ने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे के बारे में कहा कि हम एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं। मैंने उनके साथ काम किया है। उन्हें संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव है। हम दोनों के काम करने का तरीका अलग है। शशि थरूर ने कहा कि अगर मैं कांग्रेस अध्यक्ष बना तो पार्टी में विकेंद्रीकरण करूंगा। ये सुनिश्चित करूंगा कि सभी निर्णय दिल्ली से न हों। हर प्रदेश अध्यक्ष अपने हिसाब से फैसला लें। सप्ताह में दो दिन ऐसा होना चाहिए जब बिना अपॉइंटमेंट नेता अध्यक्ष से मिल सकें। शशि थरूर ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए गुप्त मतदान होगा। किसी को भी ये पता नहीं होगा कि किसने किसको वोट दिया है। जीत खरगे जी की हो या मेरी, जीतेगी कांग्रेस ही। उन्होंने कहा कि लोगों ने मुझे कहा कि हम गुप्त मतदान के लिए तैयार हैं। लोग अगर खुश हैं तो गर्व से हार मानूंगा। अगर लोग नहीं खुश हैं तो वोट करें। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार हमेशा से ही कांग्रेस से जुड़ा हुआ है पर उनका कोई आधिकारिक उम्मीदवार नहीं है।

## जलभराव प्रभावित लोगों को न हो कोई असुविधा: शाही

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज जनपद देवरिया के विकास भवन के गांधी सभागार में जनपद के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ की समीक्षा की। उन्होंने जलभराव से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने व हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि जलभराव से प्रभावित लोगों को पेयजल, खाद्य सामग्री आदि की असुविधा नहीं होनी चाहिए। राहत सामग्री का वितरण आवश्यकतानुसार ट्रैक्टर अथवा नाव से किया जाए। वर्तमान समय में 22 टीमें राहत सामग्री वितरण कार्य में लगीं हैं। जिन इलाकों में जलभराव के दृष्टिगत सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत आपूर्ति बाधित हैए वहां जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने बताया कि जनपद में 45 गांव में राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जलभराव प्रभावित गांव के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। जनपद में ऐसे 73 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

कृषि मंत्री ने राहत व बचाव कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जलभराव से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत सामग्री का वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलस्तर में कमी आने के उपरांत संक्रामक रोगों के मामले अधिक संख्या में देखने को मिलते हैं। उससे निपटने की तैयारी अभी से करने के निर्देश दिए। मच्छर न पनपे, इसके लिए फॉगिंग की जाए। कृषि मंत्री ने तटबंधों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि समस्त तटबंधों की पेट्रोलिंग की जाए। बंधों को किसी भी दशा में टूटने न दिया जाए। कृषि मंत्री ने सीएमओ को जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा बनाएगी जीत का रिकॉर्ड: अमरपाल मौर्य

**● अवध क्षेत्र की 94 नगर पंचायतों के चुनाव प्रभारियों, चुनाव संयोजकों की बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगरीय निकाय** चुनाव की रणनीति को लेकर भाजपा ने मंथन तेज कर दिया है। अवध क्षेत्र की नगर पंचायतों के चुनाव प्रभारियों और संयोजकों की घोषणा के बाद अवध क्षेत्र की पहली बड़ी बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में निकाय चुनाव के मुद्दे, चुनाव प्रबंधन, बूथ मैनेजमेंट सहित चुनाव से सम्बंधित अन्य रणनीतिक पहलुओं पर बारीकी से मंथन हुआ। इस अहम बैठक में अवध क्षेत्र के सभी जिलों के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष व चुनाव संयोजक शामिल हुए।




प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्य ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं विकास कार्यो के बल पर भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव सबसे बड़ा चुनाव है। इसके नतीजों से जनता में संदेश जाएगा। लिहाजा इसमें वार्ड से लेकर निकाय प्रमुख के सभी पदों पर जीत हासिल करनी है। उन्होंने नगर निकाय की प्रत्येक सीट की सामाजिक, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर रिपोर्ट तैयार करने की हिदायत दी। इसके अतिरिक्त नए परिसीमन के अनुसार मतदाता सूची में वोटरों का नाम बढ़वाना, वार्ड संयोजकों की नियुक्ति, पोलिंग प्रभारी, बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख, गली मोहल्ले स्तर पर टोली प्रमुख, बूथ लेवल एजेंट का गठन आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक का संचालन क्षेत्रीय महामन्त्री एवं नगर निकाय चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक विजय प्रताप सिंह ने किया।

## निकाय चुनाव में सिंधी समाज भी 38 शहरों की सौ सीटों पर उतारेगा प्रत्याशी

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव में इस बार प्रदेश में सिंधी समाज अपनी राजनीतिक ताकत मजबूत करने के लिए प्रदेश के 38 शहरो को चिन्हित कर सौ सीटों पर लड़कर जीत की रणनीति तैयार कर रहा है। आगामी नगर निकाय चुनाव में सिंधी समाज बड़ी ताकत बनकर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करना चाहता है। मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि अभी हाल ही में लखनऊ सिंधी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर समाज के लिए भाजपा से पांच पार्षद पद के टिकट मांगे हैं। इसी तरह अन्य दलों से भी समाज का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा और टिकट की मांग करेगा। सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि चाहे दल के सिंबल से या निर्दल प्रत्याशी बनकर इस बार सौ सीटों पर लड़कर सिंधी समाज की राजनीतिक पिच तैयार करनी है उन्होंने कहा कि राजनीति पर सिंधी समाज की स्थिति शून्य के समान है जो दुर्भाग्य का विषय है कोई भी राजनीतिक दल सिंधी समाज तव्वजो नहीं देता है इसी का कारण है कि राजनीति मे सिंधी समाज बहुत पीछे है।

# कांग्रेस, बसपा ने मुस्लिमों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया: पाठक

**● धारा 370 को हटाकर मोदी ने कश्मीर को विकास की राह से जोड़ने का काम किया: खटाना**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रविवार को** लखनऊ के क्राइस्ट चर्च कालेज में आयोजित पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश के साथ प्रदेश में भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों को सिर्फवोट बैंक समझा और उन्हें सिर्फअपने फायदे के लिए प्रयोग कर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे दल कभी मुसलमानों का भला नहीं कर सकते क्योंकि वह उनकी तरक्की नहीं होने देना चाहते।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश के बड़े राजनीतिक दलों ने सिर्फमुस्लिमों का इस्तेमाल किया। अब आपको बिलकुल गुमराह नहीं होना है। आपको भाजपा के साथ तथा पीएम नरेंद्र मोदी के साथ रहना है। मैं ब्रजेश पाठक हमेशा आपका सेवक बनकर साथ हूं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस दौरान उदाहरण देकर पिछड़ा वर्ग के मुस्लिमों को समझाया कि जिस तरह बिरयानी बनाने से पहले तेज पत्ते को खरीद कर सहेजा जाता है और फिर बिरयानी में डालकर उसका प्रयोग किया जाता है लेकिन बिरयानी खाते समय उसे उठाकर कोने में डाल दिया जाता है। ठीक इसी तरह कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों में मुसलमानों के साथ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज को भी सारी योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ दे रहे हैं। मुफ्त राशन, मुफ्त मकान, मुफ्त शौचालय और पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मोदी सरकार ही दे रही है। उन्होंने बताया कि देश में साढ़े चार करोड़ लाभार्थी वर्ग अल्पसंख्यक समाज से ही आता है। इस आंकड़े से पता लगता है कि सरकारी जनल्याणकारी योजनाओं में किस तेजी के साथ पसमांदा समाज की भागीदारी बढ़ी है जो मुस्लिमों खासकर पसमांदा समाज को थोक का वोटर मानते थे। उनके लिए पसमांदा समाज केवल सत्ता की सीढ़ी भर था। लेकिन भाजपा ने अपनी योजनाओं के वितरण में बिना किसी भेदभाव के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजनीतिक दल के रूप में यह देश का पहला ऐसा सम्मेलन है जिसमें मुस्लिम समाज के वंचित शोषित और पिछड़ों से सीधे जुड़ने का प्रयास हो रहा है। इससे पसमांदा मुसलमानों के भीतर विभिन्न उप जातियों के साथ वार्तालाप का एक चैनल स्थापित होगा। वंचितों शोषितों और गरीबों को समाज सरकार के साथ मुख्यधारा में लाना है। यह आयोजन अंत्योदय के लक्ष्य का एक पायदान भर है। राज्यसभा सदस्य गुलाम अली खटाना को कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। खटाना ने बताया कि केंद्र से भेजे जाने वाले आर्थिक सहयोग डकारने के लिए किस तरह 370 का दुरुपयोग किया जाता था। इस धारा को हटाकर पीएम मोदी ने कश्मीर को विकास की राह से जोड़ने का काम किया है। साबिर अली ने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने पसमांदा समाज से मुनाफिक की तरह बर्ताव किया है। उन्होंने केवल बंटवारे की राजनीति की है और समाज के वंचित शोधित तबके को और पीछे ही धकेला है। अब भाजपा सरकार में नया बदलाव आया है अल्पसंख्यक समुदाय को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पसमादा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे कहने में कोई गुरेज नहीं है इससे पहले की सरकारों ने पूरे मुस्लिम समुदाय को 70 सालों तक भाजपा के नाम से डरा डराकर केवल बेवकूफ बनाया है।

# सपा प्रतिनिधि मण्डल 19 को जाएगा एटा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** का प्रतिनिधि मण्डल 19 अक्टूबर को जनपद एटा जायेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि जनपद एटा के ग्राम नगला बलू में पाल समाज के 3 लोगों पर दबंग व्यक्तियों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया जिसमें 2 लोगों की मौत हो गयी तथा एक महिला गम्भीर हालत में अस्पताल में जिन्दगी और मौत से जूझ रही है इसकी जानकारी एवं शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए सपा का 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ग्राम नगला बलू जनपद एटा पहुंचेगा। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य है श्याम लाल पाल प्रदेश महासचिव सपा, वहीद महमूद जुबैरी जिलाध्यक्ष एटा, भूपेन्द्र प्रजापति जिला महासचिव, अनिल पाल पूर्व प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, रमेश बघेल पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सुभाष शाक्य पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, एवं राम बृजेश यादव ब्लाक अध्यक्ष जैथरा शामिल रहेंगे।

## एमएलसी महेंद्र सिंह को भाजपा ने त्रिपुरा चुनाव का प्रभारी बनाया

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश के सदस्य विधान परिषद महेंद्र सिंह को त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाया है। सांसद राज्यसभा समीर उरांव को इस चुनाव के लिए वहां सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने दी है।

# मनरेगा में पारदर्शिता व निगरानी के लिए किये जा रहे अभिनव कार्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री केशव** प्रसाद मौर्य ने मनरेगा कार्यों में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिये बनी मोबाइल मानीटरिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाये जाने के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में वाट्सअप ग्रुप बनाये गये हैं। इस कार्य को मनरेगा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है इस व्यवस्था के बहुत ही सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर आयेगें।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा के तहत ऐसे कार्यस्थलए जहां 20 अथवा 20 से अधिक श्रमिक नियोजित हैं और कार्य कर रहे हैं, उन स्थलों पर श्रमिकों की उपस्थिति मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम के द्वारा किए जाने की व्यवस्था दी गयी है। इन कार्य स्थलों पर नियोजित श्रमिकों की उपस्थिति के सम्बन्ध में और अधिक पारदर्शिता हेतु वाट्सअप ग्रुप बनाये जाने के निर्देशों के क्रम में शत प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय



भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर बनाये गये इन वाट्सअप ग्रुप में वर्तमान सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, प्रधानो को तो जोडा ही गया है, साथ ही इन पदों के पिछले चुनाव के प्रथम रनर प्रत्याशी, प्रतिनिधि भी जोड़े गये हैं। इसके अलावा पंचायत सेकेट्री व गाइड लाइन के अनुसार अन्य पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव को जोड़ने की कार्यवाही की गयी है।

### मनरेगा में एमआईएस से सम्बंधित प्रशिक्षण आज से शुरू

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर और उनके कुशल दिशा निर्देशन में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत एमआईएस (मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम) से सम्बंधित कार्यों को और अधिक बेहतर व सुव्यवस्थित तरीके से कराये जाने हेतु सम्बंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 17 से 20 अक्टूबर तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य स्तर पर पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1600 नामित कार्मिकों, प्रतिनिधियों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप मे प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के मुताबिक 17 अक्टूबर को आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, सीतापुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली व बस्ती के 400 लोगो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार ने बताया कि 17 अक्टूबर को 17 जिलों के 215 विकास खण्डों के 55 एपीओ, 53 एकाउन्ट सहायक, 60 कम्प्यूटर आपरेटर, 54 खण्ड विकास अधिकारी, 16 उपायुक्त मनरेगा, 63 ग्राम प्रधान, 49 पंचायत सेकेट्री, और 49 ग्राम रोजगार सेवक प्रतिभाग करेंगे।

# विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने परीक्षार्थियों को मुहैया कराई छत

संवाददाता। सीतापुर

- 6 हजार परीक्षार्थियों के लिए भोजन का किया बंदोबस्त
- आयोजित भंडारे में तमाम परीक्षार्थियों ने ग्रहण किया भोजन
- नौ स्थानों पर रात्रि विश्राम के लिए की व्यवस्था

**गैर जनपदों** से परीक्षा देने आए पेट परीक्षार्थियों की मदद के लिए सीतापुर के विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने न कि रहने का उचित बंदोबस्त किया, बल्कि सभी परीक्षार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था की। संगठन कार्यकर्ताओं को जैसे ही जानकारी हुई कि परीक्षार्थियों के सामने रहने और खाने की दिक्कतें आ रही है, वैसे ही उन्होंने शहर के स्टेशन रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय, रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, नेपालापुर स्थित माता रानी मंदिर, आरएमपी इंटर कॉलेज परिसर स्थित शिव मंदिर, इनकम टैक्स कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, आर्य नगर स्थित सीताराम मंदिर, काशीराम कॉलोनी स्थित रामलला मंदिर और सदर बाजार स्थित गेस्ट हाउस में परीक्षार्थियों को ले जाकर ठहराया एवं दोनों वक्त के लिए भोजन व जलपान की व्यवस्था की। बजरंग दल अवध प्रांत सह संयोजक उत्तम सिंह ने बताया कि रविवार सुबह से ही भंडारा शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि देर शाम तक परीक्षार्थी भंडारे में आते रहे। उन्होंने बताया कि करीब 5 हजार परीक्षार्थियों ने रात्रि विश्राम किया और भंडारे में लगभग छह हजार परीक्षार्थियों ने भोजन ग्रहण किया। व्यवस्था में नगर अध्यक्ष विहिप प्रमोद सिंह, कमलेश सिंह, संदीप सक्सेना, सूरज, साहिल ठाकुर, बबलू, त्रिपुरेश शुक्ला, संदीप आदि का विशेष योगदान रहा।

## सांसद ने जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल

**सीतापुर।** दिल्ली से लौटे सीतापुर सांसद राजेश वर्मा बीते 2 दिनों से लगातार बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दर्द ताजा कर रहे हैं रविवार को भी सांसद ने बाढ़ प्रभावित ब्लाक रेउसा और रामपुर मथुरा के कई गांवों का भ्रमण किया रेउसा क्षेत्र की बाढ़ चौकी मल्हन बेहट पर राहत सामग्री का वितरण किया और एसडीएम बिस्वा पी एल मौर्य को गांवों में जाकर राहत सामग्री वितरण कराने के निर्देश दिए सांसद ने स्वास्थ्य शिविरों का भी निरीक्षण किया और डॉक्टर विकास मिश्रा और डॉक्टर विशाल गुप्ता से आने वाले मरीजों के विषय में जानकारी ली दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और दवाइयों की कमी ना होने देने के निर्देश भी दिए सांसद ने रामपुर मथुरा क्षेत्र में भ्रमण कर राहत व बचाव कार्यों की जानकारी ली बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर राहत सामग्री बांटी और उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें फसलों के नुकसान का भी मुआवजा दिलाया जाएगा जिन लोगों के घर कट गए हैं उनके लिए भूमि उपलब्ध करा कर फिर से उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर बसाया जाएगा सांसद राजेश वर्मा ने बाढ़ को लेकर कार्य कराने के बाद स्पेशल पैकेज की मांग करके टूटी सड़कों मार्गों की मरम्मत कराई जाएगी इस दौरान उनके साथ बिस्वा एस डी एम पी एल मौर्य महमूदाबाद एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी तहसीलदार मनीष कुमार संतोष सिंह चंद्र भूषण शुक्ला मोहन भारी भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा संतोष मनोज गुप्ता समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# किन्नर प्रत्याशी ने ठोंकी ताल, रोचक होगा महोली का मुकाबला

संवाददाता। सीतापुर

**नगर पंचायत** महोली के चुनाव में इस बार किन्नर समाज के उतरे प्रत्याशी ने तड़का लगा दिया है। यह कोई पहला मौका नहीं है। जब नगर निकाय चुनाव में किन्नर समाज के प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद पर ताल ठोंकी है। इससे पहले भी वाराणसी जैसे महानगर में किन्नर समाज ने मेयर पद पर प्रतिनिधित्व किया है। अन्य पदों पर भी किन्नर समाज की दावेदारी चर्चा में रहती है। बहरहाल किन्नरों के बीच से निकल कर नगर पंचायत महोली में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर दावेदारी कर रही पिंकी यादव नगर में व्याप्त गंदगी, सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश गलियों में जलभराव और जर्जर व खस्ताहाल सड़कों को अपना मुद्दा बनाया है। गरीबों की मदद करने और सबकी परेशानी दूर करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। नगर पंचायत महोली के मतदाता किसे चेयरमैन चुनेंगे यह तो वक्त बताएगा। फिलहाल पिंकी किन्नर का सम्पर्क जारी है। सीमा विस्तार के बाद नगर पंचायत महोली में अब बढ़कर 17 वार्ड हो गए हैं। लगभग 24 हजार 630 मतदाता अपना चेयरमैन चुनेंगे। अध्यक्ष पद को लेकर करीब एक दर्जन से अधिक प्रत्याशियों के नाम चर्चा में हैं। महोली नगर पंचायत का गठन वर्ष 1976 में हुआ था। नगर पंचायत के पहले चेयरमैन अशोक दीक्षित चुने गए थे। दूसरी बार चन्द्र कुमार शुक्ला और तीसरी बार फिर अशोक दीक्षित को जनता ने अपना चेयरमैन चुना। चौथी बार चन्द्र कुमार शुक्ला फिर कब्जा जमाने में सफल रहे। पांचवें चुनाव में दिनेश गुप्ता ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। मौजूदा समय सरिता गुप्ता चेयरमैन है।

## क्विक न्यूज

### मकान का छज्जा गिरने से तीन बच्चे घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**संडीला(हरदोई)।** एक मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर जाने से उसके नीचे खेल रहे तीन बच्चे मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम कुसाय निवासी कल्लू का 8 वर्षीय पुत्र राज, 4 वर्षीय पुत्री पायल तथा 3 वर्षीय पुत्री सपना घर में छज्जे के नीचे खेल रहे थे। इसी बीच मकान का छज्जा गिर गया और तीनों बच्चे उसके मलबे के नीचे दब गए। आस पास के लोगों ने काफी प्रयास करके तीनों बच्चों को मलबे से बाहर निकाला। सभी बच्चों को परिजन सीएचसी कछौना ले गए जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### हैंड पंप में करंट आने से टेंट व्यवसाय की मौत

**संडीला(हरदोई)।** हैंड पंप में करंट आ जाने से एक टेंट व्यवसाई की दुखद मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कर्केड्डा निवासी 35 वर्षीय अयोध्या प्रसाद पुत्र भगवानदीन टेंट का कारोबार करते थे। वह घर के बाहर लगे हैंडपंप पर नहाने के लिए गए थे। हैंडपंप में मोटर लगा था जिसमें करेंट आ रहा था। जैसे ही अयोध्या प्रसाद ने हैंडपंप को चलाना चाहा वे हैंडपंप से चिपक गए। किसी प्रकार उनको हैंडपंप से अलग करके उन्हें सीएचसी बेंहदर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव असद नगर निवासी 25 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र राधेश्याम को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि संजू कल शाम को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन जब रसूलपुर गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और उसे स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से देर रात उसे अस्पताल लाया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बरेली।** पति से हुए विवाद के बाद एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन पति और पड़ोसियों ने उसे बचा लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र की मारुति विहार कॉलोनी मे कल ही रहने आये कस्बा व थाना आंवला निवासी शिवओम की पति पत्नी सुनीता ने आज दोपहर पति से हुए झगड़े के बाद पंखे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगाने का प्रयास किया जिला अस्पताल में मौजूद चंदौसी के चमरौआ निवासी सुनीता की मां हेमवती अस्पताल पहुंची जहां उसने बताया कि उसने सुनीता का विवाह लगभग 6 माह पूर्व कपड़े की दुकान चलाने वाले शिवओम से किया था जो आंवला में ही कपड़े की दुकान चलाता है लेकिन कल ही मारुति विहार स्थित अपने मकान में पत्नी के साथ रहने आया था जहां आज सुबह दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज सुनीता ने घर के एक कमरे के पंखे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगाने की कोशिश की लेकिन पति ने उसे देख लिया और पड़ोसियों की मदद से बचा लिया और घटना की जानकारी सुनीता के मायके वालों को दे दी उसने पड़ोसियों की मदद से सुनीता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया माहिम बत्ती में किसी पर भी आरोप लगाने से इनकार किया हेमवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली।** ग्रामीण ने बीती रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।मीरगंज थाने के गांव सत्तूईया पट्टी निवासी 50 वर्षीय मदन पाल पुत्र एतराज सिंह ने बीती रात अपने ही घर में जानवरों के बाड़े के पास स्थित बरामदे मे छत की कड़ी से गमछा बांध कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मदन पाल की आर्थिक हालत काफी खराब थी और उस पर कई लोगों का कर्जा था जिसके चलते जो मानसिक रूप से परेशान चल रहा था कल रात को वह रोजाना की तरह अपने बिस्तर पर सोया था लेकिन रात में किसी समय उसने फांसी लगा ली रात में ही रास्ते से गुजर रहे गांव के एक व्यक्ति ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और उसके घर वालों को जगाया घरवालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम निशा है।

# एसडीएम ने पेश की मानवता की मिसाल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**एसडीएम संडीला** देवेन्द्र पाल सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क के किनारे तड़प रहे अज्ञात युवक को अपनी गाड़ी में डालकर उसे सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों के प्रयास से उक्त युवक की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम संडीला देवेन्द्र पाल सिंह की पीईटी परीक्षा संपन्न कराने के लिए हरदोई में ड्यूटी लगी थी। अपनी ड्यूटी संपन्न करके वे अपनी सरकारी जीप से शनिवार की रात घर वापस लौट रहे थे। जब वे लखनऊ हरदोई मार्ग पर स्थित पावर हाउस के पास पहुंचे तो उन्होंनें देखा कि सड़क के किनारे एक अज्ञात युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है, पास ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। ऐसा लग रहा था किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारी है। युवक बेहोश था। इस पर उन्होंनें अपनी जीप रुकवाई और इंस्पेक्टर कछौना को वायरलेस से मेसेज दिया तथा एंबुलेंस के लिए कॉल की लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं आई। एसडीएम ने तत्काल अपने साथ गए कर्मियों से कहकर घायल युवक को अपनी जीप में डाला और उसे सीधे सीएचसी संडीला ले जाकर भर्ती कराया। डॉक्टरों के प्रयास से रविवार की सुबह उक्त युवक को होश आ गया। उसने अपना नाम नीरज कुमार पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम रामपुर जमुखिया कोतवाली बेनीगंज बताया। उसने बताया कि वह पीईटी की परीक्षा देने हरदोई गया था और वहां से लौटते समय उसको किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस संबंध में चिकित्साधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने बताया कि अब उक्त युवक की हालत खतरे से बाहर है। उन्होंनें बताया कि यदि इसे तत्काल भर्ती न कराया गया होता तो इसकी मृत्यु निश्चित थी। युवक के परिजन भी सूचना पाकर सीएचसी पहुंच गए हैं।

# युवक की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

संवाददाता। बरेली

**युवक की** हत्या के आरोप में पुलिस 3 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा उनके पास से आला कत्ल व अन्य सामान भी बरामद हुआ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अभय राजपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र भगवानदास की हत्या के आरोप में पुलिस ने नवाबगंज थाना क्षेत्र के ईशा जागीर निवासी धीर सिंह पुत्र हरिराम, भगवान दास और यहीं के रहने वाले नन्हे उर्फ आसे राम पुत्र बेनी राम को आज बिजोरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया मृतक ओम प्रकाश की लाश 8 अक्टूबर को बंद पड़ी नहर में पाई गई थी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था मृतक के भाई भूपेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी तब पुलिस ने आज तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 7 अक्टूबर को मृतक का धीर सिंह से विवाद हो गया तब भीम सिंह ने अपने साथियों की मदद से गमछे से ओमप्रकाश की गला घोट कर हत्या कर दी और शव को खाली पड़ी नहर में फेंक कर फरार हो गए इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था पुलिस ने आज तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा उनके पास से आला कत्ल 6000 रुपए नकद हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी बरामद हुआ ।

## बड़ी मात्रा में अफीम बरामद पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बरेली ।** बीती रात पुलिस और लखनऊ एसटीएफ की टीम ने 4 किलो अफीम के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा शाही थाना क्षेत्र में बीती रात लखनऊ एसटीएफकी टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद शाही थाने की पुलिस की मदद से शाही चौराहा पर तलाशी अभियान चलाते हुए झारखंड के रांची निवासी मुकेश चौरसिया और उसके लड़के प्रियांशु चौरसिया को हिरासत में ले लिया पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो दोनों के पास से 4 किलो अफीम बरामद की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किए गए पिता-पुत्र ने बताया कि वह नेपाल से अफीम खरीद कर लाते हैं और उसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, उत्तराखंड में महंगे दाम में बेचते हैं उन्होंने बताया कि वह बरामद हुई अफीम को नेपाल से लाए थे और उसे बेचने के लिए उत्तराखंड जा रहे थे लेकिन इसकी सूचना लखनऊ एसटीएफको पहले ही मिल गई और वह कल शाम को शाही इलाके में पहुंच गई जहां स्थानीय पुलिस की मदद से पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर अफीम बरामद कर ली गई गिरफ्तार पिता-पुत्र को पुलिस ने जेल भेजा।

## गोकशी की सूचना पर हुआ हंगामा

**बरेली** ।जमीन पर फैले खून को देखकर लोगों ने गोकशी की बात कहते हुए हंगामा किया हिंदू हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने गोकशी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की पुलिस ने खून के सैंपल जांच को भेजते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया ।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव सकरस में आज सुबह टहलने के लिए जा रहे ग्रामीणों ने सकरस पुल के नीचे जमीन पर फैले खून को देखा और इसे गोवंशीय पशुओं का खून बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया ग्रामीणों ने कहा कि रात के समय तस्करों ने पशुओं का वध किया है और उन्होंने अवशेषों को पास में बहने वाली नदी में फेंक दिया है जिससे मौके पर केवल खून ही रह गया है लोग गोकशी करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे सूचना मिलते ही राष्ट्रीय योगी सेना के उपाध्यक्ष देवेंद्र भास्कर भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

## लोधी समाज की बैठक आयोजित



**सिंगाही खीरी।** आखिल भारतीय लोधी महासभा और राष्ट्रीय लोधी महासभा की सामूहिक बैठक सिंगाही नगर के समाजसेवी सुरेन्द्र लोधी के आवास पर उनकी अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष बैजनाथ लोधी ने बताया कि यह समाज जन्मजात भाजपा को वोट देते हुए आ रही है जिसमें सिंगाही नगर के वार्ड नं.-3 से ओम प्रकाश लोधी को सभासद प्रत्याशी के रूप में भाजपा से समर्थन मिलना चाहिए और बताया कि ओम प्रकाश लोधी पुराने पदाधिकारी भाजपा किसान मोर्चा के रह चुके है। दो बार मंडल महामंत्री रह चुके हैं। इनकी सक्रियता को देखते हुए इनको पार्टी द्वारा सम्मान मिलना चाहिए यदि पार्टी सम्मान करेगी तो समाज पार्टी का सम्मान करता आया है और करेगा। राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष रतीराम लोधी ने समर्थन करते हुए कहा कि ओम प्रकाश लोधी जी बहुत पुराने भाजपा से जुड़े है। पार्टी को सम्मान करना चाहिए। हम लोगों का पूरा समर्थन है। इस दौरान बृम्हादीन लोधी, राम लखन लोधी, उत्तम लोध, तीरथ राम राजपूत, राम नरेश, रामकिशोर लोधी, चंद्रिका प्रसाद लोधी, राममूर्ति लोधी व राजीव लोधी आदि तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों से उठ रहा भरोसा

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बावजूद तहसील गोला के विकासखण्ड गोला बांकेगंज और बिजुआ नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कुछ सरकारी स्कूलों को छोड़ कर बेसिक शिक्षा व्यवस्था व आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था से अभिवाहकों नौनिहालों का भरोसा शिक्षण व्यवस्था पर से उठ गया है। जिम्मेदार अधिकारियों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था। और शिक्षकों की समय से कभी भी उपस्थित न होना। स्कूलों में दोपहर का भोजन मानक के अनरुप न बनना और आंगनवाड़ी केन्द्रों की बदहाल व्यवस्था में समय से विद्यालय में न पहुंचना। आंगनवाड़ी केन्द्र पर बच्चों को मिलने वाला पौष्टिक आहार मानक के अनुसार न होने के बावजूद समय समय पर कभी भी सरकारी स्कूलोंएआंगनवाड़ी केन्द्रों का कभीऔचक निरीक्षण न करना मुख्य हैं।

# दूसरे दिन भी खीरी में संपन्न हुई पीईटी परीक्षा



**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 27 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16336 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 6512 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारीध्एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2022) की प्रथम पाली में 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 11424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8201 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 3223 परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 11424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8135 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 3289 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। रविवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेजए राजकीय कन्या इंटर कॉलेजए कुँवर खुशवक्तराय बालिका इंटर कॉलेजए आर्य कन्या इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, अजमानी पब्लिक स्कूल, गुरुनानक इंटर कॉलेज, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल एवं अजमानी पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा उपरांत ओएमआर शीट की सीलिग प्रकिया पूछी एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत.प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। बताते चलें कि शनिवार एवं रविवार को दोनों पालियों में आयोजित पीईटी परीक्षा में डीएम.एसपी, एडीएम.एएसपी, एसडीएम.सीओ सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी देखरेख एवं निगरानी में सकुशल संपन्न कराया।

## धूमधाम से निकाली गई वाल्मीकि शोभायात्रा



**लखीमपुर-खीरी।** शहर के संकटा देवी वाल्मीकि मंदिर से विशाल वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई। बाल्मीकि शोभायात्रा 9 अक्टूबर को निकलनी थी लेकिन भारी वर्षा के कारण 15 अक्टूबर को निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि लव कुश महाराज खाकशाह महाराजए शिव पार्वती सहित दर्जनों आकर्षक झांकियों के और गाजे बाजे के साथ निघासन रोड मेला मैदान चौराहा इमली चौराहा मिश्राना चौराहा मेन रोड सर्राफा बाजार संकटा देवी चौराहा से होकर पुन: बाल्मीकि बस्ती संकटा देवी में समाप्त हुई। शोभा यात्रा जिला वाल्मीकि सेवा समिति के बैनर तले निकली। संदीप सिंह सीईओ सदर के अलावा भारी संख्या में पुलिस की व्यवस्था दिखी। शोभायात्रा का स्वागत असीम विक्रम सिंह अंकुर शुक्ला ने किया। शोभायात्रा में महेंद्र आजाद भारती जितेंद्र बाल्मीकि, पप्पू वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, अभिषेक स्वरूप, नवीन वाल्मीकि, अजीत वाल्मीकि, आतंक वाल्मीकि निकेत वाल्मीकि, सुरेंद्र सुहाना, अनुराग, उमेश, रजत वाल्मीकि, भीम निकेत, कमलेश वाल्मीकि, शिवम वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, लव सिंह, अभिषेक सिंह, आयुष, बब्बू व अंकुर सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस अध्यक्ष पद के ...

थरूर ने कहा कि गांधी परिवार ने स्पष्ट कर दिया कि आप चुनाव लड़ें, और गांधी परिवार इसमें दखल नहीं देगा। इसलिए यदि किसी के मन में कोई डर या शंका है तो मधुसूदन मिस्त्री ने साफ तौर पर कहा है कि यह गुप्त मतदान होगा। चुनाव से एक दिन पहले रविवार को थरूर की टीम ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मिस्त्री के साथ एक निर्देश का मुद्दा उठाया, जिसमें पीसीसी प्रतिनिधियों को मतपत्र पर अपनी पसंद के नाम के आगे '1' अंकित करने के लिए कहा गया था, जिसमें क्रम संख्या '1' पर मल्लिकार्जुन खड़गे हैं और थरूर '2' पर हैं। मिस्त्री ने उन्हें बताया कि अब पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के आगे '1' के बजाय सही का निशान लगाया जाएगा।

## चीनी सेना लड़ाकू क्षमता...

संसाधन संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य अभियानों के बीच शी के बयान महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रूनेई, मलेशिया और वियतनाम इसके हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन के पूर्वी चीन सागर मेंजापान के साथ भी क्षेत्रीय विवाद चल रहा है। शी ने कहा, हम नियमित आधार पर और विविध प्रकार से अपने सैन्य बलों को तैनात करने में सक्षम बनेंगे और हमारी सेना अपने अभियानों में दृढ़ और लचीला दोनों तरह का रुख रखेगी। यह हमें हमारे सुरक्षा अवस्थाओं को आकार देने, संकटों तथा संघर्षों का प्रतिरोध और प्रबंधन करने तथा स्थानीय युद्धों को जीतने में समर्थ बनाएगा। उन्होंने कहा, हम सेना और सरकार के बीच तथा सेना और जनता के बीच एकता को मजबूत करेंगे।

## यूपी में सांड, नीलगाय के...

चुनाव प्रचार के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य में भाजपा सरकार पर निशाना साधने के लिए आवारा पशुओं की समस्या को उठाया था। आवारा पशुओं की समस्या पर ध्यान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस साल जुलाई में उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा था कि राज्य में 6,222 गौशालाएं हैं जिनमें 8.55 लाख मवेशियों को रखा गया है। उन्होंने कहा था कि इस साल अप्रैल से अब तक राज्य में 66,000 आश्रयहीन गोवंशीय पशुओं का पुनर्वास किया गया है। उन्होंने कहा था कि प्रखंड स्तर पर विशाल गौशालाएं बनाई जा रही हैं, जहां 400 जानवरों को रखा जा सकता है। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 225 ऐसे आश्रय स्थल हैं और इस वर्ष के अंत तक इस संख्या को 280 तक ले जाने की योजना है। उन्होंने कहा था कि हम गौमाता को सम्मान देने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के 2019 के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 11,84,494 आवारा मवेशी हैं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। सड़कों पर आने-जाने वालों के लिए खतरा पैदा करने के अलावा ए घूमने वाले जानवर फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। विभाग ने एक योजना भी शुरू की है जिसके तहत कोई व्यक्ति आवारा मवेशियों को अपने घर या खेत में रख सकता है और उसे प्रतिदिन 30 रुपए प्रति पशु का भुगतान किया जाता है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के तहत वर्तमान में कुल 1.38 लाख आवारा मवेशियों को रखा गया है। सिंह ने कहा था,"अच्छी संख्या में आवारा मवेशी कम दूध देने वाली प्रजातियों के हैं जो गरीब परिवारों को दिए जा सकते हैं जो उनकी देखभाल कर सकते हैं और दूध प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा था कि बड़े आश्रय गृह बनाने की योजना है और ताकि हर जिले में कम से कम दो हजार या अधिक मवेशी रखे जा सकें।

## हिंदी थोपने की कोशिश...

इसमें यह भी सिफारिश की गई है कि हिंदी को सभी तकनीकी, गैर-तकनीकी संस्थानों और केंद्रीय विद्यालयों सहित केंद्र सरकार के संस्थानों में पढ़ाई का माध्यम बनाया जाए। मुख्यमंत्री, राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति ने सिफारिश की है, युवा कुछ खास तरह की नौकरियों के लिए तभी पात्र होंगे, जब उन्होंने हिंदी का अध्ययन किया होगा और भर्ती परीक्षाओं में एक अनिवार्य पत्र के रूप में अंग्रेजी को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रस्ताव संविधान के संघीय सिद्धांतों के खिलाफ जाता है और राष्ट्र के बहुभाषी ताना-बाना को केवल नुकसान ही पहुंचाएगा। स्टालिन ने कहा कि हिंदी को विभिन्न तरीकों से थोपने की कोशिशें आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए और भारत की एकता की गौरवमय ख्याति हमेशा बरकरार रखी जाए। उन्होंने सभी भाषाओं को केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग की।

## सीबीआई आज करेगी सिसोदिया...

पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विजय नायर एवं हैदराबाद के एक व्यापारी अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार भी किया है। बोइनपल्ली के साझेदार अरुण पिल्लई का नाम मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में बतौर आरोपी दर्ज है। सीबीआई ने अगस्त में सिसोदिया और 14 अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपालय वीके सक्सेना ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एजेंसी ने सिसोदिया के परिसरों पर छापेमारी की और गाजियाबाद के एक बैंक में उनके लॉकर की तलाशी भी ली। दिल्ली के मुख्य सचिव की जुलाई में दी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम 1991, कार्यकरण नियम (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियमावली-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने की बात कही गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्य सचिव की रिपोर्ट में पाया गया था कि निविदा जारी करने के बाद शराब कारोबार संबंधी लाइसेंस हासिल करने वालों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर और घोर प्रक्रियात्मक चूक की गई। सीबीआई के समन पर रविवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्र के खिलाफ अपनी सरकार की लड़ाई को दूसरा स्वतंत्रता संघर्ष बताया। केजरीवाल ने कहा कि जेल की सलाखें और फाँसी का फंदा भगत सिंह के बुलंद इरादों को डिगा नहीं पाए। यह आज़ादी की दूसरी लड़ाई है। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन आज के भगत सिंह हैं। सत्येंद्र जैन को धन शोधन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 30 मई को गिरफ्तार किया था। आप मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम सभी जान रहे हैं कि मनीष को सोमवार को सीबीआई गिरफ्तार करने जा रही है। इस सिलसिले में आदेश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि सिसोदिया को गिरफ्तार करने के कदम का कथित आबकारी नीति घोटाला से कोई संबंध नहीं है। यह गुजरात चुनावों से जुड़ा हुआ है, जहां आप का भाजपा से सीधा मुकाबला है और लोग बदलाव के बारे में बातें कर रहे हैं तथा बदलाव चाहते हैं। दूसरी ओर, भाजपा ने कहा मनीष सिसोदिया को सीबीआई का समन मिलने के बाद आप दबाव की राजनीति कर रही है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सिसोदिया उपमुख्यमंत्री होने से ज्यादा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्ट वसूली एजेंट हैं।

## उद्धव की शिवसेना प्रत्याशी के ...

मुझे उम्मीद है कि आप मेरा ये प्रस्ताव स्वीकार जरूर करेंग। बता दें कि कुछ दिन पहले ही उद्धव ठाकरे गुट ने राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन शिवसेना के एकनाथ शिंदे और बीजेपी पर उम्मीदवार को तोड़ने की कोशिश का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि रुतुजा लटके पर दूसरी तरफ से चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। अंधेरी वेस्ट सीट पर शिवसेना के विधायक रमेश लटके का इस साल निधन हो गया था, जिसके बाद यहां उपचुनाव कराए जा रहे हैं। उनकी पत्नी रुतुजा लटके बृहन्मुंबई निगम की कर्मचारी हैं। उन्होंने चुनाव नियमों के तहत अपने पद से इस्तीफा दिया था लेकिन अब तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था. हालांकि, हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सरकार को उनका इस्तीफा स्वीकार करना पड़ा।

## शिंदे गुट के साथ...

तीन नवंबर को होने वाला यह उपचुनाव विपक्षी शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना गुट के सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला होगा। रमेश लटके की पत्नी ऋतुजा लटके राकांपा और कांग्रेस समर्थित ठाकरे गुट की उम्मीदवार हैं। उनका सामना भाजपा के मुर्जी पटेल से होगा, जिन्हें शिंदे गुट बालासाहेबंची शिवसेना का समर्थन प्राप्त है।

## टीवी अदाकारा वैशाली...

टेलीविजन धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है, से अपने करियर की शुरुआत करने वाली ठक्कर ससुराल सिमर का, सीरियल में अभिनय करते हुए स्टार बनीं। ठक्कर ने एक दर्जन से अधिक धारावाहिकों में काम किया। सूत्रों ने बताया कि ठक्कर मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के महिदपुर कस्बे की रहने वाली थीं। वह पिछले तीन साल से इंदौर में रह रही थीं।

## प्रधानमंत्री ने 75 डिजिटल बैंकिंग...

उन्होंने ग्रामीण इलाकों के छोटे व्यवसायों के मालिकों से डिजिटल लेनदेन पूरी तरह अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकों को अपने साथ 100 व्यवसायियों को जोड़ने को कहा ताकि वे पूरी तरह डिजिटल हो जाएं जिससे देश को फायदा होगा। उन्होंने कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था आज हमारी अर्थव्यवस्था, हमारे स्टार्टअप जगत, मेक इन इंडिया और आत्म-निर्भर भारत की बड़ी ताकत है। प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था के मेल ने डिजिटल खाई को पाटने और भ्रष्टाचार को खत्म करने में मदद की है। उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) को खामियां दूर करने एवं पारदर्शिता लाने में मददगार बताते हुए कहा कि बैंकिंग क्षेत्र सुशासन और बेहतर सेवा आपूर्ति का माध्यम बन गया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने वंचितों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत बैंकों को गरीबों के घरों तक पहुंचाने की पहल की है। डीबीटी सुविधा के तहत अब तक 25 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों तक पहुंचाए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पीएम किसान योजना की एक और किस्त सोमवार को किसानों के खातों में भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डीबीयू देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देंगी तथा नागरिकों के बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाएंगी। डिजिटल मुद्रा लाने के सरकार के निर्णय का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आने वाले वक्त में डिजिटल करंसी हो या आज के वक्त का डिजिटल लेनदेन, इनसे अर्थव्यवस्था के अलावा और भी पहलू जुड़े हैं।

# अमित शाह ने हिन्दी में एमबीबीएस की पाठ्य पुस्तकों का विमोचन किया

## ● मप्र में एमबीबीएस की हिन्दी में पढ़ाई आरंभ



**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मध्य प्रदेश में देश में पहली बार हिंदी में एमबीबीएस के पाठ्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एमबीबीएस प्रथम वर्ष की तीन हिंदी पुस्तकों का विमोचन भी किया। देश में यह पहली बार है कि एमबीबीएस की पाठ्यपुस्तकें हिंदी में प्रकाशित हुई हैं और इसी के साथ मध्य प्रदेश आज से हिंदी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। शाह ने जिन तीन पुस्तकों का भोपाल में विमोचन किया, उनके नाम एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायो केमिस्ट्री हैं। 97 चिकित्सकों के दल ने प्रचलित अंग्रेजी पुस्तकों का हिंदी रूपांतरण किया है। केंद्रीय गृह मंत्री के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर शाह ने कहा, स्वभाषा में विकास एवं उपयोग से भारत अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में बहुत आगे जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक मंचों पर हिन्दी में बोलते हैं और शिक्षा नीति में प्राथमिक, तकनीकी तथा चिकित्सा शिक्षा में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

शाह ने कहा, मध्य प्रदेश में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू कर प्रधानमंत्री मोदी के इस संकल्प को पूरा किया है। उन्होंने कहा, आज का दिन आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में भारत के चिकित्सा क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जिसे आने वाले समय में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। आज का दिन देश के शिक्षा क्षेत्र के पुनर्जागरण और पुनर्निर्माण का दिन है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति में प्राथमिक, तकनीकी और मेडिकल शिक्षा में बच्चे की मातृभाषा को महत्व देकर एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, गुजराती, बंगाली आदि सभी क्षेत्रीय भाषाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा उपलब्ध कराने का आह्वान किया था और मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने सबसे पहले प्रधानमंत्री की यह इच्छा पूरी की है।

शाह ने कहा, आज मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू हो रही है और जल्द ही इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू होगी। देशभर में आठ भाषाओं में इंजीनियरिंग की पुस्तकों का अनुवाद शुरू हो चुका है और कुछ ही समय में देश के सभी विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में तकनीकी और मेडिकल शिक्षा लेने की शुरुआत करेंगे। आज का दिन इसीलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज से हमारे बच्चों को अपनी मातृभाषा में तकनीकी और मेडिकल शिक्षा तो मिलेगी ही, इसके साथ ही वे आगे अनुसंधान भी अपनी भाषा में कर सकेंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नई शिक्षा नीति को सबसे पहले और अच्छे तरीके से मध्य प्रदेश ने ज़मीन पर उतारा है। शाह ने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी विद्यार्थी के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में ही सबसे अच्छी होती है और मातृभाषा में की गई बात दिल के अंदर तक पहुंचती है। सोचने, संशोधन, अनुसंधान, तर्क, विश्लेषण और निर्णय पर पहुंचने की प्रक्रिया हमारा मन हमारी मातृभाषा में ही करता है। अगर पढ़ाई-लिखाई और अनुसंधान मातृभाषा में हो तो भारत के विद्यार्थी दुनिया के किसी भी देश के विद्यार्थियों से कम नहीं हैं और वे पूरे विश्व में अनुसंधान के क्षेत्र में भी भारत का नाम रौशन करेंगे।

शाह ने कहा कि 21वीं सदी में कुछ ताकतों ने ब्रेन ड्रेन (प्रतिभा पलायन) का सिद्धांत अपनाया और आज प्रधानमंत्री मोदी ब्रेन ड्रेन की थ्योरी को ब्रेन गेन (प्रतिभाओं को देश में लाने) थ्योरी में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मोदी जी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के माध्यम से हमारी भाषाओं को महत्व देने की शुरुआत हुई है। जेईई, नीट और यूजीसी परीक्षाओं को देश की 12 भाषाओं में आयोजित करने की शुरुआत की गई है। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट देश की 13 भाषाओं में आयोजित किया जा रहा है और 10 राज्यों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम का तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, मलयालम और गुजराती में अनुवाद करके इसकी शिक्षा शुरू की है। शाह ने कहा कि अपनी भाषाओं में पढ़ाई से निश्चित रूप से विद्यार्थियों की क्षमता बढ़ेगी। देशभर के विद्यार्थियों से कहा कि आप भाषाई हीनभावना से बाहर आएं क्योंकि आज देश में मोदी की सरकार है और आप अपनी भाषा में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंचों पर अपना भाषण अपनी राजभाषा हिंदी में देकर पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है। जब मोदी वैश्विक मंच पर हिंदी में बोलते हैं तो देशभर के युवाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

शाह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तन किए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में मेडिकल कॉलेज 387 थे जो बढ़कर 596 हो गए हैं, एमबीबीएस सीट की संख्या को 51,000 से बढ़ाकर 89,000 कर दिया गया है। शाह ने कहा कि आईआईटी 16 थे जो अब 23 हैं, आईआईएम 13 थे जो अब 20 हैं और आईआईआईटी नौ थे जो अब बढ़कर 25 हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में कुल विश्वविद्यालय 723 थे जिन्हें बढ़ाकर 1043 करने का काम केन्द्र की मोदी सरकार ने किया है। शाह ने कहा, मोदी द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के माध्यम से हमारी भाषाओं के गौरव को प्रस्थापित करने और हमारी भाषाओं में ही टेक्निकल, मेडिकल और कानून की पढ़ाई की व्यवस्था पूरे देश में करने से देश में क्षमता की क्रांति आने वाली है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अंग्रेजी का प्रचार-प्रसार करने वाले लोगों ने भाषा को बौद्धिक क्षमता के साथ जोड़ दिया, लेकिन भाषा और बौद्धिक क्षमता का आपस में कोई संबंध नहीं है। भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है जबकि बौद्धिक क्षमता बच्चे को ईश्वर ने दी होती है जिसे शिक्षा से निखारा जा सकता है और अगर मातृभाषा में शिक्षा होती है तो बौद्धिक क्षमता को निखारने में बहुत फायदा मिलता है। उन्होंने कहा कि आज की इस शुरुआत से अनुसंधान के क्षेत्र में भारत विश्व में बहुत आगे जाएगा और देश के बच्चों की बौद्धिक क्षमता से भी विश्व परिचित होगा।

### हिन्दी में चिकित्सा शिक्षा लाएगी बड़ा सकारात्मक बदलाव: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि हिंदी में चिकित्सा शिक्षा की शुरुआत से देश में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र अपनी भाषा में अध्ययन कर सकेंगे और उनके लिए कई नए अवसरों के द्वार भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने भोपाल में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस तरह के एक पाठ्यक्रम की शुरुआत पर यह टिप्पणी की।

## उत्तराखंड में रेलवे स्टेशनों और मंदिरों को उड़ाने की धमकी वाले पत्र के बाद अलर्ट

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिरों समेत राज्य के कई रेलवे स्टेशनों और धार्मिक स्थलों को उड़ाने की धमकी वाला एक पत्र हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर मिलने के बाद पुलिस एवं खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर हैं। जीआरपी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरूणा भारती ने रविवार को बताया कि साधारण डाक से भेजा गया यह पत्र 10 अक्टूबर को हरिद्वार के स्टेशन अधीक्षक को मिला था। पत्र लिखने वाले ने अपना नाम जमीर अहमद लिखा है और खुद को आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद का स्वयंभू कमांडर होने का दावा किया है। पत्र में जम्मू कश्मीर के जिहादियों के मारे जाने का बदला लेने का संकल्प जताया गया है। पत्र में दावा किया गया है कि ए हमले इस महीने की 25 और 27 अक्टूबर को किए जाएंगे। उत्तराखंड में अधिकारियों को पहले भी इसी तरह के धमकी भरे पत्र मिले हैं लेकिन पहली बार इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

# जो भी भारत पर बुरी नजर डालेगा मुंहतोड़ जवाब देंगे : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद के बीच रविवार को कहा कि भारत ने कभी किसी देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं की है, लेकिन अगर कोई उस पर बुरी नजर डालने का प्रयास करता है, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने एक डिजिटल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और देश सभी चुनौतियों से निपटने को तैयार है। उन्होंने कहा, भारत एक शांति-प्रेमी राष्ट्र है, जिसने कभी किसी देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं की, लेकिन यदि देश का अमन चैन बिगाड़ने का कोई प्रयास हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों को स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित करके सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने देशवासियों से सांप्रदायिक बंधनों से पार जाकर प्रत्एक भारतीय सैनिक तथा स्वतंत्रता सेनानी में पाए जाने वाले राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति के गुणों को आत्मसात करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह भी किया। वह गैर सरकारी संगठन मारुति वीर जवान ट्रस्ट द्वारा आयोजित शहीदों को सलाम कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। सशस्त्र बलों के जवान क्षेत्र, धर्म, जाति और भाषा के बंधनों से ऊपर उठकर नि:स्वार्थ भाव से मातृभूमि की सेवा करते हैं और लोगों को विभिन्न खतरों से सुरक्षित रखते हैं। सिंह ने कहा कि उसी तरह से हमारे क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे स्वाधीनता सेनानियों और बहादुर सैनिकों के आदर्शों एवं संकल्पों को आगे बढ़ाना प्रत्एक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों और सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सिंह ने कहा, हमें एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है। रक्षा मंत्री ने शहीदों के परिवार के सदस्यों की सहायता करने को राष्ट्रीय जिम्मेदारी करार दिया। सरकार सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। परिवार को किसी सैनिक की सबसे बड़ी ताकत और आधार स्तंभ बताया और कहा कि सरकार इसे मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सिंह ने बताया कि गृह मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, भारत के वीर नाम का कोष शुरू किया गया था।

# पश्चिम बंगाल के हावड़ा में व्यवसायी की कार से दो करोड़ रुपए जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक व्यवसाई के अपार्टमेंट के बाहर खड़ी एक कार से करीब दो करोड़ रुपए नकदी जब्त की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह राशि शनिवार मध्यरात्रि को जब्त की गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो व्यवसाई भाइयों-शैलेश पांडे और अरविंद पांडे के शिबपुर इलाके में आवासीय परिसर में फ्लैट हैं और छापेमारी के दौरान अरविंद की कार से राशि जब्त की गई। दो बैंक की ओर से कोलकाता पुलिस में 14 अक्टूबर को उन दोनों लोगों के खातों द्वारा बड़ी रकम के लेन-देन की शिकायत मिलने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि हरे स्ट्रीट थाने में मामला दर्ज किया गया था और कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग के बैंक धोखाधड़ी रोधी अनुभाग ने जांच शुरू की थी।

छापेमारी के बाद फ्लैट को सील कर दिया गया। तलाशी अभियान के दौरान परिवार के सदस्य दोनों आवासीय फ्लैट में मौजूद नहीं थे। शिबपुर थाने के अधिकारियों की सहायता से कोलकाता पुलिस की एक टीम ने राशि जब्त की। पुलिस टीम या मीडिया का पांडे बंधुओं से अब तक संपर्क नहीं हो सका है। इस साल जुलाई के बाद से, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय या राज्य जांच एजेंसियों द्वारा कई बार बड़ी मात्रा में नकदी जब्ती हुई है।

भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में आम आदमी के पास पैसा नहीं है, लेकिन लोगों के एक छोटे से वर्ग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थन से गलत तरीके से बड़ी संपत्तियां अर्जित की हैं। सवाल किया, क्या यही कारण है कि टीएमसी ने 2016 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी का विरोध किया ताकि पश्चिम बंगाल में लोगों के एक वर्ग द्वारा जमा किए गए काले धन का पता न चले? पलटवार करते हुए टीएमसी के राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने कहा, इस तरह की जब्ती साबित करती है कि नोटबंदी से काले धन के प्रचलन को रोकने में मदद नहीं मिली। हाल में गुजरात में नोट की जब्ती के बारे में क्या कहेंगे?

सेन ने यह भी कहा कि जब्ती इस बात का संकेत है कि कोलकाता पुलिस और राज्य पुलिस अवैध रूप से जमा धन की तलाश में हैं। टीएमसी सांसद ने कहा, हमें अपने पुलिस बल पर गर्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए राजनीतिक कार्यक्रमोंके वित्तपोषण और जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त के लिए पार्टी के करीबी लोगों द्वारा जमा किए गए काले धन का उपयोग कर रही है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने कहा, वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट गैर-जिम्मेदाराना, शरारतपूर्ण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने रविवार को वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट-2022 को गैर-जिम्मेदाराना और शरारतपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह भारत को बदनाम करने के लिए इसके प्रकाशकों के खिलाफ कार्वाई करे। वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट-2022 में 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर है। भारत अपने दक्षिण एशियाई पड़ोसियों से बहुत पीछे है जबकि भारत में बच्चों में चाइल्ड वेस्टिंग रेट (ऊंचाई के हिसाब से कम वजन) 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश से सबसे अधिक है। गैर-सरकारी संगठनों कंसर्न वर्ल्डवाइड (आयरलैंड), वेल्ट हंगर हिल्फ़ (जर्मनी) ने यह रिपोर्ट जारी की है। आरएसएस से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, जर्मन गैर-सरकारी संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ़ ने एक बार फिर वैश्विक भूख सूचकांक विषय पर 121 देशों की रैंकिंग जारी की है।

# बिहार में परीक्षा के दौरान हिजाब को लेकर विवाद

भाषा। मुजफ्फरपुर (बिहार)

**उत्तर बिहार** के मुजफ्फरपुर शहर की एक छात्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि एक कॉलेज में परीक्षा के दौरान पुरुष शिक्षक ने उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, क्योंकि उसने इम्तिहान के दौरान हिजाब हटाने से इनकार कर दिया था। यह घटना महंत दर्शन दास महिला कॉलेज (एमडीडीएम)में हुई जो शहर के मिठनपुरा इलाके में स्थित है, जहां इंटरमीडिएट के विद्यार्थी जांच परीक्षा के लिए आए थे। जो विद्यार्थी जांच परीक्षा में सफल होते हैं, वे ही अंतिम इम्तिहान में बैठने के योग्य होते हैं। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ के. प्रिया ने कहा, छात्रा को हिजाब पहनने से नहीं रोका गया था। उसे केवल अपने कान दिखाने के लिए कहा गया था क्योंकि आशंका थी कि उनके पास ब्लूटूथ उपकरण हो सकता है। स्थानीय मिठनपुरा थाने के प्रभारी (एसएचओ) श्रीकांत सिन्हा ने कहा कि विवाद तब हुआ जब परीक्षा शुरू हुई ही थी। एसएचओ ने कहा, हमने दोनों पक्षों की काउंसलिंग की और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। फिलहाल मामला दर्ज करने या इलाके में अतिरिक्त बल तैनात करने की जरूरत नहीं है। लेकिन हम स्थिति पर नजर रखेंगे।

प्रधानाचार्य ने कहा, हिजाब कोई मसला नहीं था। कई विद्यार्थी मोबाइल फोन लेकर आए थे, जो नियमों के खिलाफ था। यह लड़की उन विद्यार्थियों में थी, जिनसे परीक्षा हॉल के बाहर अपने मोबाइल रखकर आने को कहा गया था। प्रिया ने कहा कि छात्रा से सिर्फ कान दिखाने के लिए कहा गया था, क्योंकि एक शिक्षक को सिर्फ इसकी जांच करनी थी कि क्या उनके पास ब्लूटूथ उपकरण है या नहीं। प्रधानाचार्य ने आरोप लगाया, अगर लड़की को इससे कोई परेशानी थी तो वह परीक्षा नियंत्रक या मुझे सूचित कर सकती थी। लेकिन उसके इरादे कुछ और थे। उसने स्थानीय थाने और कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों को फोन कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें वह जानती थी। वे पहुंचे तो लड़की ने हंगामा किया।

प्रिया ने कहा, छात्रा ने दावा किया कि शिक्षक ने उसे राष्ट्र विरोधी कहा था और उसे पाकिस्तान जाने के लिए कहा। मैं उस समय परीक्षा हॉल में नहीं थी, लेकिन परीक्षा देने आई अन्य लड़कियों ने कहा है कि यह झूठ है। कॉलेज की प्रधानाचार्य ने यह भी दावा किया कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि लड़की की उपस्थिति बहुत खराब रही है। प्रिया ने कहा, शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किया है कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले किसी भी विद्यार्थी को अंतिम परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि लड़की ने शायद इस वजह से यह आरोप लगाया है कि इससे कॉलेज प्रशासन को धमकाया जा सकता है और वह उनके मामले पर नरम रुख अख्तियार कर लेगा। कर्नाटक में शिक्षण संस्थानों में हिजाब बड़ा मुद्दा है। मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया है।



श्रीनगर में दीपावली पर्व के लिए तैयार दीपक को सूर्य की रोशनी में सुखाता हुआ कारीगर।

## हिन्दू व्यक्ति की हत्या के खिलाफ जम्मू में प्रदर्शन, कई आप कार्यकर्ता हिरासत में

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों द्वारा एक कश्मीरी पंडित की हत्या के विरोध में जगह-जगह हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं को रविवार को हिरासत में लिया गया। विरोध प्रदर्शन में राजनीतिक दल, सामाजिक समूह भी शामिल हुए। आप के जिला विकास परिषद सदस्य टी एस टोनी, महाराज कृष्ण योगी और अमृत वट्टाल समेत वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में आप के कार्यकर्ताओं ने यहां प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन पर लाठीचार्ज हुआ और पुलिस ने कार्यकर्ताओं को कुछ देर के लिए हिरासत में भी लिया। आप के प्रवक्ता ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में अनेक कार्यकर्ता घायल हुए हैं। उन्होंने बताया, हम निर्दोषों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने और घाटी में सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने में भाजपा नीत सरकार की विफलता को सामने लाने के लिए एकत्रित हुए थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात गंभीर हैं लेकिन सरकार इससे बेपरवाह है और केवल एक ही काम कर रही है जो है सामान्य हालात का झूठ बोलना। बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। शनिवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां में पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या की घटना की पृष्ठभूमि में भल्ला ने कहा कि सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ जम्मू-कश्मीर में स्थिति बदतर होती जा रही है और कश्मीर तथा कश्मीरियत दोनों खतरे में हैं।

## उत्तराखंड में उच्च शिक्षा में लागू की गई नई शिक्षा नीति

**देहरादून।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की रविवार को शुरुआत की। बाल वाटिका के जरिए प्राथमिक शिक्षा में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। प्रधान ने कहा, उत्तराखंड विद्वानों की भूमि है। नई शिक्षा नीति के बेहतर कार्यान्वयन के लिए राज्य से कई नए विचार आएंगे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास करने होंगे कि शत-प्रतिशत बच्चे बाल वाटिका में प्रवेश लें। प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति मानव जीवन के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नई नीति में शिक्षा के अलावा बच्चों के कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास और उनमें नैतिक मूल्यों के विकास पर भी ध्यान दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा का सीधा संबंध आत्मनिर्भरता से है। नई शिक्षा नीति के तहत बाल वाटिका में बच्चों की औपचारिक शिक्षा तीन साल की उम्र से शुरू होगी और जब वे पहली कक्षा में प्रवेश लेंगे तब तक वे छह साल के हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमें नई नीति के तहत उत्तराखंड के 40 लाख बच्चों को बचपन से लेकर 21-22 वर्ष की आयु तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लक्ष्य से शुरुआत करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य उच्च शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक नए, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखेगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सेना के अस्पताल में मोतियाबिंद का सफल रहा ऑपरेशन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन रविवार को यहां सेना के रिसर्च एवं रेफरल अस्पताल में हुआ। राष्ट्रपति भवन के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ऑपरेशन सफल रहा और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। चौसठ वर्षीय मुर्मू ने 25 जुलाई, 2022 को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। बयान में कहा गया है, मुर्मू का आज मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन सफल रहा और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# पहली बार रेलवे को स्वदेश निर्मित अल्युमीनियम मालवाहक रेक मिला

**नई दिल्ली।** रेलवे के लिए स्वदेश निर्मित पहले अल्युमीनियम माल ढुलाई रेक को ओडिशा के भुवनेश्वर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रेक पहले की तुलना में हल्का है, लेकिन इसकी क्षमता अधिक माल ढुलाई की है। रेलवे ने बताया कि बेस्को लिमिटेड वैगन डिवीजन और अल्युमीनियम क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को के सहयोग से निर्मित वैगन का वजन घटाने के लिए इसका प्रति क्विंटल कार्बन फुटप्रिंट भी कम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे के अनुसार, यह रेक मौजूदा स्टील रेक की तुलना में 180 टन हल्का है, जिसके परिणामस्वरूप समान दूरी के लिए गति में वृद्धि तो होती ही है, बिजली की खपत भी कम होती है। यह पारंपरिक रेक की तुलना में प्रति ट्रिप 180 टन अतिरिक्त पेलोड ले जा सकता है और अपरदन प्रतिरोधी होने के कारण, इसके रखरखाव की लागत कम होगी।

रेलवे ने कहा कि नए रेक का पुनर्विक्रय मूल्य 80 प्रतिशत है और सामान्य रेक की तुलना में यह 10 साल अधिक चलता है, हालांकि, इसकी विनिर्माण लागत 35 प्रतिशत अधिक है, क्योंकि अधिरचना पूर्ण रूप से अल्युमीनियम की होती है। इस रेक के कारण इसके सेवाकाल के दौरान आठ से 10 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी यानी केवल एक रेक के वैगन से कार्बन उत्सर्जन में कुल 14,500 टन की कमी आएगी। रेली मंत्री ने कहा, इन वैगन से कार्बन उत्सर्जन में 14500 टन की कमी आएगी। क्षरणरोधी वैगन कम ऊर्जा खपत करते हैं, लेकिन इनकी माल ढोने की क्षमता अधिक है। शतप्रतिशत पुन:चक्रित (रिसाइकिल) करने योग्य हैं और ए वैगन 30 साल बाद भी यथावत बने रहेंगे। ए वैगन जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में हमें सक्षम बनाएंगे। हिंडाल्को की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रेलवे आगामी सालों में एक लाख वैगन शामिल करने की योजना बना रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में सालाना 25 लाख टन की कमी आएगी। हिंडाल्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक मालगाड़ी के इस नए रेक से एक बार में 180 टन अधिक भार की ढुलाई की जा सकेगी और इसके क्षरण रोधी होने से रखरखाव खर्च में कमी आएगी। कंपनी ने कहा कि इस वैगन के विनिर्माण में कहीं भी वेल्डिंग का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

# गांधी परिवार की सलाह, सहयोग लेने में शर्म नहीं करूंगा: खड़गे

भाषा। बेंगलुरु

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि अगर वह अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें पार्टी के मामलों में गांधी परिवार की सलाह और सहयोग लेने में कोई शर्म नहीं होगी, क्योंकि उस परिवार ने संघर्ष किया है और पार्टी के विकास में अपनी ताकत लगाई है। वह 17 अक्टूबर को होने वाले कांग्रेस के सर्वोच्च पद के लिए चुनाव में प्रतिनिधियों के उम्मीदवार हैं। खरगे से उन चर्चाओं के बारे में सवाल किया गया कि उनके अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने पर रिमोट कंट्रोल गांधी परिवार के पास होगा। उन्होंने कहा, वे (विपक्षी दल) ऐसी बातें कहते रहते हैं क्योंकि कहने के लिए और कुछ नहीं है। भाजपा इस तरह के अभियान में शामिल है और अन्य लोग इसका अनुसरण करते हैं। सोनिया गांधी ने संगठन में 20 साल तक काम किया है। राहुल गांधी भी अध्यक्ष थे। उन्होंने पार्टी के लिए संघर्ष किया है और इसकी उन्नति के लिए अपनी ताकत लगाई है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नेहरू-गांधी परिवार ने इस देश के लिए जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक बहुत योगदान और बलिदान दिया है। खड़गे ने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम (कांग्रेस) कुछ चुनाव हार गए, ऐसा कहना (गांधी परिवार के खिलाफ) सही नहीं है। उन्होंने इस देश के लिए अच्छा किया है, उनकी सलाह से पार्टी को फायदा होगा, इसलिए मैं उनकी सलाह और सहयोग जरूर मांगूंगा। इसमें कोई शर्म की बात नहीं है। अगर आपकी (मीडिया) सलाह से कुछ फायदा होता है, तो मैं इसे भी लूंगा। उन्होंने इस पार्टी के लिए काम किया है और उनकी सलाह लेना मेरा कर्तव्य है।

कांग्रेस नेता ने कहा, सोनिया और राहुल गांधी देश के कोने-कोने को जानते हैं कि कौन कहां है और कौन पार्टी के लिए क्या कर सकता है। पार्टी में एकता के लिए क्या करना होगा, मुझे सीखना होगा और मैं करूंगा। कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य खरगे ने यहां अपने प्रचार अभियान के तहत प्रदेश के कुछ कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की और मीडिया को संबोधित किया। पार्टी के अध्यक्ष चुनाव में उनका मुकाबला तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर से है, जिसके नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

खरगे ने चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी थरूर या उनके अभियान पर कोई सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया और केवल इतना कहा कि समर्थन मांगते समय हर किसी को अपनी योग्यता के बारे में बोलने का अधिकार है, जैसे वह पार्टी के जमीनी स्तर के साथ अपने जुड़ाव को रेखांकित कर रहे हैं। थरूर के लिए उनके संदेश के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने कहा, मैं किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता। वह (थरूर) अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं, मैं उनके विचारों पर बहस नहीं करना चाहता। मैं अपने विचार साझा कर रहा हूं। यह हमारा संगठन या पारिवारिक मामला है। उन्हें जो कहना है, उन्हें कहने का अधिकार है, वैसे ही मुझे भी है। यह एक आंतरिक मैत्रीपूर्ण मुकाबला है। खरगे ने कहा कि गांधी परिवार के कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ने के रुख के बाद विभिन्न राज्यों के नेताओं, वरिष्ठ नेताओं और प्रतिनिधियों ने उन्हें पार्टी संगठन के लिए उनकी लंबी सेवा को देखते हुए चुनाव लड़ने के लिए कहा। कर्नाटक में कांग्रेस की स्थिति और पार्टी अध्यक्ष के रूप में उनके चुनाव के असर के बारे में पूछे जाने पर, खरगे ने कहा, राज्य में नेता एक उद्देश्य से लड़ रहे हैं और कड़ी मेहनत कर रहे हैं...मैं सामूहिक नेतृत्व, सामूहिक परामर्श में विश्वास करता हूं।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने मिस्र के राष्ट्रपति से की मुलाकात

भाषा। काहिरा



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने रविवार को यहां मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिवादन किया। मिस्र के अपने समकक्ष समेह शौकरी के निमंत्रण पर पहली बार मिस्र की यात्रा पर आए जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी का एक निजी पत्र भी सौंपा। मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिवादन किया और निजी पत्र भी सौंपा। मुलाकात के दौरान जयशंकर ने मिस्र-भारत संबंधों के विभिन्न आयामों को और आगे बढ़ाने में सीसी के मार्गदर्शन की सराहना की और उन्हें विदेश मंत्री शौकरी के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी।जयशंकर ने ट्वीट किया, भारत और मिस्र स्वतंत्र विचारधारा वाले राष्ट्रों के रूप में वैश्विक विमर्श कायम करने में योगदान देते हैं, और शांति, प्रगति व विकास को बढ़ावा देते हैं। **वहीं** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिस्र के राष्ट्रपति आब्देल फतह अल सीसी के साथ बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं और मोदी पिछले कुछ समय से इस उत्तर अफ्रीकी देश की यात्रा के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन कोविड-19 महामारी ने अवरोध पैदा किया है। मिस्र के विदेश मंत्री सामेह शौकरी के निमंत्रण पर अपनी पहली यात्रा पर काहिरा पहुंचे जयशंकर ने शनिवार को यहां भारतीय समुदाय के साथ अपनी बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में यह बात कही। जब पूछा गया कि वह प्रधानमंत्री मोदी को मिस्र की यात्रा कब करने की सलाह देंगे तो जयशंकर ने कहा, उन्हें मेरी सलाह की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के राष्ट्रपति सीसी के साथ बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं।

## पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मौजूदगी में समय के साथ आया नाटकीय बदलाव

भाषा। एलेक्स क्रूस

**अर्थ सिस्टम मॉडलिंग,** यूसीएल में रिसर्च फेलो और बेंजामिन जे डब्ल्यू मिल्स, बायोजियोकेमिकल मॉडलिंग के एसोसिएट प्रोफेसर, लीड्स विश्वविद्यालय लीड्स (ब्रिटेन), 16 अक्टूबर (द कन्वरसेशन) क्या हम पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्य ब्रह्मांड में अकेले हैं या किसी अन्य ग्रह पर भी मानव की तरह कोई अन्य प्राणी वास करता है? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसने सदियों से मनुष्यों को आकर्षित किया है और अनगिनत अध्ययनों और काल्पनिक कृतियों को प्रेरित किया है। लेकिन क्या हम इसका पता लगाने के करीब पहुंच रहे हैं? अब जब जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) काम कर रहा है, तो हम एक दिन इसका जवाब देने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगा सकते हैं। जेडब्ल्यूएसटी के चार मुख्य उद्देश्यों में से एक एक्सोप्लैनेट का अध्ययन करना है - ऐसे ग्रह जो हमारे सौर मंडल के बाहर हैं। इसके अलावा यह निर्धारित करना है कि उनका वायुमंडल किन गैसों से बना है। अब भूगर्भीय समय में पृथ्वी पर ऑक्सीजन की विविधता में हमारे नए शोध ने सुराग दिया है कि वास्तव में अध्ययन का उद्देश्य क्या पता लगाना है। अन्य ग्रहों पर जीवन कैसे, कब और क्यों विकसित हो सकता है, इसे समझने की कोशिश करना। एकमात्र ग्रह जिसके बारे में वर्तमान में हमें यह समझ में आता है कि उस पर जीवन है, वह पृथ्वी है। हमारे अपने ग्रह के जटिल विकासवादी इतिहास को समझने से हमें उन ग्रहों की खोज करने में मदद मिलती है, जहां जीवन की संभावना हो सकती है। जीवन और ऑक्सीजन हम जानते हैं कि प्राणियों को जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, हालांकि स्पंज जैसे कुछ ऐसे जीव भी हैं, जिन्हें दूसरों की तुलना में कम ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। फिर भी, जब ऑक्सीजन आज आसानी से उपलब्ध है,।



चीन की सेना राष्ट्रपति जिनपिंग के पोस्टर के सामने मार्च करती हुई, वहां पर कम्युनिस्ट पार्टी का अधिवेशन हो रहा है

## पाकिस्तान में राष्ट्रीय व प्रांतीय असेम्बली की 11 सीटों पर हो रहा है उपचुनाव

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में राष्ट्रीय और प्रांतीय असेम्बली की 11 सीटों पर रविवार को उपचुनाव हो रहा है। अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव अपनी लोकप्रियता परखने का एक मौका है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के मुताबिक, राष्ट्रीय असेम्बली की आठ और प्रांतीय असेम्बली की तीन सीटों पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। पंजाब प्रांत में राष्ट्रीय और प्रांतीय असेम्बली की तीन-तीन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है जबकि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में राष्ट्रीय असेम्बली की तीन सीटों तथा सिंध प्रांत में दो सीटों पर उपचुनाव हो रहा है।

# यूक्रेन के पास रूसी सेना के फायरिंग रेंज में गोलीबारी से 11 की मौत, 15 घायल



भाषा। मास्को

**यूक्रेन के** पास रूसी सैन्य फायरिंग रेंज में दो लोगों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसमें 11 लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह गोलीबारी शनिवार को दक्षिण-पश्चिमी रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में हुई जो यूक्रेन की सीमा से लगता है। इस बयान के अनुसार, पूर्व सोवियत गणराज्य के दो अज्ञात लोगों ने लक्ष्य अभ्यास के दौरान स्वयंसेवी सैनिकों पर गोलीबारी की और जवाबी कार्वाई में दोनों मारे गए। मंत्रालय ने इस घटना को आतंकवादी हमला बताया। यह गोलीबारी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में रूसी सेना को मजबूत करने के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त आम नागरिकों की जल्द तैनाती किए जाने के आदेश के बीच हुई। राष्ट्रपति के इस आदेश के विरोध में रूस भर में प्रदर्शन शुरू हो गए और हजारों की संख्या में लोग देश छोड़ कर अन्यत्र चले गए। पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि 2,22,000 से 3,00,000 सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों की सेना में तैनाती संबंधी आदेश पर अमल शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 33,000 पहले ही सैन्य इकाइयों में शामिल हो चुके हैं जबकि 16,000 यूक्रेन में जारी सैन्य अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। पुतिन द्वारा सितंबर में जारी इस आदेश के तहत 65 वर्ष से कम आयु के लगभग सभी पुरुष सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों के रूप में पंजीकृत हैं। इस फैसले पर आम जनता में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। राष्ट्रपति के इस आदेश के बाद हजारों लोग रूस छोड़कर पड़ोसी देशों में पलायन करने लगे। पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन में फरवरी में रूस के हमले शुरू होने के बाद से दोनों ही देशों को गहरी सैन्य और नागरिक क्षति उठानी पड़ी है।

# तेहरान जेल में आग से चार कैदियों की मौत, 61 घायल

एपी। बगदाद

**ईरान की** राजधानी तेहरान स्थित कुख्यात जेल में भीषण आग लगने से चार कैदियों की धुएं के कारण दम घुटने से मौत हो गई, जबकि 61 कैदी घायल हुए हैं। इस जेल में राजनीतिक कैदियों और सरकार विरोधी कार्यकर्ताओं को रखा गया है। देश की न्यायपालिका ने रविवार को यह जानकारी दी। तेहरान स्थित एविन जेल से निकलतीं आग की लपटों और धुएं को शनिवार की शाम स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। इस बीच देशभर में महसा अमीनी नामक 22 वर्षीय एक युवती की पुलिस हिरासत में मौत के बाद से जारी विरोध प्रदर्शन का सिलसिला पांचवें सप्ताह में प्रवेश कर गया। बताया जाता है कि अमीनी को हिजाब ठीक से न पहनने की वजह से हिरासत में लिया गया था।

एक ऑनलाइन वीडियो में जेल परिसर में गोलियां चलने की आवाज को सुना जा सकता था। सरकारी मीडिया ने बताया कि कुछ घंटों बाद आग को बुझा दिया गया, लेकिन कोई कैदी भाग नहीं पाया है। इसने बताया कि आग कैदियों के बीच झगड़े के कारण लगी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि एक वार्ड में कैदियों और जेल कर्मियों के बीच झड़पें हुईं। अधिकारी ने कहा कि कैदियों ने जेल की वर्दी से भरे एक गोदाम में आग लगा दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष को खत्म करने के लिए दंगाइयों को अन्य कैदियों से अलग कर दिया गया था। सरकारी मीडिया ने शुरू में नौ कैदियों के घायल होने की खबर दी, लेकिन न्यायपालिका की वेबसाइट पर रविवार को बताया गया कि धुएं से दम घुटने के कारण चार कैदियों की मौत हो गई, जबकि 61 कैदी घायल हो गए। जान गंवाने वाले चारों कैदी चोरी के मामले में जेल में बंद थे। अधिकारी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और दमकलकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास रहे हैं। बाद में, तेहरान के अभियोजक अली सालेही ने कहा कि जेल में शांति बहाल हो गई और अशांति का उन विरोध प्रदर्शनों से कोई लेना-देना नहीं था, जो चार सप्ताह तक देश में होते रहे। ऑनलाइन वीडियो में आग के फुटेज में अलार्म बजने के बीच आसमान में धुएं के गुबार उठते दिख रहे हैं और गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है। इसके तुरंत बाद सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिसमें लोगों ने तानाशाह की मौतउ के नारे लगाए तथा टायर जलाए। तानाशाह से उनका तात्पर्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को लेकर था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि पुलिस ने एविन जेल की ओर जाने वाली सड़कों और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया।

### आग को बुझा दिया गया है : ईरानी अधिकारी

**काहिरा।** ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित एक कारागार में लगी आग पर कई घंटों की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया है, जिसमें नौ लोग झुलस गए थे। इस कारागार में अधिकतर राजनीतिक कैदी या फिर सरकार विरोधी गतिविधि मे शामिल लोग बंद है। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। तेहरान स्थित एविन कारा से निकल रही आग की लपटो और धुएं को शनिवार की शाम बड़े पैमाने पर देखा जा सकता था। इस बीच, पुलिस हिरासत में एक युवती की मौत के कारण देश भर मे हो रहा सरकार विरोधी प्रदर्शन पांचवे सप्ताह मे प्रवेश कर गया। ऑनलाइन वीडियो मे कारागार के आस-पास के इलाके मे गोलियो की आवाज और विस्फोट की ध्वनि को सुना जा सकता था। सरकारी मीडिया ने अपनी खबरों में कहा है कि कैदियो के बीच लड़ाई के बाद आग लगी। यह बयान देश मे जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन से इस घटना को अलग दिखाने का प्रयास है। सैकड़ों लोगों को एविन कारा मे रखा गया है, जिसके बारे मे मानवाधिकार समूहों का कहना है कि कैदियों के मानवाधिकारों का बार-बार हनन हो रहा है। सरकारी टीवी ने रविवार को आग लगने के बाद का एक वीडियो जारी किया है, जिसमे जली हुई दीवारो और एक कमरे की छत को दिखाया गया है, जिसके बारे मे कहा गया है कि यह कारागार के सिलाई कार्यशाला का हिस्सा है। तेहरान के गवर्नर मोहसिन मंसूरी ने कहा, सिलाई कार्यशाला मे कुछ कैदियो के बीच लड़ाई के बाद यह आग लगी।

## श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन पर आईएमएफ, भारत, चीन से शुरू की बातचीत: विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), भारत और चीन के साथ ऋण पुनर्गठन को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। विक्रमसिंघे ने भरोसा जताया कि यदि वार्ता आगे बढ़ती है तो श्रीलंका व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ेगा और अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट से उबरने में सफल रहेगा। विक्रमसिंघे ने सियाम्बलैंडुवा जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऋण पुनर्गठन पर निजी लेनदारों के साथ भी बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, कल पहली बार हमने अपने कर्ज का बोझ कम करने के लिए आईएमएफ, चीन, जापान और भारत के साथ बातचीत शुरू की। उन्होंने आगे कहा, हमारे लिए कर्ज चुकाना मुश्किल होगा, फिर भी हमें अपने कर्ज को कम करने के तरीके खोजने होंगे। हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे है।

# रुपया नहीं फिसल रहा, डॉलर हो रहा मजबूत : सीतारमण

भाषा। वाशिंगटन



**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले इस वर्ष भारतीय मुद्रा रुपए में आई आठ फीसदी की गिरावट को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा है कि कमजोरी रुपए में नहीं आई बल्कि डॉलर में मजबूती आई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की सालाना बैठकों में शामिल होने के बाद सीतारमण ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद को मजबूत बताते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती के बावजूद भारतीय रुपया में स्थिरता बनी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में भारत में मुद्रास्फीति कम है और मौजूदा स्तर पर उससे निपटा जा सकता है। रुपए में गिरावट आने से जुड़े एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, सबसे पहली बात, मैं इसे इस तरह नहीं देखूंगी कि रुपया फिसल रहा है बल्कि मैं यह कहना चाहूंगी कि रुपए में मजबूती आई है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा, मजबूत हो रहे डॉलर के सामने अन्य मुद्राओं का प्रदर्शन भी खराब रहा है लेकिन मेरा खयाल है कि अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपया ने बेहतर प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 82.35 के भाव पर बंद हुआ था। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सात अक्टूबर 2022 तक 532.87 अरब डॉलर था जो एक साल पहले के 642.45 अरब डॉलर से कहीं कम है। सीतारमण ने कहा कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण मूल्यांकन में बदलाव आना है। भारतीय रिजर्व बैंक का भी ऐसा ही कहना है। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद अच्छी है, व्यापक आर्थिक बुनियाद भी अच्छी है। विदेशी मुद्रा भंडार अच्छा है। मैं बार-बार कह रही हूं कि मुद्रास्फीति भी इस स्तर पर है जहां उससे निपटना संभव है। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि मुद्रास्फीति छह फीसदी से नीचे आ जाए, इसके लिए सरकार भी प्रयास कर रही है।

### गैस बहुत महंगी होने के कारण कोयले की फिर होने वाली है वापसी: निर्मला

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच गैस बहुत महंगी होने के कारण कोयला एक बार फिर वापसी करने जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि पश्चिमी दुनिया के देश फिर से कोयले की ओर बढ़ रहे है। वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों मे भाग लेने के लिए अमेरिकी आई हुई है। उन्होने यहां शनिवार को भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत मे कहा, पश्चिमी दुनिया के देश कोयले की ओर बढ़ रहे है। ऑस्ट्रिया पहले ही यह कह चुका है, और आज वे कोयले की ओर लौट रहे है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पश्चिमी देशो ने कई प्रतिबंध लगाए है, जिसके चलते यूरोप को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति मे तेजी से कटौती हुई है। ऐसी स्थिति मे उनके लिए वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की तलाश जरूरी हो गई है। वित्त मंत्री ने एक सवाल के जवाब मे कहा कि ब्रिटेन मे भी एक पुराने ताप-बिजली संयंत्र को उत्पादन के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा, वास्तव मे वह खुद को एक ताप इकाई के लिए फिर से तैयार कर रहा है। इस तरह सिर्फ भारत ही नही, बल्कि कई देश (कोयले की तरफ) वापसी कर रहे है। कोयला अब वापस आने वाला है, क्योंकि मुझे लगता है कि गैस का खर्च अब उठाया नही जा सकता है।

## आईटी क्षेत्र में दूसरी तिमाही के दौरान कर्मचारियों के कंपनी बदलने की दर घटी

भाषा। नई दिल्ली

**वैश्विक मंदी की** आशंका गहराने और स्टार्टअप क्षेत्र में छंटनी की खबरों के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग में कर्मचारियों के कंपनी बदलने की दर घटी है। उद्योग पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने सितंबर तिमाही में आपूर्ति पक्ष के दबाव को कम करने की बात कही है। गौरतलब है कि पिछली दो-तीन तिमाहियों के दौरान आईटी उद्योग में कर्मचारियों के बीच तेजी से कंपनी बदलने के रुझान देखे गए थे। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इन्फोसिस के कर्मचारियों द्वारा नौकरी बदलने की दर घटकर 27.1 प्रतिशत रह गई, जो इससे पिछली जून तिमाही में 28.4 प्रतिशत थी। एचसीएल में कर्मचारियों के नौकरी बदलने की दर दूसरी तिमाही में, जून तिमाही के समान बनी रही। नोएडा मुख्यालय वाले एचसीएल के मुख्य जन अधिकारी राम सुंदरराजन ने कहा, यह पहले ही स्थिर हो चुकी है, और इस बात के शुरुआती संकेत हैं कि हम एक अच्छी स्थिति में हैं। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कहा कि आईटी सेवाओं में पिछले 12 महीनों में उसके कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने की दर 21.5 प्रतिशत तक बढ़ गई है, लेकिन आने वाले महीनों में इसमें स्थिरता आने की उम्मीद है। कंपनी ने तिमाही आय के संबंध में आयोजित बातचीत में कहा कि प्रौद्योगिकी रोजगार बाजार में पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान तेजी थी और अब इसमें नरमी आने लगी है। नए कर्मचारी भी वेतन के लिहाज से यथार्थवादी नजरिया अपना रहे हैं। इस तरह भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि आपूर्ति पक्ष के दबाव कम होने के लिए तैयार हैं। इन्फोसिस ने भी कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने के संबंध में राहत की सूचना दी है। कंपनी के सीईओ सलिल पारेख ने हाल में कहा, सालाना तिमाही आधार पर अब तीन तिमाहियों के लिए कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने की दर कम रही है, जिसमें अब दूसरी तिमाही भी शामिल है। हमारा अनुमान है कि इस दर में और कमी होगी।

## किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड ने धन के दुरुपयोग के आरोपों को नकारा

**नई दिल्ली।** किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड (केबीएल) ने एक व्यक्तिगत कानूनी लड़ाई में परामर्श शुल्क के तौर पर 274 करोड़ रुपए का भुगतान किए जाने के आरोपों का रविवार को खंडन किया। यह कानूनी विवाद कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय किर्लोस्कर और उनके भाइयों राहुल एवं अतुल के बीच था। किर्लोस्कर नूमेटिक कंपनी लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल किर्लोस्कर और किर्लोस्कर ऑयल इंजन लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल किर्लोस्कर ने शनिवार को आरोप लगाया था कि केबीएल ने सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के शेयरधारक संसाधनों और नियामक तंत्र का दुरुपयोग किया।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my client Shri RAKESH KUMAR GUPTA son of Shri Satya Narain Gupta r/o A-2/95, Paschim Vihar, New Delhi - 110063 has disowned his elder son namely NIKHIL GUPTA from all his movable and immovable properties. My client has also broken all relations with his above said son from today onwards. Anybody dealing/making any business/any Monetary Transaction/ Family Terms or Relation with my client's son, as named above, will be at their own risk and consequences and my client will not be held responsible for the same.

SANDEEP GUPTA (Advocate)
Ch. No. 174, Civil Wing, Tis Hazari, Delhi

## मार्च तक कुछ क्षेत्रों में वेतन महामारी-पूर्व स्तर पर पहुंच जाएगा: टीमलीज

भाषा। मुंबई

**आर्थिक गतिविधियों में** सुधार होने से चालू वित्त वर्ष के अंत तक कुछ क्षेत्रों में वेतन महामारी से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। टीमलीज एचआरटेक के सीईओ सुमित सभरवाल ने यह संभावना जताई है। सभरवाल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि महामारी के प्रकोप का सामना करते समय सभी क्षेत्रों के संगठनों ने अपनी श्रम लागत कम करने के लिए वेतन में कटौती और छंटनी का सहारा लिया था। उन्होंने कहा, ग्राहक आधार के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद, हमने पाया कि औपचारिक क्षेत्र में श्रमिकों के वेतन में 3.6 प्रतिशत की कटौती हुई, जबकि अनौपचारिक श्रमिकों का वेतन 22.6 प्रतिशत तक घटा। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के साथ ही अर्थव्यवस्था में क्रमिक रूप से सुधार हुआ और कंपनियों ने वेतन में बढ़ोतरी करनी शुरू कर दी। इससे वेतन को 2019 के स्तर तक लाने में मदद मिली।

# 29 हवाई अड्डों, टर्मिनलों का नामकरण प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर

भाषा। नई दिल्ली





**देश भर** में अब तक 29 हवाई अड्डों और टर्मिनलों के नाम प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर रखे गए हैं, जिनमें सबसे नया नाम चंडीगढ़ स्थित शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर किए गए आवेदन से मिली जानकारी के मुताबिक, देश भर में कुल 24 हवाई अड्डे और पांच टर्मिनल के नाम प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर रखे गए हैं।

पीटीआई-भाषा के पास उपलब्ध इस सूची में हालांकि चंडीगढ़ हवाई अड्डे का ब्यौरा शामिल नहीं है, जिसका नाम हाल ही में बदला गया है। चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम गत 28 सितंबर को बदलकर शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे कर दिया गया। यह नामकरण महान क्रांतिकारी भगत सिंह की 115वीं जयंती से एक दिन पहले हुआ। सूची के अनुसार चार हवाई अड्डों के नाम पूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम पर रखे गए हैं। इनमें राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, तेलंगाना के हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा और लखनऊ में चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा शामिल हैं। ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक हवाई अड्डे सहित विभिन्न हवाई अड्डों का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम पर भी हुआ है। सूची में कांगड़ा हवाई अड्डा, गग्गल और कुल्लू-मनाली हवाई अड्डा, भुंतर भी शामिल हैं। दोनों हिमाचल प्रदेश में हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि इन दो हवाई अड्डों का नाम किन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा पांच हवाई अड्डा टर्मिनलों के भी नाम मशहूर हस्तियों के नाम पर रखे गए हैं। इनमें चेन्नई स्थित अन्ना अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल एवं कामराज घरेलू टर्मिनल और हैदराबाद स्थित एन टी रामा राव टर्मिनल शामिल हैं। इस समय देश में 131 हवाईअड्डे परिचालन में हैं, जिनमें 29 अंतरराष्ट्रीय और 92 घरेलू हवाई अड्डे हैं।

## जन-धन खातों से अब तक 25 लाख करोड़ रुपए वितरित: रेड्डी

भाषा। हैदराबाद

**केंद्रीय** पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों के जरिए अब तक 25 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर जनगांव में कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सब्सिडी के तहत लाभार्थियों को इन खातों के जरिए रकम भेजी जाती है। इन 50 करोड़ जन-धन खातों में से आधे महिलाओं के हैं। जन-धन खाते खोलते समय लोग सवाल उठा रहे थे कि क्या हमारे देश में इसकी आवश्यकता है? आज हमने जन धन खातों के माध्यम से गरीब लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के मद में 25 लाख करोड़ रुपए वितरित किए हैं। यह एक उपलब्धि है। आज गरीबों के जन-धन बैंक खातों में 1.75 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110 002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 5,951.58 | 12,395.69 | 3,980.31 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 151.01 | 366.57 | 131.95 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 151.01 | 374.49 | 131.95 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 93.70 | 333.27 | 141.69 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | 95.36 | 340.35 | 139.47 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहले) (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 1.08 | 3.86 | 1.64 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 1.08 | 3.86 | 1.64 |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही/अर्द्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में विनिर्दिष्ट किया गया है, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है।
(3) उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 15 अक्टूबर, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

कृते एवं हिते बोर्ड
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : दिल्ली
तिथि : 15-10-2022

# सहायक अभियंता ने सांसद पर लगाया धमकाने का आरोप, सुरक्षा की मांग की

भाषा। बाराबंकी

**बाराबंकी** से भाजपा सांसद उपेंद्र रावत पर एक सहायक अभियंता को फोन पर अपशब्द कहने और धमकी देने का आरोप लगा है। इससे संबंधित उनकी कथित बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शारदा नहर खंड हैदरगढ़-28 के सहायक अभियंता संजय कुमार गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को शनिवार को लिखे पत्र में सांसद उपेंद्र रावत पर गालियां और धमकी देने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की मांग की है। वायरल ऑडियो में सांसद कांदूपुर गांव में बने पुल को लेकर कथित रूप से बात करते सुनाई देते हैं। इसमें वह कथित रूप से यह कहते सुने जाते हैं, तुमको मैंने पांच-छह बार चिट्टी लिखी लेकिन तुम इस महत्वपूर्ण ग्राम कांदुपुर पुल का एस्टीमेट नहीं बनवा रहे हो? यहां मौके पर कब आओगे, सारी जनता खड़ी है। इस पर अभियंता को कथित तौर पर यह कहते सुना जाता है, सर मैं सब काम छोड़कर अभी आ जाऊंगा, वैसे वहां मेरे विभाग के बड़े साहब अधिशासी अभियंता व जेई मौजूद हैं। गुप्ता का आरोप है कि उनके इतना कहते ही सांसद आगबबूला हो गए और बोले कि अधिशासी अभियंता की बात न करो तुम और यह तुम्हारा क्षेत्र है। सहायक अभियंता का आरोप है कि भाजपा सांसद ने इस दौरान उन्हें गाली भी दी। उनके मुताबिक, सांसद ने कहा, सुनो हम गरियाते भी बहुत हैं और जो गाली से नहीं मानता है उसे मारते भी बहुत हैं। मैं तुम्हारे दफ्तर में ताला लगा दूंगा, घुसने भी नही दूंगा और तुम्हारे दफ्तर के बाहर बैठ जाऊंगा। गुप्ता ने जिलाधिकारी और अपने विभाग के अधिशासी अभियंता और लखनऊ मुख्यालय को शिकायती पत्र देकर अपनी सुरक्षा की मांग की है। इसी के साथ अभियंता ने हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को भी तहरीर देकर इस मामले में कार्वाई की मांग की है। अभियंता ने पत्र में कहा है कि क्योंकि सांसद ने उन्हें फोन पर धमकी और गालियां दी हैं, इसलिए उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है और जब तक उन्हें शासन स्तर पर सुरक्षा का आश्वासन प्राप्त न हो जाए तब तक उन्हें छुट्टी दे दी जाए। वहीं, सहायक अभियंता द्वारा लगाए गए आरोप पर सांसद ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि त्रिवेदीगंज क्षेत्र में कांदूपुर से मंझुपुर के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मार्ग निर्माण की मंजूरी मिली है और इस प्रस्तावित सड़क के मार्ग में एक जर्जर पुल है तथा विभाग ने पुल के सामने दीवार बनाकर आवागमन रोक दिया है। उन्होंने कहा कि जबसे यह सड़क मंजूर हुई है, तभी से बार-बार सहायक अभियंता को पुल निर्माण के लिए चिट्ठी लिखी जा रही है लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके अनुसार, पुल न बनने पर 20 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का जनता को लाभ नहीं मिल सकता और इसी को लेकर सहायक अभियंता से बात की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने बताया कि सहायक अभियंता संदीप गुप्ता ने हैदरगढ़ कोतवाली में अपने कार्यालय से अवकाश पर जाने की सूचना देते हुए संबंधित मामले की संक्षिप्त जानकारी दी है और साथ ही अपनी सुरक्षा की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# अगवा व्यवसायी सकुशल बरामद

**बुलंदशहर**। बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर इलाके में शनिवार को अगवा व्यवसाई को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि खुर्जा की गोयनका कॉलोनी के रहने वाले राजकुमार (67) को बदमाशों ने उस वक्त अगवा कर लिया था जब वह शनिवार सुबह सैर करने के लिए निकले थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने रविवार को बताया कि थाना खुर्जा नगर में एक व्यवसाई के अपहरण संबंधित मुकदमा दर्ज हुआ था और उनकी बरामदगी के लिए जिला पुलिस की कई टीम लगाई गई थी।कुमार ने बताया कि अपहृत व्यवसाई राजकुमार को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा विभिन्न जगहों पर नाकेबंदी की गई थी और पुलिस की कार्वाई के डर से अपहरणकर्ता उन्हें छोड़ कर भाग गए। उन्होंने बताया, इस संबंध में व्यवसाई से जो पूछ्ताछ की गई है, उसमें कुछ सुराग मिले हैं जिस पर हमारी टीम काम कर रही है। पुलिस के मुताबिक खुर्जा नगर की गोयनका कॉलोनी के रहने वाले राजकुमार शनिवार सुबह सैर करने के लिए निकले थे कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कॉलेज रोड पर गाड़ी सवार बदमाशों ने उन्हें अगवा कर लिया।राजकुमार के बेटे निशांत ने बताया था कि उनके पिता का अपहरण हुआ है और उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है।

## अधिवक्ता का शव मिला, पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया

**बहराइच**। जिले के दरगाह शरीफ थाना इलाके में रविवार की सुबह एक अधिवक्ता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच अधिवक्ता की पत्नी ने अज्ञात व्यक्ति पर पति की हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस के अनुसार थाना दरगाह शरीफ अंतर्गत जमील कॉलोनी में रह रहे 40 वर्षीय अधिवक्ता इंतजार उल हक का शव सुबह संदिग्ध हालत में मिला।

## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा आयोजित



**बांदा**। आज उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा आयोजित कराई गई। जनपद बॉंदा में कुल 16 परीक्षा केन्द्रो में अभ्यर्थिओं द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी बॉदा अनुराग पटेल द्वारा प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र पं0जे0एन0डिग्री कॉलेजए सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेजए केन पथ बांदा एवं राजकीय इण्टर कॉलेजए मटौंध का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान पं0जे0एन0डिग्री कॉलेज बांदा में 600 के सापेक्ष 369ए सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेजए केन पथ बांदा में 432 के सापेक्ष 243 एवं राजकीय इण्टर कॉलेजए मटौंध में 408 के सापेक्ष 226 छात्र.छात्रायें परीक्षा में उपस्थित रहें। इसी प्रकार जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा द्वितीय पाली में इण्टर कॉलेज तिन्दवाराए बांदा तथा राजा देवी डिग्री कॉलेज बांदा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इण्टर कॉलेज तिन्दवारा में 336 के सापेक्ष 200 तथा राजा देवी डिग्री कॉलेज बांदा में 600 के सापेक्ष 354 छात्र.छात्रायें उपस्थित रहें। उपर्युक्त सभी परीक्षा केन्द्रो में कन्ट्रोल रूम व सी0सी0टी0वी0कैमरों का निरीक्षण किया गया सभी परीक्षा केन्द्रो में सी0सी0टी0वी0कैमरें चालू हालत में पाये गये। आज दिनांक 16.10.2022 को जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई।



मुरादाबाद में दिवाली को लेकर दीये बनाता कुम्हार

# सहारनपुर में ग्राम प्रधान और उसके पिता पर लाठी-डंडों से हमला, एक की मौत

**सहारनपुर**। जिले के देवबंद थाना इलाके में रंजिश के चलते हुए विवाद में एक गांव के करीब 12 लोगों ने ग्राम प्रधान और उनके पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में प्रधान को गंभीर चोटें आईं और उनके पिता की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि घायल प्रधान का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनके पिता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। प्रधान पक्ष की ओर से गांव के ही आठ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम जटोल दामोदरपुर में एक ही समुदाय के दो पक्षों में निर्माण कार्य को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ तो देवबंद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करा दिया लेकिन देर रात एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। राय ने कहा कि इस बीच करीब 12 लोगों ने प्रधान मोनू और उनके पिता सेवाराम (60) के सिर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां सेवाराम की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधान को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रधान पक्ष की ओर से गांव के ही आठ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जमीनी विवाद में चाचा और चचेरे भाइयों ने युवक को पीटकर मार डाला

**बदायूँ**। जिले के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह जमीनी विवाद के चलते एक युवक की उसके चाचा और चचेरे भाइयों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरोली निवासी सगे भाइयों-गुलशेर और फतेहउद्दीन के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। अधिकारियों ने कहा कि रविवार सुबह गुलशेर का बेटा इकराम (20) अपने घर के सामने बैठा था कि तभी उस पर फतेहउद्दीन और उसके बेटे सरवर तथा रिजवान ने अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक हमलावर वहां से भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि परिजन गंभीर अवस्था में घायल इकराम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां से उसे गंभीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद बरेली रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद परिजन शव लेकर कोतवाली पहुंचे और वहां से पुलिस ने आवश्यक औपचारिकता पूरी कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किसान मजदूर अधिकार महापंचायत की तैयारी को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक

**अयोध्या**।। किसान मजदूर अधिकार महापंचायत की तैयारी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक मोर्चा के संयोजक मयाराम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें 11 नवम्बर को होने वाली किसान मजदूर अधिकार महापंचायत के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। मोर्चा के संयोजक मयाराम वर्मा ने बताया कि महापंचायत पहले 14 अक्टूबर को शहर के गांधी पार्क में होना तय किया गया था किन्तु जनपद में हो रही भारी वर्षा के कारण स्थगित करना पड़ा । श्री वर्मा ने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से विचार विमर्श के पश्चात पुनः महापंचायत की तिथि 11 नवम्बर तय की गई है जिसमें जिले के कोने कोने से भारी संख्या में किसान मजदूर भागीदारी करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। किसानों की फसलें पहले सूखे से प्रभावित हुई और अब भारी वर्षा ने किसानों को बर्बाद कर दिया। अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में बाढ़ ने किसानों मजदूरों की कमर ही तोड दी है। सरकार इन समस्याओं से निपटने का नाटक तो कर रही है लेकिन कोई भी ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। वक्ताओं ने आगे कहा कि खाने पीने की वस्तुओं की मंहगाई गरीबों पर भारी पड़ रही हैं। बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार चरम पर हैए लोगों की तकलीफें में इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में 11 नवम्बर को गांधी पार्क में होने वाली महापंचायत किसानों और मजदूरों को गोलबंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक को भाकियू टिकैत के नेता कमला प्रसाद बागीए भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारीए भाकपा ;मालेद्ध जिला प्रभारी अतीक अहमद किसान सभा के जिलाध्यक्ष शेख मोहम्मद इश्हाकए मंत्री अवधराम यादवए जनवादी नौजवान सभा के पूर्व महासचिव सत्यभान सिंहए भाकपा के पूर्व जिला सचिव राम तीर्थ पाठकए माकपा के पूर्व जिला सचिव माता बदलए मजदूर नेता शैलेन्द्र सिंहए किसान नेता विनोद सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

## बैंकों के निजीकरण के प्रयास का किया जाएगा डटकर विरोधः करुणेश शुक्ला

**प्रयागराज**। बैंकों के निजीकरण के प्रयास का बैंक कर्मचारी और अधिकारी डटकर विरोध करेंगे। इसका निजीकरण बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। बैंकों के निजीकरण से इसके दुष्परिणाम देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को चौपट करने वाले हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश बैंक ऑफ बड़ौदा एंप्लाइज यूनियन लखनऊ ज़ोन की प्रबंध समिति की बैठक में यूनियन के अध्यक्ष करुणेश शुक्ला ने कहीं। श्री शुक्ल सिविल लाइंस स्थित होटल प्राइड इन में रविवार को आयोजित बैठक में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंकों का निजीकरण उचित कदम नही है। इसका परिणाम कतई ठीक नही होगा।बैठक में पांच दिवसीय बैंकिंग साठ वर्ष तक अनुकंपा नियुक्ति पेंशन अपडेशन डीए का नया फार्मुला आदि विषयों पर प्रतिनिधियों ने गहन विचार विमर्श किया। उप महामंत्री राजेश श्रीवास्तव ने मांग की है कि बैंकों में लिपिक और चपरासी वर्ग में नयी भर्तियां की जाएं। जिससे कर्मचारियों पर बढ़ा हुआ भार कम हो जाए। प्रयागराज के क्षेत्रीय सचिव एस के सिंह ने आये हुए सभी प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले सर्वप्रथम यूनियन के महामंत्री स्वर्गीय विनय प्रकाश सक्सेना को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में सुंदर लाल प्रभंजन सिंह यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी विक्रम सिंह चंदन पंकज पाल आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी क्षेत्रीय सचिव प्रयागराज एस के सिंह की ओर से दी गयी।

# वाहनों की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**झांसी**। जिले के पूंछ इलाके में दो वाहनों की टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए।अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) नेपाल सिंह ने रविवार को बताया कि 15-16 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब दो बजे झांसी शहर के नई बस्ती निवासी मोहर सिंह अपने परिवार के साथ एक समारोह में भाग लेकर उरई से लौट रहे थे कि रास्ते में पूंछ इलाके में उनकी कार सामने से आ रहे एक वाहन से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मोहर सिंह (65), उनकी पत्नी मालती (62) और बेटी अनीता (32) की मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल कार चालक समेत तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

## गाजीपुर में कार की चपेट में आने से बच्चे की जान गई

**गाजीपुर**। जिले में वाराणसी-गोरखपुर एक्सप्रेसवे पर कार की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हैदरगंज का निवासी प्रिंस कुमार (10) शनिवार शाम को कोचिंग से घर वापस लौट रहा था, तभी उसकी साइकिल एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शाहजहांपुर के युवक का शव सात माह बाद भी जेद्दा से नहीं लाया जा सका

**शाहजहांपुर**। जिले से नौकरी करने जेद्दा गए एक युवक की वहीं मौत हो गई और मौत के सात माह बाद भी उसके शव को भारत नहीं लाया जा सका। परिजन उसका शव अपने देश में लाकर उसका अंतिम संस्कार करना चाहते हैं, लेकिन मृतक युवक की पत्नी ने जेद्दा में ही अंतिम संस्कार करने की अनुमति दे दी है।पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनंद ने बताया कि मोहम्मद आलम (35) नौकरी करने जेद्दा गए थे और उनके परिजन यहां रहते हैं। उन्होंने बताया कि सात महीन पहले आलम की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जैसे ही मामला उनके संज्ञान में आया उन्होंने मृतक के परिजनों को ढूंढ कर उन्हें दूतावास द्वारा भेजी गई सूचना तथा सहमति पत्र के बारे में भी बता दिया जिसके बाद मृतक की मां और भाई ने इसको लेकर सहमति दे दी कि वे चाहते हैं कि उनके भाई का शव यहां भारत लाया जाए। उन्होंने बताया कि वहीं मृतक की पत्नी फरहीन ने जेद्दा में रह रहे अपने किसी परिचित को अधिकृत पत्र भेज दिया है कि वह उसके पति का अंतिम संस्कार जेद्दा में ही कर दे। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा भेजे गए अधिकृत पत्र में यह कहा गया है कि वह दूतावास को बताकर शव प्राप्त कर सकते हैं और वहीं पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया जाए क्योंकि काफी समय से उनके पति का शव वहीं के एक मेडिकल सेंटर में रखा हुआ है। आनंद ने बताया कि मृतक के परिवार की भावनाएं और इच्छा के तहत ही वह मृतक के परिजनों की पूरी मदद कर रहे हैं और उन्हें सारी स्थिति से अवगत भी करा दिया गया है। शहर के थाना कोतवाली अंतर्गत मोहम्मद शाह मोहल्ले में रहने वाले आफताब आलम ने पीटीआई भाषा को बताया कि उनका भाई मोहम्मद आलम जेद्दा में नौकरी करने के लिए 2013 में गया था और इस दौरान वह समय-समय पर अपने घर शाहजहांपुर आता रहा लेकिन कोविड-19 के बाद जब वह गया तो इसी वर्ष 30 मार्च को उसकी वहीं मौत हो गई। आफताब ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें 24 अगस्त को मिली। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास के माध्यम से उन्हें सूचना मिली जिसमें यह पूछा गया था कि वह अपने भाई के शव को भारत लाना चाहता हैं अथवा अपने किसी परिचित या रिश्तेदार के माध्यम से जेद्दा में ही उसका अंतिम संस्कार कराना चाहते हैं। आफताब आलम ने बताया कि इस सूचना पर पांच दिन के अंदर कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए इस आशय की सहमति जेद्दा भेज दी गई कि वह अंतिम संस्कार अपने देश भारत में ही करना चाहते हैं। आफताब ने बताया कि सात माह के दौरान उनकी पचासी वर्ष की बूढ़ी मां मरियम बेगम की रोते-रोते आंखें पथरा गई हैं और उन्हें अब आंखों से कम दिखाई देने लगा है।

## कार और पिकअप की टक्कर में मेरठ के भाजपा नेता की मौत, चार घायल

**सहारनपुर**। जिले के देवबंद थाना क्षेत्र में रविवार को एक कार और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की मौत हो गई और दोनों वाहनों में सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई भाषा को बताया कि आज राज्य राजमार्ग पर साईधाम मंदिर के निकट सहारनपुर से मुजफ्फरनगर जा रही एक पिकअप गाड़ी और सामने से तेज गति से आ रही मेरठ निवासी भाजपा नेता की कार के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राय ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही थाना देवबंद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने भाजपा के मेरठ जिला कार्यकारिणी सदस्य गौरव चौहान को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि घायलों में शामिल यश चौहान निवासी पल्लवपुरम व पिकअप सवार सतीश और उसकी पत्नी लखमीरी व चालक नयूम निवासी जिला बारांबकी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया संघ



**सिद्धार्थनगर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सेवा भारती के अंतर्गत बांसीए इटवाए डुमरियागंज करीब 1000 परिवार में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया विगत सप्ताह भर से बाढ़ के पानी मे राप्तीएबूढ़ी राप्ती दोनों नदियों में खतरे से ज्यादा पानी बह रहा है बांध के टूटने के कारण कई गांव में मैरून्ड हो चुके हैं जैसे इटवा में ककरहवा, भैसाही जंगल एचेचराबएअनहरिया डीह, चेचरा खुर्द, खाखरा बेरिया ग्रांटएपचपेड़वाए सिगारजोत आदि डुमरियागंज में धनोहरीए धनोहराए सेहरी एदेवरियाए चमन लगाए। तमाम गांव क्षेत्रों में तथा बांसी के नगवाएभगौसा फर्स्ट एसेकंड मऊ एसोनफेरवा एजिगनीहवा एखूनियाव में पचमोहनीए पचपेड़वा बांध के ऊपर राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गांव में सेवकों के माध्यम से गांव का सर्वे कर उनको स्वयंसेवकों द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया गया। इनके साथ कई सहयोगी भी लगे रहे। इसके बारे में जानकारी देते हुए सेवा भारती के अध्यक्ष बालमुकुंद पांडे ने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से समय व धन लगाकर नर सेवा नारायण सेवा हैं इसी को धर्म मानकर दिन.रात सेवा में लगे हैं।उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि मेडिकल टीम भी हमारी तैयार है समय के अनुसार दवाओं का भी वितरण किया जाएगा।

# किसानों की तकदीर बदलेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर भी

आलोक निगम। बाँदा

**वैज्ञानिक** डॉ. नरेंद्र सिंह ने शोध पर अगर अमल हो जाए तो किसानों की खुशहाली तय मानिए और बुंदेलखंड की तस्वीर भी बदली नजर आएगी। उनका माननना है कि शोध के फार्मूले से कृषकों की तकदीर बदलेगी । इससे एक करोड़ किसान बेरोजगार होने से बचेगा तथा आय दोगुनी होगी उत्तर प्रदेश केबुंदेलखंड में किसानों के लिएसबसे बड़ी समस्या अन्ना प्रथा है लेकिन अन्ना प्रथा आखिर बुंदेलखंड के इन 7 जिलों में क्यों है इसका मूल कारण क्या हैध् और इसमें यदि सुधार किया जाए तो इसके क्या क्या फायदे हैं । आज बुंदेलखंड का फूटा किसान एकदम गरीबी हालत में है इसकी आमदनी दुगना कैसे की जा सकती है घ्इस पर जानते हैं प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय बांदा के विभागाध्यक्ष विज्ञान एवं सह निदेशक प्रसार से वैज्ञानिक प्रोफेसर नरेंद्र सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड में शुरुआती दौर में खरीफ की फसलों का क्षेत्रफल बहुत कम थाद्य





**बड़े बड़े उद्यमियों को आगे आना पड़ेगा और वे गौशालाओं में उद्योग मशीनें लगा सकते हैं, गोमूत्र के साथ गोबर की खाद से बायोगैस बनाने और बिजली तैयार करने का है फार्मूला, गोबर की खाद काप्राकृतिक खेती में प्रयोग किया जा सकता है**

सन19870 में जो छोटे किसान हैं उनके पास खेती का एरिया बहुत कम है बड़े काश्तकारकिसान पहले जानवर काफी मात्रा में रखते थे लेकिन कुछ वर्षों से इसमें बदलाव आया बड़े किसानों ने खरीफ की फसलें रवि की फसलें। यह शोध और मंथन के बारे में डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कुछ वर्षो से मशीनों द्वारा खेती करना आरंभ कर दिया। जुताई पहले हल से होती थी, एक हल में दो बैल प्रयोग होते हैंद्य बड़े काश्तकार किसान के पास 10 से 20 हल होते हैंए एक हल में दो बैल लगते थे अर्थात 20 साल में 40 बैल अति आवश्यक है 5 अल्टरनेट में रखा जाता था मान लो कोई बैल बीमार है तो उसकी जगह दूसरा बैल लगा दिया जाता था। द्य छोटे किसान इन 7 जनपदों में लगभग एक करोड़ है जो बेकार होने की कगार पर है उनके पास जमीन है बहुत कम है जानवर काफी तादाद में है आखिर होने रखें कहां खिलाए क्या आय का कोई साधन समझ में नहीं आता इस को बचाने के लिए वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय के डा. नरेंद्रजी ने शोध किया और फिर किसका आविष्कार किया इस पर सरकार और उद्योग पतियों को अमल करना होगा। बड़े पशुपालकों ने अपना हाथ खींच लिया है अब मशीन के द्वारा खेती करना प्रारंभ कर दिए हैं आज की स्थिति में स7 जिलों में अन्ना प्रथा की जबरदस्त समस्या जनता को भी फेस करनी पड़ रही है रोड में यातायात में चलने वाले मोटर बाइक कार ट्रक पर को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अन्ना जानवर रोड पर बैठे मिलते हैं। डा. नरेंद्र सिंह बोले बुंदेलखंड में बहुत सारे बड़े बड़े उद्यमियों को आगे आना पड़ेगा और सरकार उनको यदि सुविधाएं देगी तो वह गौशालाओं में उद्योग मशीनें लगा सकते हैं, जैसे गोमूत्र को प्यूरीफायर करने के लिए तथा गोबर की खाद से बायोगैस बनाने के लिए जिससे बिजली तैयार की जा सकती है और गोबर की खाद को जैविक खेती प्राकृतिक खेती में प्रयोग किया जा सकता है जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की का ड्रीम है कि बुंदेलखंड की किसान जो खींची है वह प्राकृतिक और जैविक खेती की जाए इसमें ना डीएपीए ना यूरिया डाली जाएए हिंदुस्तान में प्राकृतिक खेती का सपना देख रहे हैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने को साकार किया जा सकता है क्योंकि बांदा में लगभग 350 गौशाला हैं द्यउन गौशालाओं में वर्तमान समय में लगभग 110000 लाख गोवंश है यदि यह सब जो बुंदेलखंड एक्सप्रेस में और सड़कों में घूम रहा है इनको भी अगर उनको गौशाला में ले जाकर रखा जाएगा तो इसकी संख्या लगभग 1 से 2लाख हो जाएगी यदि उद्यमी उद्योग लगाता है तो उससे छोटे किसानों की आय 2 से 4 गुना बढ़ेगी किसान इन गोवंश को अपने घर रखने भी लगेगा क्योंकि उसको पता है गोमूत्र कितने रुपए में बिक जाएगा और गोबर इतने रुपए में बिक जाएगा इस तरह से उसकी आए भी दोगुनी हो जाएगी जो मोदी जी का एक मंशा है कि किसान की आय दोगुनी हो जाए द्यवह इस कार्य से हो सकती है।

## पिता की हत्या के मामले में बेटे को आजीवन कारावास की सजा

**बस्ती**। बस्ती जिले की एक अदालत ने अपने पिता की हत्या करने के मामले में बेटे को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जिला सहायक शासकीय फौजदारी अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने रविवार को बताया कि फास्ट ट्रैक प्रथम, बस्ती के अपर एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने यह सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए कहा कि इसे न अदा करने पर एक साल की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। घटना के संदर्भ में उपाध्याय ने बताया कि मामला सोनहा थाना क्षेत्र के दरियापुर जंगल टोला भैसहवा का है, जहां के चौकीदार ने 24 फरवरी 2018 को तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही जगदीश मिश्रा ने अपने पिता रामदेव मिश्रा पर धारदार हथियार से वार करके घर में बंद कर चला गया था।

# युवा और अनुभवी जोश उड़ाएंगे दुनिया के होश

● भारतीय टीम विश्व कप में दमदार प्रदर्शन करने को तैयार

भाषा। नई दिल्ली



**बीस साल** उम्र में 2007 में दक्षिण अफ्रीका में जब रोहित शर्मा ने अर्धशतक जड़ा था तब यह अंदाजा लग गया था कि इस खिलाड़ी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उस साल टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की औसत आयु 26 साल थी और उसने इसका खिताब जीतकर क्रिकेट के मायने बदल दिए थे। इस विश्व कप से पहले तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस प्रारूप को अपनाने से कतरा रहा था लेकिन टी20 विश्व कप खिताब ने इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत की नींव रखी। टी20 विश्व कप के शुरुआती सत्र के 15 साल के बाद एक बार फिर से भारतीय टीम खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में विश्व विजेता बनने के मकसद से ऑस्ट्रेलिया पहुंची है। इस बार टीम की कमान हालांकि रोहित के पास है और इसकी औसत आयु 30 साल से ज्यादा है। **भारतीय टीम के 15 खिलाड़ियों का ब्यौरा**

**विराट कोहली:** कोहली किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए सबसे बड़ा खतरा बने रहेंगे। उनके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वह लय में आ गए हैं और एशिया कप के दौरान अपने पुराने रंग में दिखे। मैच की शुरुआती आठ-दस गेंदों के बाद उन्हें रोकना मुश्किल होगा।

**सूर्यकुमार यादव:** मैदान के हर क्षेत्र में शॉट खेलने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। टी20 क्रिकेट में 176 का स्ट्राइक रेट उन्हें इस प्रारूप का सबसे खतरनाक खिलाड़ी बनाता है। उन्होंने 34 मैचों में नौ अर्धशतक और एक शतक लगाया है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत गेंदबाजी के खिलाफ उन्होंने सहजता से रन बनाए।

**हार्दिक पंड्या:** टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी की अहम कड़ी। हार्दिक ऐसे हरफनमौला है जिसकी भारतीय टीम को हमेशा से जरूरत रही है। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बीच के ओवरों में तेज गेंदबाजी से उन पर कुछ विकेट निकालने की जिम्मेदारी होगी।

**रोहित शर्मा (कप्तान) :** इंडियन प्रीमियर लीग का पांच खिताब जीतने वाले रोहित ने राष्ट्रीय स्तर की द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में टीम को शानदार सफलता दिलाई है। शीर्ष क्रम में वह शानदार बल्लेबाज रहे है और कलात्मक तरीके से बड़े शॉट खेलने मे उनका कोई जवाब नही।

**लोकेश राहुल (उप कप्तान) :** समकालीन समय में सबसे कलात्मक खिलाड़ियों में से एक लेकिन भारत के शीर्ष क्रम मे सबसे कमजोर कड़ी। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पसंदीदा लोकेश राहुल अक्सर अपने स्ट्राइक-रेट से जूझते रहे है। उनके पास इस खेल के सभी शॉट्स है लेकिन अहम मैचो मे उनका बल्ला ज्यादातर खामोश ही रहा है। भारत के शुरुआती मैच मे वह पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी से कैसे निपटते है यह देखना दिलचस्प होगा।

वह टीम में फिनिशर की भूमिका भी निभाएंगे।

**ऋषभ पंत:** इस विकेटकीपर बल्लेबाज का 62 मैचों में 127 का स्ट्राइक-रेट उनकी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं करता। आक्रमण और संभल कर खेलने के बीच भ्रम की स्थिति का उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है।

**दिनेश कार्तिक:** भारतीय क्रिकेट टीम के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को खेलने वाले कार्तिक प्रतिभा के मामले में पंत से काफी पीछे है लेकिन फिनिशर की भूमिका को शानदार तरीके से निभाने के कारण वह इस टीम के अहम सदस्य हैं।

**रविचंद्रन अश्विन:** खेल में नए तरीकों को ढूढने के लिए पहचाने जाने वाले अश्विन इस प्रारूप में कई बार टीम से अंदर-बाहर होते रहे है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड के कारण वह पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम के खिलाफ अच्छा विकल्प होंगे।

**अक्षर पटेल:** रविन्द्र जडेजा की जगह टीम में आए अक्षर ने हाल के दिनों में शानदार गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के मामले में वह जडेजा जितना बेहतर नहीं है।

युजवेंद्र चहल: पिछले एक साल में चहल की गेंदबाजी में निरंतरता नहीं रही है। खराब लय में होने के कारण वह पिछले टी20 विश्व कप टीम से बाहर हो गए थे लेकिन लय आने के बाद टीम में वापसी करने में सफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों में हालांकि कलाई के स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

**भुवनेश्वर कुमार:** इस में कोई संदेह नहीं की भुवनेश्वर कुमार ने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल लिया है। पिछले कुछ मैचों में आखिरी ओवरों में उनकी गेंदबाजी लचर रही है लेकिन अनुभव के मामले में वह भारत के अन्य तेज गेंदबाजों से आगे है।

**मोहम्मद शमी:** जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद मुख्य टीम में आए शमी ने पिछले टी20 विश्व कप के बार इस प्रारूप का कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के अच्छे प्रदर्शन से वह राष्ट्रीय टीम (टी20) में वापसी करने में सफल रहे।

**अर्शदीप सिंह:** ज्यादा अनुभवी नहीं है लेकिन आईपीएल में प्रभावित करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीमित मौके पर खुद को साबित करने में सफल रहे है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होने के कारण टीम में विविधता प्रदान करते हैं।

**हर्षल पटेल:** कौशल के मामले में मौजूदा भारतीय टीम के सबसे शानदार तेज गेंदबाज है लेकिन अच्छा प्रदर्शन के लिए पिच से मदद पर निर्भर रहते हैं। हर्षल के बाद बल्ले से बड़े शॉट खेलने की क्षमता भी है।

**दीपक हुड्डा:** हुड्डा ने सीमित मौके पर खुद को शानदार तरीके से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में साबित किया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज होने के कारण एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा लेकिन तेज बल्लेबाजी के साथ उनके पास ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने की भी क्षमता है।

## शमी ने जमकर पसीना बहाया



**ब्रिसबेन।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को गाबा में भारत के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान पूरे जज्बे के साथ गेंदबाजी जिससे लगता है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले अभ्यास मैच से पूर्व पूर्ण फिटनेस हासिल कर ली है। कोविड-19 से उबरने के बाद ब्रिसबेन पहुंचे शमी को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। रविवार को शमी ने कोच राहुल द्रविड़ के साथ पूर्ण सत्र में हिस्सा लिया। वह लगभग तीन महीने बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। पहले सत्र के दौरान शमी लय हासिल करने की कोशिश करते हुए नजर आए क्योंकि उन्होंने टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली को काफी समय तक गेंदबाजी की। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी अभ्यास मैच से ही उनकी मैच फिटनेस के बारे में पता चलेगा। इसमें कोई शक नहीं है कि 80 प्रतिशत फिट शमी भी अपने कौशल के साथ हर्षल पटेल की तुलना में अधिक प्रभावी होंगे जो पिछले कुछ समय से बिलकुल भी लय में नहीं हैं। रविवार को नेट सत्र के दौरान दिनेश कार्तिक ने हर्षल के खिलाफ जमकर बड़े शॉट खेले। कार्तिक ने हर्षल की गेंदों पर डीप मिडविकेट और स्क्वायर लेग पर आसानी से शॉट खेले। हालांकि शमी की गेंद पर स्कूप करने की कोशिश में कार्तिक ने अपना लेग स्टंप गंवा दिया और बंगाल के इस तेज गेंदबाज के चेहरे पर इसके बाद मुस्कान थी। लेकिन देखना यह होगा कि क्या द्रविड़ और रोहित शमी को इंग्लैंड के खिलाफ खिलाएंगे या दो और नेट सत्र में हिस्सा लेने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को आजमाएंगे।

### 11 साल के बच्चे ने की रोहित के लिए गेंदबाजी

**पर्थ।** युवा क्रिकेट प्रेमी 11 वर्षीय दर्शील चौहान के लिए वह यादगार पल था जब उन्हें टी20 विश्व कप से पहले भारत के अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित शर्मा को गेंदबाजी करने का मौका मिला। सुबह के सत्र के दौरान वाका के मैदान पर कई बच्चे मौजूद थे जिनमें दर्शील भी शामिल था। उन्होंने अपने गेंदबाजी एक्शन से सभी को प्रभावित किया और जब भारतीय टीम दोपहर के अभ्यास सत्र के लिए पहुंची तो कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में भारतीय टीम के विश्लेषक हरिप्रसाद मोहन ने कहा, हम दोपहर बाद अभ्यास सत्र के लिए वाका में थे और तब बच्चे अपने सुबह के सत्र का समापन कर रहे थे। हमने अपने ड्रेसिंग रूम से लगभग 100 बच्चों को क्रिकेट खेलते हुए देखा। इनमें से एक बच्चे ने सभी का विशेषकर रोहित का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, हर कोई उसके रन अप और नैसर्गिक प्रतिभा से प्रभावित था। वह लगातार बल्लेबाज को परेशान कर रहा था। रोहित ने उसे नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। दर्शील को टीम के ड्रेसिंग रूम में भी बुलाया गया और उन्होंने प्रशिक्षकों और अन्य सदस्यों के साथ भी कुछ समय बिताया।

### रेगासा और चेप्टाई ने दिल्ली हाफ मैराथन जीती

**नई दिल्ली।** इथियोपिया के चाला रेगासा और कीनिया की इरिन चेप्टाई ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की दौड़ जीती। रेगासा ने पुरुष वर्ग में एक घंटे 30 सेकंड के समय लेकर दौड़ जीती, जबकि चेप्टाई ने1:06:42 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला और आखिर में फोटो फिनिश से विजेता का निर्धारण करना पड़ा। भारतीयों में स्टीपल चेज के एथलीट अविनाश साबले ने और कार्तिक कुमार ने पहले दो स्थान हासिल किए।

### मनीष, वैदेही ने फेनेस्टा ओपन का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** मनीष सुरेशकुमार और वैदेही चौधरी ने रविवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। डीएलटीए परिसर मे वैदेही और मनीष ने एकतरफा जीत दर्ज की। वैदेही ने फ्रांस में साई समहिता को 6-2 6-0 से हराया। साई समहिता के लिए यह निराशाजनक प्रदर्शन किया क्योंकि पूरे हफ्ते वह काफी अच्छी लय में थी। वैदेही ने कहा, यह मेरा पहला फेनेस्टा ओपन खिताब है और मै बेहद खुश हूं।

### युवेंटस ने टोरिनो को हराकर वापसी की

**मिलान।** ड्यूसन व्लाहोविच के गोल की मदद से युवेंटस ने टोरिनो को1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए मे वापसी की। व्लाहोविच के 74वें मिनट में यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर मे निर्णायक साबित हुआ। सेरी ए में एसी मिलान से हारने के तीन बाद युवेंटस चैंपियंस लीग में मैकाबी हाइफा से हार गया था। टोरिनो पर जीत के बाद युवेंटस अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है।

### टोटेनहैम ने एवर्टन को 2–0 से हराया

**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एवर्टन को 2-0 से हराया और इस तरह से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे 1963 के बाद पहले 10 मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल किया। टोटेनहैम के इस जीत से 23 अंक हो गए है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी की बराबरी कर ली है।

### गगनजीत ने टूर्नामेंट जीता

**चंडीगढ़।** गगनजीत भुल्लर ने अंतिम दौर मे एक अंडर 71 के स्कोर से रविवार को यहां जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भुल्लर 18वें होल तक स्थानीय खिलाड़ी करणदीप कोच्चर के बराबर चल रहे थे लेकिन वह अंतिम पट पर सबसे आगे निकल गए। उन्होंने 10 फुट से बर्डी लगाकर कुल 15 अंडर 273 के स्कोर से खिताब जीता।

### त्वेसा संयुक्त 48वें, अदिति संयुक्त 58वें स्थान पर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अंतिम दौर मे पार 72 के स्कोर के साथ यहां अरामको टीम सीरीज मे संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। त्वेसा ने अंतिम दौर में दो बर्डी की लेकिन वह एक डबल बोगी भी कर गईं जिससे उन्होने पार स्कोर बनाया।

# श्रीलंका शुरुआती मैच ही बना उलटफेर का शिकार



● टी-20 विश्वकप : नामीबिया ने 55 रन से पराजित किया

भाषा। गीलॉन्ग

**जॉन फ्राइलिंक** और जेजे स्मिट के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से नामीबिया ने टी20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण के शुरुआती मैच में रविवार को यहां श्रीलंका को 55 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। नामीबिया ने ग्रुप ए ही इस मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सात विकेट पर 163 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19 ओवर में 108 रन पर सिमट गई। नामीबिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के साथ ही श्रीलंका की सुपर-12 में जगह बनाने की उम्मीदों को भी करारा झटका दिया। श्रीलंका को अब अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इसके अलावा उसे बाकी परिणामों के भी अपने अनुकूल रहने के लिए दुआ करनी होगी। फ्राइलिंक (28 गेंदों पर 44 रन) और स्मिट (16 गेंदों पर नाबाद 31 रन) ने सातवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी करके नामीबिया को शुरुआती झटकों से उबारकर मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। फ्राइलिंक (26 रन देकर दो विकेट) और स्मिट (16 रन देकर एक विकेट) ने इसके बाद डेविड वीज (16 रन देकर दो विकेट), बर्नार्ड स्कॉल्ज (18 रन देकर दो विकेट) और बेन शिकोंगो (22 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर श्रीलंकाई पारी को धराशाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका की टीम एशिया कप जीतकर इस टूर्नामेंट में उतरी थी लेकिन उसके बल्लेबाज पूरी तरह से नाकाम रहे। श्रीलंका के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें कप्तान दासुन शनाका ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जबकि भानुका राजपक्षा ने 20 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था लेकिन ऐसा नहीं था कि उसे हासिल नहीं किया जा सकता था। नामीबिया ने हालांकि उसे शुरू में ही झटके दिए जिससे वह आखिर तक नहीं उबर पाया। पावर प्ले के तुरंत बाद ही श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 40 रन हो गया। कुसाल मेंडिस (छह), पाथुम निसांका (नौ), धनंजय डिसिल्वा (12) और धनुष्का गुणतिलक (शून्य) ने आसानी से अपने विकेट गंवाए। कप्तान शनाका और राजपक्षा ने पांचवे विकेट के लिए 34 रन जोड़कर कुछ उम्मीद जगाई लेकिन इनकी साझेदारी टूटते ही श्रीलंकाई पारी बिखरने में समय नहीं लगा। श्रीलंका ने अपने आखिरी छह विकेट 34 रन के अंदर गंवाए। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर नामीबिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नामीबिया के सलामी बल्लेबाज माइकल वान लिंगलेन (तीन) और डिवान ला कॉक (नौ) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि जॉन निकोल लॉफ्टी ईटन (20) भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके जिससे पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 35 रन हो गया। स्टीफन बार्ड (26) और कप्तान गेरहार्ड इरासमुस (20) ने चौथे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी करके स्थिति संभाली। नामीबिया ने हालांकि बीच में 17 रन के अंदर तीन विकेट गंवाए जिसके बाद जॉन फ्राइलिंक और जेजे स्मिट ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। श्रीलंका की तरफ से प्रमोद लियागामगे (37 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। नामीबिया मंगलवार को नीदरलैंड से भिड़ेगा जबकि श्रीलंका उसी दिन संयुक्त अरब अमीरात का सामना करेगा।

### नीदरलैंड ने यूएई को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया

**गीलॉन्ग।** नीदरलैंड ने निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजो की धैर्यपूर्ण पारियो से रविवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के पहले दौर के मैच मे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर तीन विकेट से जीत दर्ज की। यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी। इसके जवाब मे नीदरलैंड ने भी 14वें ओवर मे 76 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे और उस पर हार का खतरा मंडराने लगा था। स्कॉट एडवर्ड्स (नाबाद 16), टिम प्रिगल (15) और लोगान वान बीक (नाबाद 04) ने हालांकि नीदरलैंड की जीत सुनिश्चि तकी। एडवर्ड्स और वान बीक ने तेज गेंदबाज जावर फरीद के अंतिम ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन से सात विकेट पर 112 रन के साथ टीम को जीत दिलाई। पाकिस्तान मे जन्मे जुनैद सिद्दिकी (चार ओवर में 24 रन पर तीन विकेट) ने यूएई को वापसी दिलाई जब उन्होने टॉम कूपर (08) और दक्षिण अफ्रीका मे जन्मे आईपीएल के पूर्व खिलाड़ी रूलोफ वान डेर मर्व को तीन गेंद मे आउट किया। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज



क्रिस के बेटे प्रिगल और एडवर्ड्स ने पांच ओवर में 27 रन जोड़कर नीदरलैंड की टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। सातवें विकेट की साझेदारी के दौरान इन दोनो ने ही कोई बाउंड्री नही लगाई लेकिन एक और दो रन लेकर टीम को मजबूत स्थिति मे पहुंचाया। इससे पहले यूएई की टीम कभी बड़ा स्कोर खड़ा करने की स्थिति मे नही दिखी। टीम रन गति मे इजाफा नही कर पाई। मोहम्म वसीम 47 गेंद मे 41 रन के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। नीदरलैंड के गेंदबाजो के दबदबे का अंदाजा इससे लगता है कि यूएई के बल्लेबाजों ने 60 से अधिक गेंद खाली खेली। नीदरलैंड के लिए 1996 विश्व कप खेलने वाले टिम के बेटे और तेज गेंदबाज बास डि लीडे ने 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। फ्रेड क्लासेन (13 रन पर दो विकेट) और वान डेर मर्व (19 रन पर एक विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया।

### पूरन ने शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति पर कहा, युवा और अनुभव के बीच संतुलन होना चाहिए



**होबार्ट।** दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप की टीम मे कई नामी खिलाड़ी नही है लेकिन कप्तान निकोलस पूरन का मानना है स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी सफलता की गारंटी नही है। वेस्टइंडीज को इस बार खिताब का प्रबल दावेदार नही माना जा रहा है क्योंकि पिछले साल विश्व कप मे भाग लेने वाले उसके 12 खिलाड़ी वर्तमान टीम मे शामिल नही हैं। टीम को कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और लेंडल सिमंस की कमी खलेगी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण भी टीम मे नही है। मेरा मानना है कि अनुभव और युवा खिलाड़ियों के बीच संतुलन होना चाहिए। आपने देखा होगा कि हमने जब दो विश्वकप जीते थे तो हमारे पास कई नामी खिलाड़ी थे लेकिन पिछले साल भी हमारी टीम मे कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ी थे और हम क्वालीफाई भी नही कर पाए थे। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ सोमवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नही करता है बल्कि यह हमारी टीम के प्रदर्शन से जुड़ा है। पिछले साल आस्ट्रेलिया ने खिताब जीता और उसके पास तब बहुत नामी खिलाड़ी नही थे। लेकिन उसने साबित किया कि उसके पास ऐसी टीम है जो विश्व कप जीत सकती है। वेस्टइंडीज की टीम में शामिल अधिकतर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया मे खेलने का अनुभव नही है जिससे उसके लिए प्रतियोगिता चुनौतीपूर्ण बन गई है। हां यह चुनौती होगी लेकिन हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे है। वे पिछले दो सप्ताह से यहां हैं। मुझे लगता है कि खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए तैयार है।

### महिला अंडर-17 विश्व कपः भारत के सामने ब्राजील की कड़ी चुनौती

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम सोमवार को यहां फीफा अंडर-17 विश्व कप में ब्राजील की बेहद मजबूत टीम के खिलाफ खेलने उतरेगी तो मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। भारत पहले ही टूर्नामेंट के नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि मेजबान टीम का टूर्नामेंट में अंतिम मुकाबला सीखने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि विश्व फुटबॉल की दिग्गज टीम ब्राजील का स्तर कहीं बेहतर है। ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में भारत ने दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाए और उसे शुक्रवार को मोरक्को के खिलाफ 0-3 की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो गई। भारत ने पहला मैच अमेरिका के खिलाफ 0-8 से गंवाया था और टीम की लगातार दो हार के बाद मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम तकनीकी रूप से उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाई। डेनरबी चाहते हैं कि उनकी खिलाड़ी जब अपने अंतिम मैच में ब्राजील के खिलाफ उतरें तो वे आक्रमण करते हुए अधिक आत्मविश्वास दिखाएं। इस हफ्ते जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में ब्राजील की सीनियर महिला टीम नौवें स्थान पर थी।

# मुंबई की जीत में चमके शिवम दुबे



● सैयद मुश्ताक अली टी20 : टीम नॉकआउट में जगह बनाने के करीब

भाषा। राजकोट

**शिवम दुबे** के ऑलराउंड प्रदर्शन से मुंबई ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में विदर्भ को 15 रन से हराकर नॉकआउट की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे की 40 गेंद में 41 रन की पारी से आठ विकेट पर 155 रन बनाए। सरफराज खान ने भी 20 गेंद में 26 रन की पारी खेली इसके जवाब में बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (21 रन पर तीन विकेट) और दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने विदर्भ की टीम छह विकेट पर 140 रन ही बना सकी। पृथ्वी साव ने 13 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 19 रन बनाकर मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई लेकिन उमेश यादव (38 रन पर दो विकेट) ने उन्हें आउट कर दिया।

### सौराष्ट्र ने ऑलराउंड प्रदर्शन से गुजरात को हराया

**इंदौर।** सौराष्ट्र की टीम ने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में गुजरात को तीन विकेट से हरा दिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में सौराष्ट्र ने एक ओवर शेष रहते सात विकेट पर 164 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुजरात के लिए चिराग गांधी ने सिर्फ 23 गेंद में 63 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने छह चौके और चार छक्के जड़े। सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने भी 32 गेंद में छह चौकों की मदद से 40 रन बनाए। उन्होंने कप्तान प्रियांक पांचाल (16) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पांचाल आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। जयदेव उनादकट ने उन्हें कप्तान शेल्डन जैकसन के हाथों कैच कराया। युवराज चुडासामा सौराष्ट्र के सबसे प्रभावित करने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। उनादकट ने भी 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में तरंग गोहेल ने 11 गेंद में 19 रन के साथ सौराष्ट्र को तेज शुरुआत दिलाई।

### शाहबाज के हरफनमौला खेल से बंगाल जीता

**लखनऊ।** भारतीय टीम के लिए हाल ही में पदार्पण करने वाले शाहबाज अहमद के हरफनमौला खेल से बंगाल ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप ई के मैच में रविवार को तमिलनाडु पर 43 रन की प्रभावशाली जीत दर्ज की। बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के इस खिलाड़ी ने 27 गेंद में 42 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम के स्कोर को छह विकेट पर 164 रन तक पहुंचाने मे अहम योगदान दिया। उन्होंने गेंदबाजी मे भी कमाल करते हुए चार ओवर मे सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे तमिलनाडु की टीम नौ विकेट पर 121 रन ही बना सकी।

### कावेरप्पा के पांच विकेट से कर्नाटक ने जम्मू कश्मीर को हराया

**मुल्लांपुर।** तेज गेंदबाज विधावत कावेरप्पा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे कर्नाटक ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में रविवार को यहां जम्मू कश्मीर को 34 रन से हराया। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक को 20 ओवर मे सात विकेट पर 147 रन पर रोक दिया लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 18.2 ओवर में 113 रन पर आउट हो गई।

### धुल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने पुडुचेरी को हराया

**जयपुर।** युवा बल्लेबाज यश ढुल की 46 गेंद में 71 रन की नाबाद पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां पुडुचेरी को सात विकेट से शिकस्त दी। पुडुचेरी ने परमेश्वरन शिवारमन की 30 गेंद मे 43 रन और मारीमुथु विग्नेश्वरण की 21 गेंद में 39 रन की पारी के दम पर आठ विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली ने 19.2 ओवर मे तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### रुद्रांक्ष, अर्जुन, किरण ने भारत को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पांचवां स्वर्ण दिलाया



**काहिरा।** रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल, किरण अंकुश जाधव और अर्जुन बबूता की भारत की तिकड़ी ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के खिताबी मुकाबले मे रविवार को यहां चीन को 16-10 से हराकर आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत को पांचवां पदक दिलाया। रुद्रांक्ष का सीनियर स्तर पर पहली ही विश्व चैंपियनशिप मे यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इसे पहले उन्होंने 10 मीटर राइफल में व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता था। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने भी स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बना ली है जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया है। यैग हाओरान (दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन), लिहाओ शेंग (तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता) और सोंग बुहान (विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता) की चीन की तोड़ी के खिलाफ फाइनल मे भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए 14-2 की बढ़त बनाई। चीन की टीम ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए अगली चार सीरीज जीतकर स्कोर 10-14 कर दिया लेकिन भारतीय निशानेबाजो ने इसके बाद धैर्य बरकरार रखते हुए अगली सीरीज जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शनिवार को भी दोनो टीम ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन बाजी चीन की टीम ने मारी थी। चीन की टीम 28 टीम के क्वालीफिकेशन दौर एक और फिर आठ टीम के दूसरे दौर मे भी भारत को पछाड़ने मे सफल रही। चीन ने पहले दौर में भारत को 0.4 अंक जबकि दूसरे दौर मे 0.9 अंक से पछाड़ा। भारतीय निशानेबाजो ने हालांकि पुरुष एयर राइफल में अंततः दबदबा बनाया और व्यक्तिगत तथा टीम खिताब जीते।

### भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी ने कार्लसन को हराया

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने रविवार को एमचेस रैपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण के सातवे दौर मे विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को हराकर उलटफेर किया। उन्नीस वर्षीय एरिगैसी प्रतियोगिता के पहले दौर मे हमवतन विदित गुजराती से हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और आठ दौर के बाद वह पांचवे स्थान पर है। एरिगैसी ने रविवार की सुबह सातवें दौर में कार्लसन को हराया। यह नार्वे के सुपरस्टार के खिलाफ उनकी पहली जीत है। एरिगैसी ने निल्स ग्रैंडेलियस (स्वीडन), डेनियल नरोदित्स्की (अमेरिका) और कार्लसन को हराकर लगातार तीन बाजियां जीती। उन्होंने आठवें दौर मे यान क्रिज्स्तोफ डूडा (पोलैंड) से बाजी ड्रॉ खेली। इस भारतीय खिलाड़ी के 15 अंक है और वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव (17 अंक), शखरियार मामेदयारोव (अजरबैजान) और कार्लसन (दोनो 16) और डूडा (15) के बाद पांचवें स्थान पर है। एरिगैसी पिछले महीने जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में कार्लसन से हार गए थे। एक अन्य भारतीय डी गुकेश 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है।